आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
22.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.44
सूर्यास्त 06.39

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| हल्द्वानी |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष अमावस्या 05:21 उपरांत प्रतिपदा विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 51, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# महिला आरक्षण: विरोध किया तो चुकाएंगे कीमत

## प्रधानमंत्री मोदी ने संविधान (131वां) संशोधन, परिसीमन और संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 पर रखे विचार | बोले- इस विषय को राजनीति के तराजू से नहीं तौलना चाहिए और इसका श्रेय वह विपक्षी दलों को भी देने को तैयार

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में परिसीमन के अनुपात में कोई बदलाव नहीं होने का आश्वासन देते हुए गुरुवार को लोकसभा में सभी राजनीतिक दलों से महिला आरक्षण अधिनियम संबंधी संविधान संशोधन विधेयक को सर्वसम्मति से पारित करने की अपील की और कहा कि जो भी इसका विरोध करेंगे, उन्हें लंबे समय तक इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। मोदी ने महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026, परिसीमन विधेयक, 2026 व संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026 पर अपने विचार रखते हुए यह भी कहा कि इस विषय को राजनीति के तराजू से नहीं तौलना चाहिए और इसका श्रेय वह विपक्षी दलों को भी देने को तैयार हैं।

उन्होंने कहा, हमारे देश में जबसे महिला आरक्षण को लेकर चर्चा शुरू हुई है और जब-जब चुनाव आया है, जिस दल ने महिलाओं को मिलने वाले इस अधिकार का विरोध किया है, देश की महिलाओं ने उन्हें माफ नहीं किया। मोदी ने कहा, 2024 के चुनाव में ऐसा नहीं हुआ क्योंकि सब ने (2023 में) सहमति से इसे (महिला आरक्षण विधेयक) पारित किया था। किसी का राजनीतिक फायदा नहीं हुआ, किसी का नुकसान नहीं हुआ। अगर हम सब साथ में रहेंगे तो इतिहास गवाह है कि यह किसी के राजनीतिक पक्ष में नहीं जाएगा, देश के लोकतंत्र और सामूहिक निर्णय के पक्ष में जाएगा। जिन्हें इसमें राजनीति की बू आ रही है। वे खुद के 30 साल के परिणामों को देख लें। उनका इसमें ही फायदा है। नुकसान से बच जाएंगे। राजनीतिक रंग देने की जरूरत नहीं। जो विरोध करेंगे उन्हें लंबे समय तक इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने महिला आरक्षण व परिसीमन के लिए विधेयक एक साथ लाने पर और कुछ राज्यों के साथ भेदभाव होने संबंधी कुछ विपक्षी सदस्यों की आशंकाओं को खारिज करते हुए कहा, संविधान ने हमें यहां बैठकर देश को टुकड़ों में सोचने का अधिकार ही नहीं दिया है। न टुकड़ों में सोच सकते हैं, ना टुकड़ों में निर्णय ले सकते हैं। निराधार बात है, इसमें रत्ती भर सचाई नहीं है। केवल राजनीतिक लाभ लेने के लिए बवंडर खड़ा किया जा रहा है। मैं बड़ी जिम्मेदारी से आज सदन में कहना चाहता हूं कि दक्षिण हो, उत्तर हो, पूरब हो पश्विम हो, छोटे या बड़े राज्य हों निर्णय प्रकिया किसी के साथ भेदभाव नहीं करेगी।



- संसद में महिला सशक्तीकरण की दिशा में देश ऐतिहासिक कदम उठाने के लिए पूरी तरह तैयार : मोदी
- कांग्रेस ने कहा- सरकार महिला आरक्षण रोकने के लिए परिसीमन बिल लाई

### परिसीमन अनुपात पर गारंटी शब्द चाहिए तो मैं गारंटी देता हूं

मोदी ने कहा, अतीत में जो सरकारें रहीं, जिनके कालखंड में परिसीमन हुआ और जो अनुपात उस समय से चला आ रहा है, उसमें कोई बदलाव नहीं होगा और वृद्धि भी उसी अनुपात में होगी। जब तमिलनाडु की एक सांसद ने गारंटी देने की बात कही तो मोदी ने कहा, अगर गारंटी शब्द चाहिए तो मैं गारंटी देता हूं, वादा शब्द चाहें ते इसका इस्तेमाल करता हूं। तमिल में कोई अच्छा शब्द हो तो उसका इस्तेमाल करता हूं। नीयत साफ है तो शब्दों का खेल करने की कोई जरूरत नहीं है। जब 25-30 साल पहले महिला आरक्षण का विचार आया था तभी इसे लागू कर दिया जाना चाहिए था। हम सब भाग्यवान हैं कि हमें आधी आबादी को इस राष्ट्र निर्माण की नीति निर्धारण प्रक्रिया में हिस्सा बनाने का सौभाग्य मिला है।

### कोई भी अहंकार में न रहे कि हम नारी शक्ति को कुछ दे रहे हैं

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हम सभी को इस अहंकार में नहीं रहना चाहिए कि हम नारी शक्ति को कुछ दे रहे हैं। यह उसका अधिकार है। उन्होंने कुछ विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए कहा कि समय-समय पर सभी ने 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का समर्थन तो किया लेकिन किसी न किसी बहाने से इसे रोकने का प्रयास करते रहे। उन्होंने कहा तरह-तरह की बहानेबाजी और चीजों को उलझाना अब नहीं चलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, यहां कुछ लोगों को लगता है कि इसमें मोदी का राजनीतिक स्वार्थ है। अगर आप इसका विरोध करेंगे तो स्वाभाविक है कि मुझे इसका राजनीतिक लाभ होगा। लेकिन साथ चलेंगे तो किसी को इसका लाभ नहीं होगा।

### प्रधानमंत्री बोले- मुझे श्रेय नहीं चाहिए पारित होते ही मैं विज्ञापन देकर सबका धन्यवाद देकर, सबकी तस्वीर छपवाने को तैयार हूं

उन्होंने विपक्षी दलों से कहा, हमें इसका श्रेय नहीं चाहिए। जैसे ही यह पारित हो जाए तो मैं विज्ञापन देकर सबका धन्यवाद देकर, सबकी तस्वीर छपवाने को तैयार हूं। सामने से श्रेय का ब्लैंक चैक आपको दे रहा हूं। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत में कहा, राष्ट्र जीवन में कुछ महत्वपूर्ण पल आते हैं और उस समय की समाज की मनस्थिति और नेतृत्व की क्षमता उस पल को कैद करके एक राष्ट्र की अमानत बना देते हैं, एक मजबूत धरोहर तैयार कर देते हैं। मैं समझता हूं कि भारत के संसदीय लोकतंत्र के इतिहास में यह वैसा ही पल है। उन्होंने कहा, हम सभी सांसद इस महत्वपूर्ण अवसर को जाने न दें। मुझे विश्वास है कि इस मंथन से जो अमृत निकलेगा, वो देश की राजनीति के रूप-स्वरूप को तो तय करेगा ही, देश की दशा और दिशा भी तय करने वाला है।

# नए परिसीमन पर शाह बोले- दक्षिणी राज्यों का प्रतिनिधित्व कम नहीं होगा, बल्कि बढ़ेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृह मंत्री ने कहा- 2029 के लोस चुनाव से पहले सभी चुनाव मौजूदा व्यवस्था के तहत ही होंगे



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नए परिसीमन के बाद दक्षिणी राज्यों का संसद में प्रतिनिधित्व कम होने की आशंकाओं को खारिज करते हुए गुरुवार को कहा कि उनकी हिस्सेदारी कम नहीं होगी, बल्कि बढ़ेगी और 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले सभी चुनाव मौजूदा व्यवस्था के तहत ही होंगे। महिला आरक्षण अधिनियम से संबंधित विधेयक, 2026 पर चर्चा में कुछ विपक्षी सदस्यों की विभिन्न आशंकाओं और आपत्तियों को खारिज करते हुए शाह ने ये बातें कहीं।

उन्होंने कहा कि वह विधेयकों पर चर्चा का जवाब शुक्रवार को विस्तार से देंगे, लेकिन कुछ भ्रांतियों को अभी दूर करना चाहते हैं। शाह ने कहा कि ऐसी धारणा पैदा की जा रही है कि इन तीनों विधेयकों के पारित होने से दक्षिण राज्यों की संख्या लोकसभा में बहुत कम हो जाएगी और उन्हें बड़ा नुकसान होगा। उन्होंने इसे खारिज करते हुए कहा कि कर्नाटक में अभी 28 लोकसभा सीट हैं जो कुल 543 सीट का 5.15 प्रतिशत हैं, लेकिन ये विधेयक पारित होने के बाद कर्नाटक के सदस्यों की संख्या 42 हो जाएगी जो कुल 816 सीटों का 5.14 प्रतिशत होगी। शाह ने कहा कि आंध्र प्रदेश में अभी 25 लोकसभा सीट हैं और उसका प्रतिनिधित्व 4.6 प्रतिशत है जो परिसीमन के बाद 38 (4.65 प्रतिशत) हो जाएंगी।

उन्होंने कहा कि तेलंगाना में मौजूदा सीट की संख्या 17 (3.13 प्रतिशत) है, जो बाद में 26 (3.18 प्रतिशत) हो जाएंगी। शाह ने कहा, मैं तमिलनाडु की जनता को आश्वस्त करना चहता हूं कि उनके प्रतिनिधित्व में भी कोई कमी नहीं आएगी और राज्य को कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि अभी राज्य के 39 सदस्य (7.18 प्रतिशत) हैं जो परिसीमन के बाद 59 (7.23 प्रतिशत) हो जाएंगे।

## ब्रीफ न्यूज

### गूगल ने बीते वर्ष भारत में 48.3 करोड़ से अधिक विज्ञापनों को हटाया

**नई दिल्ली।** दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल ने अपने एआई मंच जैमिनी की मदद से वर्ष 2025 में भारत में नीति का उल्लंघन करने वाले 48.37 करोड़ विज्ञापनों को हटाया है। साथ ही 17 लाख विज्ञापनदाता खातों को निलंबित किया गया। गूगल ने गुरुवार को जारी 2025 विज्ञापन सुरक्षा रिपोर्ट में बताया कि उसने पिछले साल वैश्विक स्तर पर 8.3 अरब से अधिक विज्ञापनों को हटाया और 2.49 करोड़ विज्ञापनदाता खातों को निलंबित किया। कंपनी ने कहा कि उसके जैमिनी एआई मॉडल के एकीकरण ने तत्काल गलत तत्वों का पता लगाने और उन्हें रोकने की उसकी क्षमता में बहुत अधिक सुधार किया है।

### प्रधानमंत्री मोदी और मैक्रों ने होर्मुज में नौवहन की स्वतंत्रता पर बात की

**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान में शांति वार्ता के विफल होने के बाद होर्मुज को समुद्री जहाजों के लिए खोले जाने के लिए अलग-अलग स्तर पर किए जा रहे प्रयास के बीच फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ पश्चिम एशिया की स्थिति पर बातचीत की। मोदी ने मैक्रों के साथ बातचीत के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति मैक्रों का फोन आया। हमने प. एशिया पर चर्चा की और होर्मुज में सुरक्षा तथा नौवहन की स्वतंत्रता को शीघ्र बहाल करने की आवश्यकता पर सहमति व्यक्त की।

# गाजियाबाद में आग से 300 झुग्गियां जलीं, सिलेंडर फटे

गाजियाबाद, एजेंसी

गाजियाबाद जिले के एक गांव में गुरुवार दोपहर भीषण आग लगने से 300 से अधिक झुग्गियां जलकर खाक हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के कनवानी गांव में उस जगह पर भीषण आग लगने की सूचना मिली, जहां कबाड़ के निस्तारण और पुनर्चक्रण का काम होता है। आग लगने के तुरंत बाद झुग्गियों में रखे रसोई गैस सिलिंडर एक-एक करके फटने लगे। इन धमाकों की आवाज से पूरा क्षेत्र दहल उठा और लोगों में दहशत फैल गई।

जिलाधिकारी रवींद्र कुमार मंदार के मुताबिक, झुग्गियों के जलने से कई परिवार बेघर हो गए हैं। दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पा लिया है, लेकिन पूरे इलाके में धुएं का गुबार है। मंदार के अनुसार, घटना में किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बात की पुष्टि करने के लिए इलाके में सर्वेक्षण कराया जा रहा है कि कोई व्यक्ति लापता तो नहीं है। चिकित्सकों की एक टीम मौके पर है और आसपास के अस्पतालों को भी अलर्ट कर दिया गया है। आग लगने की वजह अभी स्पष्ट नहीं है, हालांकि अधिकारियों को संदेह है कि अवैध बिजली कनेक्शन में शॉर्ट सर्किट या गैस सिलेंडर से रिसाव के कारण चिंगारी भड़की होगी। अधिकारियों के मुताबिक, प्रभावित परिवारों को अस्थायी आश्रयों में ले जाया गया है और उन्हें राहत सामग्री उपलब्ध कराने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस के अनुसार, मौके पर शीतलन प्रक्रिया पूरी होने के बाद घटना की गहन जांच शुरू की जाएगी। कनवानी गांव में लगी आग के दौरान बड़ी संख्या में निवासी अपने काम पर गए हुए थे। इस दौरान कई परिवारों के छोटे बच्चे झुग्गियों में ही मौजूद थे।



- कनवानी गांव में भीषण आग के कारण आसपास की कई इमारतें खाली कराई गईं

### लखनऊ की झुग्गी बस्ती में आग लगने से दो बच्चों की मौत

**लखनऊ।** यहां के विकास नगर स्थित एक झुग्गी बस्ती में बुधवार को लगी भीषण आग में दो बच्चों की मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त (पूर्व) दीक्षा शर्मा ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों बच्चों (जिनकी उम्र लगभग दो साल थी) के शव बुधवार देर रात एक बड़े तलाशी अभियान के बाद बरामद किये गये। उन्होंने बताया, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### अकासा-स्पाइसजेट विमानों के पंख टकराए

**नई दिल्ली।** दिल्ली हवाई अड्डे पर गुरुवार दोपहर अकासा एयर और स्पाइसजेट के विमानों के पंखों के टकराने से दोनों विमानों को नुकसान पहुंचा। डीजीसीए ने घटना की जांच शुरू कर दी है। दोनों बोइंग 737 को हवाई अड्डे पर ही रोक दिया गया है। डीजीसीए ने कहा कि जांच लंबित रहने तक एक वायु यातायात नियंत्रक और स्पाइसजेट के पायलटों को ड्यूटी से हटा दिया गया है। घटना अपराह्न 2.15 बजे हवाई अड्डे के टर्मिनल एक पर हुई जब अकासा एयर का विमान टैक्सीवे पर उड़ान भरने के लिए निकलने वाला था और स्पाइसजेट का विमान पार्किंग स्टैंड की तरफ जा रहा था।

# उत्तराखंड के मदरसों में गैर राज्यों के बच्चे

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** उत्तराखंड शासन के संज्ञान में गुरुवार को सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो आया है, जिसमें यह संकेत मिल रहा है कि बाहरी राज्यों के बच्चों को राज्य के मदरसों में लाया जा रहा है। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए शासन ने आवश्यक जांच के निर्देश जारी किए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि बच्चों की सुरक्षा, पारदर्शिता एवं नियमों का पालन सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। राज्य सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के विशेष सचिव, डॉ. पराग मधुकर धकाते द्वारा देहरादून, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर एवं नैनीताल के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने जनपदों में व्यापक वेरिफिकेशन ड्राइव संचालित कर वास्तविक स्थिति से शासन को अवगत कराएं। शासन ने स्पष्ट किया है कि बच्चों के आगमन के स्रोत, उनके अभिभावकों की सहमति तथा उन्हें लाने वाले व्यक्तियों के संबंध में गहन जांच की जाएगी। इस उद्देश्य से प्रदेश के सभी मदरसों में सघन निरीक्षण एवं सत्यापन अभियान चलाया जाएगा तथा विस्तृत जांच रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाएगी। प्रदेश में वर्तमान में 452 पंजीकृत मदरसे संचालित हैं।

- वीडियो हुआ वायरल, मुख्यमंत्री के निर्देश पर चार जिलों में जांच शुरू

### 1 जुलाई से खत्म हो रहा मदरसा बोर्ड

बता दें कि मुख्यमंत्री धामी द्वारा वर्ष 2025 में उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा अधिनियम लागू किया गया है। इस अधिनियम के तहत 1 जुलाई 2026 से प्रदेश में मदरसा बोर्ड का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। इसके बाद राज्य के सभी मदरसों को उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा बोर्ड से संबद्धता प्राप्त करनी होगी तथा नई व्यवस्था के अंतर्गत उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण से मान्यता लेना अनिवार्य होगा।

# अमेरिका ने ईरान से निकल रहे 13 जहाजों को वापस लौटाया

**वाशिंगटन/बेरूत।** अमेरिका ने ईरान को चेतावनी दी है कि अगर उसने पीस डील नहीं मानी, तो फिर से जंग शुरू हो सकती है। वहीं उसने होर्मुज से 13 जहाजों को वापस लौटा दिया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि ईरान के पास समझौता करने का मौका है, लेकिन अगर उसने इसे ठुकराया तो अमेरिका दोबारा सैन्य कार्रवाई शुरू करेगा।

उन्होंने बताया कि अमेरिकी फोर्सेस पूरी तरह तैयार हैं और किसी भी समय कॉम्बैट ऑपरेशन शुरू कर सकती हैं। अमेरिकी सेना राष्ट्रपति के आदेश का इंतजार कर रही है और निर्देश मिलते ही कार्रवाई शुरू की जा सकती है। हेगसेथ ने कहा है कि अमेरिका ईरान पर नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखेगा। यह कार्रवाई तब तक जारी रहेगी, जब तक अमेरिका अपने रणनीतिक लक्ष्य हासिल नहीं कर लेता। वहीं अमेरिकी जनरल डैन केन ने बताया कि अब तक 13 जहाज नाकाबंदी के चलते वापस लौट चुके हैं।

- अमेरिकी रक्षा मंत्री बोले-ईरान ने डील नहीं मानी तो फिर जंग होगी
- लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ ने नेतन्याहू से बातचीत करने से किया इनकार

# बाघ के शावक को मार डाला

**हल्द्वानी।** फतेहपुर वन रेंज के अंतर्गत पनियाली गांव से सटे जंगल में गुरुवार सुबह बाघ के शावक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शावक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए है।

अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। रामनगर वन डिविजन के डीएफओ ध्रुव सिंह मार्तोलिया ने बताया कि प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि शावक को किसी अन्य शिकारी जानवर ने मार दिया हो। कहा कि आसपास के ग्रामीणों को सतर्क कर दिया है। आशंका है कि क्षेत्र में बाघिन मौजूद हो सकती है, जो शावक के मारे जाने के बाद आक्रामक हो सकती है। बता दें कि, कुमाऊं क्षेत्र के तराई पश्चिमी इलाके से एक के बाद एक सामने आ रहे मामलों ने वन विभाग की चिंता बढ़ा दी है।

चार दिन में एक बाघ की मौत हो चुकी है जबकि तीन बाघों को रेस्क्यू किया जा चुका है। वहीं, हीट स्ट्रोक और डिहाइड्रेशन से पस्त एक बाघिन जिंदगी की जंग लड़ रही है।

- फतेहपुर वन रेंज के पनियाली गांव की घटना, शरीर पर थे चोट के निशान

# अनिल अंबानी की याचिकाएं खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

- अंबानी ने बंबई उच्च न्यायालय के आदेश को दी थी चुनौती



सुप्रीम कोर्ट ने उद्योगपति अनिल अंबानी की बंबई हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिकाओं को गुरुवार को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने तीन बैंकों द्वारा उनके और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खातों को फर्जी घोषित करने के लिए शुरू की गई कार्यवाही को जारी रखने की अनुमति दी थी।

प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने साथ ही अंबानी को बैंकों के कारण बताओ नोटिस के खिलाफ उच्च न्यायालय की एकल पीठ के समक्ष अपनी याचिका जारी रखने की अनुमति दी। पीठ ने एकल पीठ से अनुरोध किया कि वह इन बैंक द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस के खिलाफ अंबानी की याचिका पर शीघ्र निर्णय करे। उच्चतम न्यायालय ने यह आदेश अंबानी द्वारा दायर तीन अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान दिया, जिनमें उन्होंने उच्च न्यायालय की खंडपीठ के 23 फरवरी के आदेश को चुनौती दी थी। खंडपीठ ने एकल पीठ के उस अंतरिम आदेश को रद्द कर दिया था जिसमें उनके और रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड के खिलाफ खातों को फर्जी घोषित करने की कार्यवाही पर रोक लगाई गई थी। इसके साथ ही खंडपीठ ने तीन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और ऑडिट कंपनी बीडीओ इंडिया एलएलपी द्वारा दिसंबर 2025 में एकल पीठ के अंतरिम आदेश के खिलाफ दायर अपीलों को स्वीकार कर लिया था। एकल पीठ के आदेश में इंडियन ओवरसीज बैंक, आईडीबीआई बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा की जा रही वर्तमान और भविष्य की सभी कार्रवाइयों पर रोक लगाई गई थी।

अदालत ने कहा था कि यह कार्रवाई कानूनी रूप से त्रुटिपूर्ण फॉरेंसिक ऑडिट पर आधारित है और भारतीय रिजर्व बैंक के अनिवार्य दिशानिर्देशों का उल्लंघन करती है। अंबानी ने एकल पीठ के समक्ष इंडियन ओवरसीज बैंक, आईडीबीआई बैंक और बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा जारी कारण बताओ नोटिस को चुनौती दी थी।

**तैयारी** | चारधाम यात्रा के मद्देनजर ग्राउंड जीरो पर उतरे मुख्यमंत्री, रुद्रप्रयाग से गुप्तकाशी तक सड़क मार्ग से किया यात्रा मार्ग का निरीक्षण

# ग्रीन-क्लीन, प्लास्टिक मुक्त रहेगी केदारनाथ यात्रा : धामी

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** आस्था और श्रद्धा के महान पर्व के रूप में प्रतिष्ठित श्री केदारनाथ धाम के कपाट वर्ष 2026 की यात्रा हेतु 22 अप्रैल को विधि-विधान एवं सनातन परंपराओं के अनुरूप श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इस अवसर पर सरकार द्वारा यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुगम बनाने के लिए व्यापक तैयारी जारी हैं।

गुरुवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने जनपद रुद्रप्रयाग में ग्राउंड जीरो पर यात्रा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के मद्देनजर राष्ट्रीय राजमार्ग-107 पर रुद्रप्रयाग से गुप्तकाशी तक कार द्वारा निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जवाड़ी बाईपास, निर्माणाधीन सुरंग, तिलवाड़ा में हटाए गए अतिक्रमण, बांसवाड़ा, कुंड-काकड़ागाड़ जैसे भूस्खलन संभावित संवेदनशील क्षेत्रों का जायजा लिया। सीएम ने सड़क के पैचवर्क, झाड़ी कटान, साइनेज, क्रैश बैरियर, सुरक्षा उपायों एवं सौंदर्यीकरण कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



रुद्रप्रयाग में निरीक्षण करते मुख्यमंत्री धामी।

### अतिरिक्त गैस आपूर्ति की मांग

गैस आपूर्ति के विषय में मुख्यमंत्री ने बताया कि वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद केंद्र सरकार से अतिरिक्त गैस आपूर्ति की मांग की गई है, जिससे यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को यात्रा से जोड़ते हुए ''वोकल फॉर लोकल'' के तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने और महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिए।

### हेली सेवा में सुरक्षा प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि, हेली सेवाओं में पहले से ही सख्त एसओपी बनाने के निर्देश दिए जा चुके हैं। यूकाडा, डीजीसीए, भारत सरकार, सभी मिलकर उच्च हिमालयी क्षेत्र में अच्छे पायलट लगाए जाएं जिनको यहां का अनुभव हो। सुरक्षा के साथ कोई खिलवाड़ नहीं किया जाएगा। हेली सेवाएं यहां पर केवल व्यापार के लिए नहीं चलेंगी बल्कि लोगों की सुविधा और उनके जीवन की सुरक्षा हमारे लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

### मानवीय, धार्मिक पहलुओं का रखें विशेष ध्यान

मुख्यमंत्री ने गुप्तकाशी में चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर जनपदीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में अधिकारियों को श्रद्धालुओं के साथ सौम्य व्यवहार रखने के निर्देश दिए। साथ ही हेलीपैड पर यात्री शेड, लैंडस्लाइड प्रभावित क्षेत्रों के समीप पुलिस चौकियों में आवश्यक सुविधाएं जैसे दवाइयां, पेयजल एवं फूड पैकेट उपलब्ध रखने के निर्देश दिए, ताकि आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान की जा सके। मुख्यमंत्री ने यात्रा को प्लास्टिक मुक्त बनाने पर विशेष जोर देते हुए 'ग्रीन यात्रा' के उद्देश्य को प्राथमिकता देने की बात कही।

**स्टेट ब्रीफ**

### पूर्व सैनिकों ने ली भाजपा की सदस्यता

**देहरादून :** सीमांत क्षेत्र पिथौरागढ़ के धारचूला से आए अनेक पूर्व सैनिकों ने गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी ने एक स्वर में स्वीकारा कि सैनिक के नाते वे हमेशा से राष्ट्रवादी विचारों के साथ रहे हैं और नई भूमिका में अब औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल कर रहे हैं। स्वामी 1008 वीरेन्द्रानंद के नेतृत्व में आए इन पूर्व सैनिकों को प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल और दीप्ति रावत ने पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### एडीजी ने परखी यात्रा की तैयारियां



**देहरादून :** आगामी चारधाम यात्रा-2026 को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन ए.पी. अंशुमान ने गुरुवार को अपने चमोली भ्रमण के दूसरे दिन ज्योतिर्मठ से माणा तक यात्रा व्यवस्थाओं एवं सुरक्षा प्रबंधों का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही स्थानीय व्यापार मंडल और संबंधित हितधारकों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर व्यावहारिक समाधानों पर जोर दिया।

# पारंपरिक पर्वतीय वास्तुकला के अनुरूप बनेंगे लोक भवन के भवन

## लोक भवन में राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किया बहुउद्देशीय भवनों का शिलान्यास

प्रमुख संवाददाता, देहरादून




लोकभवन में बहुउद्देशीय भवनों के शिलान्यास मौके पर राज्यपाल गुरमीत सिंह व सीएम पुष्कर सिंह धामी।

**अमृत विचार:** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को लोक भवन परिसर में बहुउद्देशीय भवनों का शिलान्यास किया। लोक भवन परिसर में निर्मित होने वाले इन भवनों में विभिन्न आवश्यक सुविधाओं का समावेश किया जाएगा। प्रथम भवन में निर्मित समेकित डिस्पेंसरी में आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक एवं एलोपैथिक चिकित्सा कक्ष शामिल होंगे। दूसरे भवन में सूचना परिसर एवं कैफेटेरिया, तृतीय में लोक निर्माण विभाग कार्यालय एवं चतुर्थ भवन में उद्यान विभाग कार्यालय का निर्माण होगा। इन भवनों का निर्माण पारंपरिक पहाड़ी वास्तुकला के अनुरूप किया जाएगा, जिससे स्थानीय सांस्कृतिक पहचान को भी सुदृढ़ किया जा सके।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इन नवीन भवनों के निर्माण से लोक भवन परिसर में विभिन्न सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हो सकेंगी, जिससे कार्यप्रणाली अधिक सुव्यवस्थित एवं प्रभावी बनेगी। इससे न केवल कर्मचारियों को सुविधा मिलेगी, बल्कि आमजन को भी बेहतर एवं त्वरित सेवाएं प्राप्त होंगी। समेकित सुविधाओं के माध्यम से समय एवं संसाधनों की बचत होगी तथा कार्यों में दक्षता आएगी। कहा कि इस परियोजना में आधुनिक तकनीक के साथ-साथ प्रदेश की सांस्कृतिक एवं पारंपरिक विरासत का समन्वय किया गया है, जो इसे विशिष्ट बनाता है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह बहुउद्देशीय भवन लोक सेवा की भावना को और अधिक सशक्त करेगा तथा प्रशासनिक कार्यों के कुशल एवं प्रभावी निष्पादन में सहायक सिद्ध होगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि लोक भवन परिसर में विकसित की जा रही यह बहुउद्देशीय अवसंरचना सुशासन एवं सेवा प्रदान करने की व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। एक ही परिसर में विभिन्न विभागों एवं सुविधाओं के उपलब्ध होने से प्रशासनिक समन्वय बेहतर होगा तथा नागरिकों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्राप्त होंगी। इन भवनों का निर्माण पारंपरिक पहाड़ी वास्तुकला के अनुरूप करने से न केवल प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह स्थानीय संसाधनों एवं कारीगरों को भी प्रोत्साहन देगा।

इस अवसर पर सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी केके शुक्ल, उप सचिव लक्ष्मण राम आर्य, संयुक्त निदेशक सूचना डॉ. नितिन उपाध्याय, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी नीरज त्रिपाठी, सहायक अभियंता दिवाकर धस्माना, अपर सहायक अभियंता अमित सेमवाल मौजूद रहे।



चारधाम यात्रा की तैयारियों की समीक्षा करते राज्यपाल गुरमीत सिंह।

# चारधाम यात्रा को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाएं: राज्यपाल

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** राज्यपाल गुरमीत सिंह ने गुरुवार को लोकभवन में उत्तराखंड चारधाम यात्रा 2026 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की।

राज्यपाल ने कहा कि चारधाम यात्रा केवल प्रशासनिक दायित्व नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक उत्तरदायित्व है, जिसे पूर्ण समर्पण और संवेदनशीलता के साथ संपादित किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने साइबर अपराधों, विशेष रूप से फर्जी हेलीकॉप्टर बुकिंग, ओवर रेटिंग और होटल बुकिंग धोखाधड़ी आदि के मामलों पर ऐसे लोगों पर निगरानी एवं उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश देते कहा कि आवश्यक सेवाओं की कीमतों में अनुचित वृद्धि करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक एवं नकारात्मक सूचनाओं पर नियंत्रण हेतु प्रभावी तंत्र विकसित करने के निर्देश दिए। राज्यपाल ने नवाचार और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यात्रा प्रबंधन में नए उपायों को अपनाया जाए। चारधाम यात्रा से स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का अवसर मिलता है, जिससे स्वयं सहायता समूह, होमस्टे संचालक एवं स्थानीय उद्यमी लाभान्वित होते हैं, जिसका विशेष ध्यान रखा जाय।

राज्यपाल ने कहा कि यात्रा को सहज, सुगम एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय अत्यंत आवश्यक है। सभी संभावित आकस्मिक परिस्थितियों के लिए पूर्व तैयारी और वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने यात्रा के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल देते हुए कहा कि 'गोल्डन ऑवर' के भीतर त्वरित उपचार और रेस्क्यू व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

विशेष रूप से 60 वर्ष से अधिक आयु के यात्रियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं निगरानी पर जोर देते हुए उन्होंने हृदय संबंधी समस्याओं के प्रति सतर्क रहने के निर्देश दिए। कहा कि जिला प्रशासन इस पूरी व्यवस्था की धुरी है और डीएम व एसएसपी को सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करना चाहिए। उन्होंने जिलाधिकारियों से कहा कि पूर्व सैनिक, रेडक्रॉस, एनसीसी और एनएसएस जैसे संगठनों की सक्रिय भागीदारी के प्रयास किए जाए।

# बौना, तीलू रौतेली पेंशन व दिव्यांग अनुदान में की जाएगी वृद्धि: दास

संवाददाता, देहरादून

- **समाज कल्याण मंत्री ने प्रस्ताव बनाने के दिए निर्देश**

**अमृत विचार:** समाज कल्याण मंत्री खजान दास ने गुरुवार को विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में बौना तथा तीलू रौतेली पेंशन को 1200 रुपए से बढ़ाकर 1500 रुपए करने तथा दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान को 700 रुपए से बढ़ाकर 1000 रुपए करने के लिए जरूरी प्रस्ताव तैयार करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

मंत्री दास ने समाज कल्याण विभाग के अंतर्गत चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि पेंशन योजनाओं के तहत विधवा एवं दिव्यांग पेंशन 1500 रुपए से 25 प्रतिशत बढ़ाकर 1875 रुपए कर दी गई है। उन्होंने पेंशन एवं अन्य कल्याणकारी योजनाओं में आय सीमा 4000 रुपए से बढ़ाकर 6000 रुपए करने का प्रस्ताव भी तैयार करने के निर्देश दिए। अंतर्जातीय विवाह के लिए सामान्य जाति की विधवा एवं एससी-एसटी परिवारों को दिए जाने वाली शासकीय सहायता की समय सीमा वित्तीय वर्ष न रखते हुए 365 दिन (डेट टू डेट) की अवधि करने के भी निर्देश दिए। मंत्री ने छात्रवृत्ति योजनाओं से संबंधित सत्यापन के तरीके को सुदृढ़ बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि छात्रवृत्ति योजनाओं में किसी भी तरह की त्रुटि बर्दाशत नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि राजकीय औद्योगिक आस्थानों में नये ट्रेड शुरू किए जाएं तथा अनुभवी शिक्षकों, प्रशिक्षकों की नियुक्ति की जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के अंतर्गत संचालित आदर्श ग्राम योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इस तरह की योजनाओं को विभाग द्वारा बढ़ावा देना चाहिए जिससे जनकल्याण का प्रयास पूर्ण हो सके।

### टेंडर मामले में 23 अप्रैल को होगी सुनवाई

**नैनीताल :** हाईकोर्ट ने नगर पालिका किच्छा में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के टेंडर में बरती जा रही अनियमितताओं को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने नगर पालिका परिषद किच्छा से पूछा है कि डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के टेंडर में 2 लाख की आबादी की तकनीकी बोली की पात्रता का मानदंड क्यों लागू किया गया जबकि किच्छा की आबादी 1 लाख से कम है। मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 23 अप्रैल की तिथि तय की है। याचिका में कहा गया कि किच्छा पालिका द्वारा डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए जारी टेंडर में कई अनियमितताएं हैं जिसके चलते स्थानीय ठेकेदार इसमें प्रतिभाग करने से वंचित हो गए हैं। याचिका के अनुसार, वर्ष 2025 में किच्छा पालिका की जनसंख्या लगभग 75 हजार है जबकि पालिका द्वारा टेंडर प्रक्रिया में लागू शर्त के अनुसार 2 लाख लोगों को सर्विसेज देने वाली कम्पनियां टेंडर में भाग ले सकती है।

# तकनीकी संवाद देंगे भविष्य को नई दिशा: सीएम

मुख्य संवाददाता, देहरादून



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट करते इंडिया डिजिटल इंपॉवरमेंट मीट के आयोजक।

**अमृत विचार:** राजधानी में गुरुवार को 5वें इंडिया डिजिटल एंपॉवरमेंट मीट एंड अवॉर्ड्स का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम 'विकसित भारत 2047 की ओर एआई एवं साइबर सुरक्षा के माध्यम से उत्तराखंड का डिजिटल परिवर्तन' रही।

इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित शासन, उद्योग, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों एवं शिक्षाविदों की सहभागिता रही। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), साइबर सुरक्षा एवं उभरती तकनीकों के माध्यम से डिजिटल रूप से सशक्त राज्य के रूप में विकसित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान सीईआरटी उत्तराखंड का शुभारंभ किया गया, जो राज्य की साइबर सुरक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। साथ ही, आईआईआईटी हैदराबाद के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए, जिससे एआई, अनुसंधान, नवाचार एवं क्षमता निर्माण के क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री धामी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन नीति-निर्माताओं, विशेषज्ञों एवं उद्योग जगत को एक साझा मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने एआई एवं आधुनिक तकनीकों के बढ़ते महत्व पर बल देते हुए कहा कि ऐसे संवाद भविष्य की नीतियों को दिशा देंगे और राज्य के डिजिटल विकास को गति प्रदान करेंगे। आईटी मंत्री प्रदीप बत्रा की अध्यक्षता में आयोजित सीईओ राउंडटेबल में डेटा सेंटर, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, निवेश संभावनाओं, नीति सहयोग एवं ईज ऑफ डूइंग बिजनेस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। उद्योग प्रतिनिधियों ने उत्तराखंड में निवेश की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए स्पष्ट एवं स्थिर नीति ढांचे, सिंगल-विंडो क्लीयरेंस प्रणाली तथा मजबूत डिजिटल कनेक्टिविटी की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में एआई आधारित सुशासन, साइबर सुरक्षा सुदृढ़ता, क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, स्किल डेवलपमेंट एवं सरकार-उद्योग-अकादमिक सहयोग जैसे विषयों पर भी चर्चा की गई।

# राज्य के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य पांच लाख क्विंटल

मुख्य संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार ने चालू रबी विपरण सत्र में उत्तराखंड के लिए गेहूं की खरीद का लक्ष्य बढ़ाकर पांच लाख क्विंटल कर दिया है।

राज्य के खाद्य नागरिक आपूर्ति सचिव आनंद स्वरूप ने बताया कि केंद्र ने उत्तराखंड के लिए रबी विपणन सत्र 2026-27 में 10 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया था, जिसे राज्य सरकार के अनुरोध पर अब बढ़ाकर पांच लाख क्विंटल कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में रबी विपणन सत्र एक अप्रैल से शुरू हो चुका है। गढ़वाल संभाग में 45 और कुमाऊं संभाग में 123 क्रय केंद्र संचालित हैं। सचिव स्वरूप के मुताबिक, केंद्र ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2,585 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है और किसान अपनी उपज को राजकीय क्रय केंद्रों पर बेचने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 1,597 किसानों ने स्मार्ट पीडीएस पोर्टल पर पंजीकरण कराया है और 5,852 क्विंटल गेहूं की खरीद की जा चुकी है। सचिव ने किसानों से अपनी उपज राजकीय क्रय केंद्रों पर बेचकर न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ उठाने की अपील भी की है।

### सीडीएस जनरल चौहान चमोली पहुंचे

**देहरादून:** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ



जनरल अनिल चौहान गुरुवार को श्री बद्रीनाथ धाम पहुंचे, जहां उनके आगमन पर हेलीपैड पर पुलिस उपाधीक्षक चमोली मदन सिंह बिष्ट एवं थानाध्यक्ष नवनीत भंडारी द्वारा भव्य स्वागत किया गया धाम पहुंचते ही सीडीएस जनरल चौहान ने मंदिर परिसर का भ्रमण कर चारधाम यात्रा की तैयारियों को लेकर अधिकारियों से विस्तार से जानकारी प्राप्त की। अधिकारियों द्वारा उन्हें यात्रा को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित बनाने के लिए किए जा रहे व्यापक इंतजामों से अवगत कराया गया।

# पालिका चुनाव पर हाईकोर्ट सख्त चुनाव आयोग से मांगा शपथपत्र

विधि संवाददाता, नैनीताल

- **किच्छा सिरोली कलां में चुनाव का मामला**

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट ने किच्छा सिरोली कलां में नगर पालिका का चुनाव अभी तक राज्य चुनाव आयोग और राज्य सरकार द्वारा नहीं कराने की मांग को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई में सख्त रुख अपनाया है।



न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की एकलपीठ ने राज्य चुनाव आयोग के सचिव को आदेश दिया है कि वे 21 अप्रैल तक एक निजी शपथ पत्र दायर करके यह स्पष्ट करें कि उन्होंने नगरपालिका के चुनाव समय पर करवाने के लिए कोर्ट को जानकारी क्यों नहीं दी। साथ ही, चुनाव कराने के लिए उन्होंने क्या कदम उठाए हैं, इसकी भी जानकारी दें। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 21 अप्रैल की तिथि नियत की है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सचिव से कहा कि दो साल से ज्यादा समय बीत चुका है, जबकि नगरपालिका का कार्यकाल 5 साल का होता है। आपने क्या किया है? आपने हाईकोर्ट को चुनाव संबंधी कोई जानकारी क्यों नही दी?। कोर्ट ने कहा कि, समय पर चुनाव कराना एक संवैधानिक अधिकार है। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में राज्य सरकार से कहा था कि 16 अप्रैल तक कोर्ट के आदेश का कितना अनुपालन हुआ है और उस पर राज्य निर्वाचन आयोग और सरकार ने क्या निर्णय लिया है, उस पर स्थिति से अवगत कराएं। अगर आदेश के मुताबिक निर्णय नहीं लिया गया तो सचिव आयोग और सचिव अर्बन नियत तिथि पर कोर्ट में पेश हों।

# निजी स्कूलों की मनमानी पर लगाएं रोक: कांग्रेस

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता व चुनाव अभियान समिति के अध्यक्ष विधायक प्रीतम सिंह के नेतृत्व में गुरुवार को कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने डीएम सविन बंसल से स्कूल प्रबंधकों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग की।

सिंह ने डीएम को बताया कि वर्तमान समय में निजी स्कूल प्रबंधन बिना किसी पारदर्शिता और नियम के फीस में भारी वृद्धि कर रहे हैं। साथ ही, अभिभावकों को विशेष दुकानों से महंगी कॉपी-किताबें और यूनिफॉर्म खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है, जिससे मध्यम वर्गीय और निम्न आय वर्ग के लोगों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कहा कि कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट मानना है कि शिक्षा व्यापार नहीं, बल्कि समाज का मूल अधिकार है। निजी स्कूलों द्वारा इसे मुनाफाखोरी का माध्यम बनाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इससे पूर्व, कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने डीएम कार्यालय परिसर में प्रदर्शन कर रहे अभिभावकों की समस्याओं को सुना और आश्वस्त किया कि पार्टी उनके हक की लड़ाई पूरी मजबूती के साथ लड़ेगी। यहां वैभव वालिया, अजय सिंह रहे।

**विश्वास** | राज्य में सुधरेगी कनेक्टिविटी, पर्यटन और तीर्थाटन को मिलेगी अभूतपूर्व गति

# एक साल में पूरे होंगे कई अहम इंफ्रा प्रोजेक्ट

प्रमुख संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार:** दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर के लोकार्पण के बाद ढाई घंटे में दिल्ली का सफर ख्वाब से हकीकत बन चुका है। शुरुआती तीन दिनों में इस आधुनिक एक्सप्रेस-वे से गुजरने वाले यात्रियों के अनुभव शानदार रहे हैं। अच्छी बात यह है कि सड़क-रेल परियोजनाओं की यही रफ्तार अगले एक साल बनी रहेगी। इस दौरान कई महत्वपूर्ण इंफ्रा प्रोजेक्ट पूरे होने की उम्मीद है।

केंद्र सरकार के सहयोग से वर्तमान में राज्य के भीतर करीब एक लाख 30 हजार करोड़ के कई इंफ्रा प्रोजेक्ट पर कार्य गतिमान है। इसी क्रम में देहरादून को अगले महीने तक 1650 करोड़ के लागत से तैयार पौंटा साहिब-देहरादून फोर लेन मार्ग की सुविधा भी मिलने वाली है। यह मार्ग लगभग बनकर तैयार हो चुका है। इसके बाद, जून में सहारनपुर बाइपास से हरिद्वार तक छह लेन वाला 51 किमी हाईवे भी यातायात के लिए उपलब्ध हो जाएगा जबकि इसी साल अक्तूबर तक, हरिद्वार बाइपास के प्रथम चरण का भी कार्य पूरा करने की तैयारी है। 1600 करोड़ की लागत वाली इस परियोजना पर तेजी से काम चल रहा है, जो आगामी कुंभ मेला के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। इधर, कुंभ क्षेत्र की एक और प्रमुख सड़क परियोजना, ऋषिकेश बाइपास पर भी अगस्त तक काम शुरु होने की उम्मीद है। इस परियोजना पर 1100 करोड़ की लागत आएगी। केंद्र सरकार ने 716 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन 12 किमी लंबा झाझरा-आशारोडी एलिवेटेड रोड को भी अगले साल अप्रैल तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

### प्रधानमंत्री मोदी के विजन पर विकास



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आधुनिक सड़कें ही किसी राज्य की भाग्य रेखा होती हैं। अपने इसी विजन के अनुसार प्रधानमंत्री उत्तराखंड में सड़कों का जाल बिछाने पर जोर रहे हैं। केंद्र और राज्य सरकार के प्रयासों से इसमें से कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं अगले एक साल में पूरी हो जाएंगी। साथ ही, हम इसी साल के अंत तक कर्णप्रयाग रेललाइन के प्रथम चरण के कार्यों का भी लोकार्पण कराने का प्रयास कर रहे हैं। इससे उत्तराखंड के पर्यटन और तीर्थाटन को गति मिलेगी।

### कुमाऊं क्षेत्र की महत्वपूर्ण परियोजना

कुमाऊं क्षेत्र की बात करें तो 1050 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन 21 किमी लम्बा रुद्रपुर-फोरलेन बाइपास इसी साल अक्टूबर तक पूरा होने की तैयारी है, इससे रुद्रपुर शहर का जाम खत्म हो सकेगा। वहीं, 936 करोड़ की लागत से निर्माणाधीन 15 किमी लंबा काशीपुर बाइपास भी इसी साल दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। सीमांत क्षेत्र की एक और महत्वपूर्ण सड़क परियोजना टनकपुर-पिथौरागढ़-लिपुलेख का निर्माण कार्य भी अगले एक साल में पूरा होने की उम्मीद है।

# डिजिटल प्रगति की यात्रा में मील का पत्थर साबित होगा दून एक्सप्रेस-वे

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- **फ्लाइट रद्द कराकर कई लोग एक्सप्रेस-वे से पहुंचे दून**

**अमृत विचार:** दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर से उत्तराखंड की उम्मीदों को पंख लग रहे हैं। विकास की योजनाओं का खाका खींचते वक्त दिल्ली-देहरादून इकोनॉमिक कॉरिडोर अब अहम भूमिका में है। डिजिटल प्रगति के लक्ष्य को हासिल करने की राह में भी इसे मददगार दोस्त की तरह देखा जा रहा है। इंडिया डिजिटल एम्पावरमेंट मीट एंड अवार्ड कार्यक्रम के लिए दून में जुटे देशभर विशेषज्ञों ने डिजिटल प्रगति में एक्सप्रेस-वे की अहमियत को रेखांकित किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 अप्रैल को दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे जनता को समर्पित किया है। इसके बाद, दिल्ली से देहरादून का सफर ढाई से तीन घंटे का रह गया है। इंडिया डिजिटल एम्पावरमेंट मीट एंड अवार्ड कार्यक्रम में गुरुवार को कई बार एक्सप्रेस-वे चर्चा में आया।

सूचना प्रौद्योगिक विकास एजेंसी (आईटीडीए) के निदेशक आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए कई विशेषज्ञों ने एक्सप्रेस-वे का रास्ता चुना। उनके पास फ्लाइट का विकल्प मौजूद था, लेकिन उन्होंने एयर टिकट कैंसिल कराए और एक्सप्रेस -वे से दून पहुंचे।

अब और बेहतर कनेक्टिविटी, फायदा मिलेगा

कार्यक्रम में कई सत्रों में विशेषज्ञों के साथ देश-प्रदेश की डिजिटल प्रगति पर चर्चा हुई। इस दौरान सभी का कहना था कि डिजिटल इंडस्ट्री को उत्तराखंड में बढ़ावा देने के लिए हर तरह से अनुकूल स्थिति मौजूद है। कनेक्टिविटी पहले से अच्छी थी, अब दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे से और भी बेहतर हो गई है।

इसका फायदा मिलना तय है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री प्रदीप बत्रा से लेकर सचिव नितिश कुमार झा तक ने डिजिटल प्रगति में एक्सप्रेस-वे की भूमिका का जिक्र किया। कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार डिजिटल प्रगति के लिए असाधारण कार्य कर रही है।

### शादी का खाना खाकर तीन दर्जन लोग बीमार

**नयी टिहरी :** टिहरी जिले के चंबा क्षेत्र में करीब तीन दर्जन लोग खाद्य विषाक्तता के कारण बीमार हो गए, जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। हालांकि, अधिकारियों ने बताया कि सभी पीड़ितों की हालत स्थिर है। अधिकारियों के मुताबिक, 13-14 अप्रैल को बादशाहीथौल में एक विवाह समारोह में खाना खाने के बाद ढरसाल गांव के 35 लोगों को उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायत हो गई। उन्होंने बताया कि इनमें से 20 लोगों को बुधवार को, जबकि 15 अन्य को गुरुवार को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित राय ने बताया कि अस्पताल में भर्ती कराए गए 35 लोगों में से कुछ लोग ठीक होकर घर चले गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की एक टीम को गांव में भेजा गया है। जिस होटल में विवाह समारोह का आयोजन किया गया था, वहां से खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने सात पकवानों के नमूने एकत्र कर जांच के लिए भेज दिए हैं। होटल का खाना बनाने का लाइसेंस भी रद्द कर दिया गया है।

## सिटी इंवेंट्स

- डीएम ललित मोहन रयाल नैनीताल रोड स्थित कैंप ऑफिस में जनसमस्याओं पर सुनवाई करेंगे 11 बजे
- वन विभाग की फायर सीजन को लेकर बैठक 11 बजे

## सिटी ब्रीफ

### बांसुरी की धुन से मुंबई में गूंजेंगे प्रखर जोशी

**हल्द्वानी :** नादस्पर्शम् संगीत विद्यापीठ के प्रखर जोशी का चयन मुंबई के प्रतिष्ठित नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) की नेक्स्ट जेनरेशन प्रॉमिसिंग आर्टिस्ट सीरीज के लिए हुआ है। प्रखर जोशी 18 अप्रैल को आयोजित कार्यक्रम में बांसुरी वादन करेंगे, जिसमें गुरुशांत सिंह तबले पर संगत करेंगे। वे वर्तमान में रामजस कॉलेज, दिल्ली से संगीत की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं और भारत सरकार के सीसीआरटी स्कॉलर भी हैं।

### गौ तस्करी के आरोपी अख्तर की दुकान सीज

**भीमताल :** स्थानीय लोगों के विरोध के चलते और गौ तस्करी के एक आरोपी अख्तर अली की दुकान को नगर पालिका ने देर शाम को सीज कर दिया। मामले की जानकारी देते हुए अधिशासी अधिकारी राहुल सिंह ने बताया कि दुकान में भारी अनियमितता और बाहर गंदगी को देखते हुए कार्रवाई की गई है। सीज करने की कार्रवाई में योगेश कुमार समेत नगर पालिका अधिकारी मौजूद थे।

### अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** ऑपरेशन प्रहार के तहत थाना मुखानी पुलिस ने सैफी फार्म गेट, फतेहपुर क्षेत्र में चेकिंग के दौरान राजा राजपूत (24 वर्ष), निवासी अमलापुर, कोटाबाग को 64 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध में थाना मुखानी में आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं पुलिस ने वारंटी हीरा सिंह बिष्ट, निवासी श्याम गार्डन, बड़ी मुखानी को एनआई एक्ट में गिरफ्तार किया।

### कठघरिया-खीमपुर सड़क का हाल खराब

**हल्द्वानी :** कठघरिया से खीमपुर गांव को जाने वाली सड़क बदहाल है। सड़क के कुछ हिस्से की मरम्मत का काम चल रहा है लेकिन काफी धीमी गति से। सोलिंग के बाद डाली गई मिट्टी उड़ने से लोगों को खासी दिक्कतें हो रही हैं। सड़क पर कंकड़ पड़े होने से हादसों का भी खतरा बना हुआ है।

# प्रशासन सख्त : अभिभावकों की शिकायतों पर जिले के 46 निजी स्कूलों को नोटिस जारी

## निजी स्कूलों की मनमानी पर हल्द्वानी, रामनगर, भवाली, भीमताल, लालकुआं के स्कूलों को नोटिस

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिले में निजी स्कूलों की मनमानी कम नहीं हो रही है। निजी स्कूलों की ओर से फीस, कॉपी-किताब और ड्रेस को लेकर की जा रही मनमानी पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। अलग-अलग क्षेत्र के एसडीएम व तहसील प्रशासन की रिपोर्ट के आधार पर कुल 46 स्कूलों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

जारी आदेश के अनुसार रामनगर, लालकुआं, भवाली, भीमताल, गरमपानी और बिन्दुखत्ता क्षेत्र के कई स्कूलों में अभिभावकों से निर्धारित मानकों से अधिक फीस वसूले जाने, विशेष दुकानों से ही किताबें व ड्रेस खरीदने का दबाव बनाने और अन्य अनियमितताओं की शिकायतें मिली थीं। जांच में प्रथम दृष्टया इन शिकायतों की पुष्टि होने पर यह कार्रवाई की गई है। जिन स्कूलों को नोटिस दिया गया है, उनमें रामनगर क्षेत्र के कई प्रमुख निजी स्कूलों सहित भवाली, भीमताल और लालकुआं क्षेत्र के स्कूल भी शामिल हैं। प्रशासन ने सभी स्कूलों को निर्धारित समयावधि में जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर पूर्व में भी अभिभावकों की ओर से कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं। खासकर फीस में मनमानी बढ़ोत्तरी, निर्धारित दुकानों पर महंगी कॉपी-किताबों और स्कूल ड्रेस की बिक्री को लेकर अभिभावकों में नाराजगी देखी गई थी। सीईओ गोविंद राम जायसवाल ने स्पष्ट किया कि यदि स्कूलों का स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं पाया गया तो उनके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभिभावकों के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।



प्रतीकात्मक एआई फोटो।

### हल्द्वानी के 11 स्कूल

लक्ष्य इण्टरनेशनल स्कूल, हल्द्वानी, लक्ष्मी शिशु मन्दिर, हल्द्वानी, हाइलैण्डर पब्लिक स्कूल, हल्द्वानी, मॉर्डन पब्लिक स्कूल, तिकोनिया हल्द्वानी, विद्या पुष्प एकेडमी, हल्द्वानी, क्वीन्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल हल्द्वानी, जेम्स पब्लिक स्कूल, हल्द्वानी, गुरु द्रोण पब्लिक स्कूल, हल्द्वानी, निर्मला कान्वेंट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल काठगोदाम, बीएलएम एकेडमी हल्द्वानी, सृजन स्कूल गौलापार हल्द्वानी

### इन स्कूलों से मांगा गया स्पष्टीकरण

**रामनगर के 21 स्कूल**

जय मोहन पब्लिक स्कूल, रामनगर, गुड लक पब्लिक स्कूल, रामनगर, मार्डन पब्लिक स्कूल, रामनगर, डीएसबी पब्लिक स्कूल, रामनगर सेंट जोसफ पब्लिक स्कूल, रामनगर, ग्रीन फील्ड एकेडमी, रामनगर, ग्रेट मिशन पब्लिक स्कूल, रामनगर, ओक बर्ड पब्लिक स्कूल, रामनगर, डीडीसीएम पब्लिक स्कूल, रामनगर, गार्डन वैली पब्लिक स्कूल, रामनगर, शेमरोक प्री स्कूल, रामनगर, अल्फा मिशन पब्लिक स्कूल, रामनगर, मेहरा पब्लिक स्कूल, रामनगर, दीपक डिवाइन पब्लिक स्कूल रामनगर, यूएसआर इन्दु, इंटर कॉलेज बसई रामनगर, सेन्ट रूमी पब्लिक स्कूल, रामनगर, लिटिल स्कालर्स एकेडमी, रामनगर, सनराइज पब्लिक स्कूल, रामनगर, मदर ग्लोरी पब्लिक स्कूल, रामनगर, श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, रामनगर, शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल, रामनगर

**भवाली-भीमताल व लालकुआं के 14 स्कूल**

एनएल साह प्रोपट्री लर्निंग स्कूल, भवाली, डी विटो स्कूल, भवाली, डीएसएसपाल नैनीताल पब्लिक स्कूल, श्यामखेत भवाली, महर्षि विद्या मन्दिर, फरसौली, मल्लिकार्जुन स्कूल, भीमताल, वुड ब्रिज स्कूल, डोब ल्वेशाल भीमताल, आयुष्मान कान्वेंट स्कूल, गरमपानी, स्कालर हेवन स्कूल, बिन्दुखत्ता, एफएस बिष्ट मैमोरियल स्कूल, लालकुआं, बीडी जोशी मैमोरियल स्कूल, लालकुआं, ग्रीन वुड सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, लालकुआं, एचसीएम जूनियर हाईस्कूल, लालकुआं, होली ट्रिनिटी सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, लालकुंआ, मीना एकेडमी, लालकुआं


तीनपानी से मंडी तक निरीक्षण करते सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी।

# अतिक्रमणकारी खुद हटा रहे हैं अवैध कब्जे

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डीएम ललित मोहन रयाल के निर्देशानुसार सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी के नेतृत्व में उत्तराखंड अर्बन सेक्टर डेवलमपेंट एजेंसी, ऊर्जा निगम अधिकारियों ने तीन पानी से मंडी तक सड़क चौड़ीकरण व ड्रेनेज का स्थलीय निरीक्षण किया।

सिटी मजिस्ट्रेट बाजपेयी ने बताया कि निरीक्षण में मिला कि अधिकांश व्यक्तियों ने सड़क व नाले के दायरे में आ रहे अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। ऊर्जा निगम को निर्देश दिए हैं कि सड़क किनारे लगे पोलों के शिफ्टिंग की कार्रवाई शुरू कर दें। यूयूएसडीए को ड्रेनेज शीघ्र पूर्ण करने तथा पोल शिफ्टिंग के लिए स्थान चयनित करते हुए ऊर्जा निगम की इसकी सूचना देने के लिए कहा गया है। तीनपानी से मंडी की ओर दाहिनी तरफ भी ड्रेनेज एवं मार्ग चौड़ीकरण का काम शुरू करने के लिए कहा गया एवं चौड़ीकरण में आने वाले पेड़ों के छपान के लिए वन विभाग के साथ समन्वय करते हुए शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। ऊर्जा निगम को मंडी चौराहे से शनि बाजार की ओर भी बिजली खंभों को शिफ्ट करने के लिए आगणन दो दिन में पेश करने के लिए कहा गया है।

# जिले में विरासतन के 17 हजार से अधिक लंबित वाद किए निस्तारित

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** डीएम ललित मोहन रयाल के कार्यकाल में बीते चार माह में 17 हजार परिवारों के नाम विरासतन भूमि दर्ज की।

राजस्व वादों के निपटारे के लिए पहली बार राजस्व प्रवर्तन समिति ने हजारों प्रकरणों का मौके पर जाकर निस्तारण किया। इसके अलावा प्रमाण पत्रों के लिए दफ्तरों के चक्कर काटने वाले फरियादियों को राहत देने के लिए चलाए गए अभियान में शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में जन्म और मृत्यु के 10 हजार प्रमाण पत्र निर्वाद बनाए गए। वर्तमान में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में कोई भी प्रकरण लंबित है।

अगर आंकड़ों की बात की जाए तो 14 अक्टूबर से 31 मार्च तक जिले की 9 तहसीलों में 7,311 विरासतन के लंबित वादों में 22,190 परिवारों को उनकी भूमि विरासतन दर्ज कर लाभ दिया गया। राजस्व प्रवर्तन समिति ने जिले भर में अभियान चलाकर सालों से लंबित व 2528 मामलों का मौके पर जाकर निस्तारण किया। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए विशेष अभियान चलाए गए जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में 2543 जन्म प्रमाण पत्र और 1920 मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किए गए। वर्तमान में प्रमाण पत्रों के आवेदन लंबित नहीं हैं। शहरी निकाय क्षेत्र में 3660 जन्म प्रमाण पत्र और 1941 मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत किए गए।

डीएम रयाल ने बताय कि यह अभियान निरंतर अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने की दृष्टि से चलते रहेंगे। विरासतन हो या फिर राजस्व वाद से संबंधित मामले फरियादी सालों से सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाते हैं ऐसे में उनकी प्राथमिकता है कि लंबे समय तक चलने वाले प्रकरणों के निस्तारण में तेजी लाई जाए। इससे आम लोगों को काफी राहत मिलेगी।

# मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक को सशर्त जमानत

- हाईकोर्ट ने तीनों मामलों में जमानत दी दो साल से जेल में है मलिक

विधि संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** हल्द्वानी के बनभूलपुरा दंगे के मुख्य आरोपी अब्दुल मलिक को गुरुवार को उत्तराखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने तीन मामलों में आरोपी को सशर्त जमानत प्रदान कर दी है।

आरोपी मलिक के खिलाफ तीन मामलों के साथ गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों के तहत भी मामला दर्ज किया गया था। वह दो साल से जेल में है। सेशन कोर्ट हल्द्वानी ने 6 फरवरी, 2025 को आरोपी का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया था। इसके बाद आरोपी ने इसके खिलाफ हाईकोर्ट में अपील की थी। पिछली तिथि को हाईकोर्ट ने सरकार और आरोपी के अधिवक्ता से पूछा था कि आरोपी के खिलाफ जो अन्य सात मुकदमे हैं, उनकी वर्तमान स्थिति क्या है? कितने केसों में बरी हो चुका और कितने विचाराधीन हैं। सुनवाई के दौरान, सरकार की तरफ से हाईकोर्ट को बताया गया कि जांच के दौरान आरोपी के खिलाफ इन केसों के अलावा अन्य सात मुकदमें दर्ज होने की पुष्टि हुई है। कई मामलों में आरोपी बरी हो चुका है। कुछ का पता अभी नहीं चल सका है। मुकदमों की कोई पुष्टि न होने के कारण इस दंगे वाले मुकदमे से हाईकोर्ट ने आरोपी को जमानत पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। दंगे में आरोपी पर दर्ज चार अभियोगों में एक में पहले ही जमानत मिल चुकी थी और तीन मामलों में गुरुवार को प्रदान की गई।

### बनभूलपुरा दंगा: दोनों पक्षों से यह कहा गया...

इन तीनों अपीलों पर न्यायमूर्ति आलोक कुमार वर्मा और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ में एक साथ सुनवाई हुई। आरोपी की ओर से कहा गया कि उसके खिलाफ लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं। वह घटना के दिन मौके पर मौजूद नहीं था। वह दो साल से ज्यादा समय से जेल में बंद है। पुलिस ने चार्जशीट दाखिल कर दी है। ऐसे में सुबूतों के खिलाफ छेड़छाड़ की संभावना भी नहीं है। सभी सह आरोपियों को भी जमानत मिल चुकी है। वहीं, अभियोजन पक्ष ने जमानत का विरोध करते हुए कहा कि आरोपी मुख्य साजिशकर्ता है और वह जानबूझकर घटना के दिन बाहर चला गया था। घटना से पूर्व 30 जनवरी 2024 को आरोपी के घर साजिशन बैठक की गई।

### इन शर्तों पर दी जमानत

खंडपीठ ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपी को तीनों मामलों में शर्तों के साथ जमानत प्रदान की है। आरोपी समय-समय पर सेशन कोर्ट में पेश होता रहेगा। सुबूतों से छेड़छाड़ नहीं करेगा और अदालत की अनुमति के बिना देश से बाहर नहीं जा सकेगा।

### यह था मामला

पिछले साल आठ फरवरी को बनभूलपुरा में मलिक के बगीचे में सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने के दौरान दंगा भड़क गया था और भीड़ ने पुलिस और प्रशासन की टीम पर पथराव के साथ ही हमला कर दिया था। बनभूलपुरा थाने को आग के हवाले कर दिया गया था। इस घटना में पांच लोगों की मौत हो गई थी जबकि सौ से अधिक लोग घायल हो गए थे। इसके बाद पुलिस ने 100 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

# नवजातों के उपचार में अब नई तकनीक अपनाने पर दिया जोर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय में पोकस (प्वाइंट ऑफ केयर अल्ट्रासाउंड) कार्यशाला हुई। इसमें नवजातों के उपचार पर चर्चा हुई। जोर दिया गया कि अब नई तकनीक की मदद से नवजातों का उपचार किया जाए।

कार्यशाला में विशेषज्ञों ने पोकस तकनीक की उपयोगिता की जानकारी दी। इसमें डॉ. प्रदीप सूर्यवंशी (पुणे), डॉ. गायत्री मुराजकर (मुंबई), डॉ. हंस वैश (देहरादून) और डॉ. चिन्मय चेतन (विभागाध्यक्ष, जॉली ग्रांट मेडिकल कॉलेज, देहरादून) ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। मेडिकल कॉलेज में बाल रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ. ऋतु रखोलिया ने बताया कि फंक्शनल अल्ट्रासाउंड से नवजात शिशुओं के दिमाग, छाती, फेफड़े, हृदय और पेट की बीमारियों का त्वरित निदान संभव है। यह तकनीक शिशु के बिस्तर पर ही जांच और उपचार की सुविधा देती है, जो गंभीर रूप से बीमार नवजातों के लिए अत्यंत लाभकारी है। उन्होंने कहा कि विकसित देशों और देश के बड़े शहरों में यह तकनीक प्रभावी साबित हो रही है और भविष्य में उत्तराखंड में भी इसके माध्यम से नवजात मृत्यु दर में कमी लाई जा सकेगी। कार्यशाला में प्रदेश भर से आए 42 चिकित्सकों ने भाग लिया। उद्घाटन चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. अजय आर्या, मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जीएस तितियाल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण जोशी, डॉ. अनिल, डॉ. रवि, डॉ.


कार्यशाला में प्राचार्य डॉ. जीएस तितियाल, डॉ. ऋतु रखोलिया व अन्य।

# कैबिनेट मंत्री खजान दास कल जनपद में

**हल्द्वानी :** कैबिनेट एवं जनपद प्रभारी मंत्री खजान दास कल (शनिवार) एक दिवसीय जनपद भम्रण पर आ रहे हैं।

यह जानकारी देते हुए सीडीओ अरविंद कुमार पांडे ने बताया कि कैबिनेट मंत्री शनिवार को सुबह 6 बजे देहरादून से प्रस्थान कर पूर्वाह्न 11 बजे सर्किट हाउस काठगोदाम पहुंचेंगे। इसके बाद सुबह 11:30 बजे से प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र बागजाला में जिला योजना की बैठक में हिस्सा लेंगे।

इसके बाद 2:30 बजे से प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र बागजाला गौलापार से प्रस्थान कर अपराह्न 2:45 बजे भाजपा कार्यालय में पदाधिकारियों के साथ वार्ता करेंगे। इसके बाद देहरादून के लिए रवाना होंगे। सीडीओ ने जिला योजना से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को यथासमय बैठक में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।

# चिकित्सा शिक्षा निदेशक पहुंचे एसटीएच, मरीजों का हाल जाना

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** चिकित्सा शिक्षा विभाग, देहरादून के निदेशक प्रो. डॉ. अजय आर्या ने गुरुवार को सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय (एसटीएच) का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने ओपीडी, विभिन्न वार्डों, टीएमटी, मेडिसिन आईसीयू और कैथ लैब सहित कई महत्वपूर्ण इकाइयों का निरीक्षण किया और मरीजों से बात की।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने पीडियाट्रिक वार्ड, पीआईसीयू और एसएनसीयू का निरीक्षण किया। यहां भर्ती नवजात और बच्चों की स्थिति की जानकारी लेते हुए चिकित्सकों से उपचार पद्धति, संसाधनों और व्यवस्थाओं पर चर्चा की। उन्होंने वार्मर, वेंटिलेटर, मॉनिटर, इन्फ्यूजन पंप और फोटोथेरेपी यूनिट जैसे उपकरणों की उपलब्धता और स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक संसाधनों की शीघ्र पूर्ति के निर्देश दिए। निदेशक ने तीमारदारों से बातचीत कर अस्पताल की सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता और साफ-सफाई पर फीडबैक लिया, जिस पर अधिकांश ने संतोष जताया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी भी जल्द दूर की जाएगी।इस दौरान प्राचार्य डॉ. जीएस तितियाल, एमएस डॉ. अरुण जोशी, नर्सिंग सुपरिटेंडेंट जीबी मौल टी. मैथ्यू, डॉ. ईला चौधरी, सिस्टर मार्गेट आदि रहे।


बाल रोग विभाग में बच्चों की जांच करते डॉ. अजय आर्या।

# लापता हुई नाबालिग गुमशुदगी कराई दर्ज

**हल्द्वानी:** काठगोदाम थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की घर से बिना बताए चली गई। परिजनों ने उसे बहुत ही ढूंढने की कोशिश की लेकिन उसका पता नहीं चला। अब पुलिस में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

ठोकर लाइन निर्मला कान्वेंट स्कूल के सामने मनोज कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी 16 साल की बेटी पायल 15 अप्रैल की सुबह पांच बजे घर से कहीं चली गई। जब वह घर नहीं लौटी और उससे संपर्क नहीं हुआ तो उसको ढूंढने की कोशिश की गई। परिजनों, जान-पहचान वालों सब जगह पता करने के बाद भी पायल के बारे में कुछ भी पता नहीं चला। परिजनों ने लड़की को ढूंढने के लिए पुलिस से गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार लोगों से पूछताछ की जा रही है और साथ ही लड़की को ढूंढने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है।

**सुरक्षा** | तराई पूर्वी वन डिवीजन में वनाग्नि से निबटने के लिए वन विभाग ने की तैयारियां

# गॉगल्स व सेफ्टी शीट पहनकर आग से मोर्चा लेंगे 'वॉरियर्स'

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** किसी हॉलीवुड फिल्म की तरह अब जंगलों के फ्रंट लाइन वॉरियर्स आंखों में फायर गॉगल्स, हाथों में ग्लब्स और शरीर पर सेफ्टी शीट का कवच और सिर पर हेलमेट पहनकर जंगलों की आग बुझाएंगे। जंगलात की ओर से फायर सीजन में आग से वन, वन्यजीवों और वन कर्मियों की सुरक्षा के लिए आधुनिक उपकरण मुहैया कराए गए हैं।

वन अधिकारियों के अनुसार, तराई पूर्वी वन डिवीजन के जंगल 82,489 हेक्टेयर में नैनीताल, ऊधम सिंह नगर और चम्पावत जिले तक फैले हुए हैं। 15 मार्च से फायर सीजन शुरू होते ही वनाग्नि से निबटने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। जंगलों में आग लगने पर फ्रंट लाइन वॉरियर्स फायर वॉचर, गार्ड, फॉरेस्टर वगैरह होते हैं जो आग बुझाने में डट जाते हैं। ये वॉरियर्स अपनी जान हथेली पर आग से जूझते हैं।

इधर, वन विभाग ने इन वॉरियर्स की सेफ्टी के लिए आधुनिक उपकरण मुहैया कराए हैं। इसके तहत जंगलों में आग से जूझने वाले प्रत्येक कर्मी को फायर गॉगल्स दिया जाएगा ताकि चिंगारियां, चीड़ के जंगलों में फायर बॉल उनकी आंखों को नुकसान नहीं पहुंचाए। इसी के साथ ही हेलमेट, हेडलाइट, सेफ्टी शीट, दस्ताने और एक-एक पानी की बोतल भी दी गई है। इसका मकसद है कि वन कर्मियों को भीषण गर्मी में आग लगने के बाद तेज तापमान से भी बचाया जा सके।



### 53 क्रू स्टेशन, 426 अफसर-कर्मी तैनात

**हल्द्वानी :** तराई पूर्वी डिवीजन में 20 रेंजर/डिप्टी रेंजर, 62 वन दरोगा, 174 गार्ड के साथ ही 170 फॉरेस्ट वॉचरों की तैनाती की गई है। इन्हें जंगल के चप्पे-चप्पे की निगरानी की है। जंगलों में आग लगते ही तुरंत इसकी सूचना क्रू स्टेशन पर करने के साथ ही आग बुझाने में जुट जाएंगे। वनाग्नि में सबसे महत्वपूर्ण है सूचना और रिस्पांड करना, इसलिए वन डिवीजन में 53 फायर क्रू व डिवीजन स्तर पर एक मास्टर कंट्रोल रूम भी बनाया गया है।



> कर्मियों को गॉगल्स, ग्लब्स, हेलमेट, हेडलाइन, सेफ्टी शीट वगैरह दी जारही है। सभी क्रू स्टेशन सक्रिए कर दिए गए हैं। वनाग्नि की सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल अभी तक फायर सीजन में कोई बड़ी आग की सूचना नहीं है। **-हिमांशु बागरी,** डीएफओ तराई पूर्वी वन डिवीजन हल्द्वानी

# जल संस्थान ने शुरू किया वसूली अभियान

**हल्द्वानी, अमृत विचार:** जल संस्थान ने बकाया वसूली को लेकर अभियान शुरू कर दिया है। विभाग की टीम ने विभिन्न क्षेत्रों में जाकर उपभोक्ताओं से बकाया जलकर जमा करने की अपील की और लंबे समय से भुगतान न करने वालों को नोटिस भी दिए। जल संस्थान के सहायक अभियंता रविन्द्र कुमार ने बताया कि अभियान के दौरान कनेक्शन काटने की कार्रवाई भी की जा रही है। विभाग का कहना है कि समय पर बिल जमा न होने से जल आपूर्ति व्यवस्था प्रभावित होती है, इसलिए वसूली अभियान तेज किया गया है।जल संस्थान ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय पर अपने बिलों का भुगतान करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।


मुख्यमंत्री को समस्याओं से अवगत कराते इंदर रावत। ● अमृत विचार

### भाजपा नेता ने सीएम को जनसमस्याओं से अवगत कराया

**रामनगर :** पूर्व सांसद प्रतिनिधि इंदर रावत ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने वन ग्रामों को राजस्व ग्राम का दर्जा दिलाने, वर्ग 'एक-ख' की भूमि के विनियमितीकरण तथा हाल ही में राजस्व ग्राम घोषित हुए गांवों में विकास कार्यों को गति देने की मांग उठाई। मुख्यमंत्री ने इन समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने युवा कार्यकर्ताओं को संगठन और पार्टी के प्रति समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने रामनगर विधानसभा की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली और संगठन की सक्रियता पर संतोष व्यक्त किया।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana – Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

### स्थानीय नाव चालकों को ट्रेनिंग देकर आपातकालीन परिस्थितियों में 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' के रूप में तैयार किया गया

# देशी-विदेशी पर्यटकों के 'संकट मोचक' बनेंगे नैनीताल के नाविक

- ट्रेनिंग में 'वाटर रेस्क्यू' तकनीक पर दिया जोर, जिसमें डूबते व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालने के सही तरीके सिखाए

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** जीवन रक्षा की व्यवहारिक ट्रेनिंग देकर नैनीताल झील के नाविकों को कठिन समय में पर्यटकों का संकट मोचक बनाने की तैयारी है। नैनीझील में पर्यटकों की सुरक्षा को मजबूत बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) ने अहम पहल की है।

इसके तहत स्थानीय नाव चालकों के लिए विशेष आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें आपातकालीन परिस्थितियों में 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर' के रूप में तैयार किया गया।



नाव चालकों को प्रशिक्षण देते एनडीआरएफ के इंस्पेक्टर कनिष्क पांगती। ● अमृत विचार

मल्लीताल स्थित बैंड स्टैंड पर आयोजित प्रशिक्षण शिविर में नाव चालकों को विभिन्न जीवन रक्षक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। खासतौर पर 'वाटर रेस्क्यू' तकनीक पर जोर दिया गया, जिसमें डूबते व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालने के सही तरीके सिखाए गए।

प्रशिक्षण में महेश खनेरा, नरेश, चंद्र बहादुर और शिवराज नेगी समेत कई नाव चालकों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने इस प्रशिक्षण को बेहद उपयोगी बताते हुए कहा कि इससे पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विशेश मदद मिलेगी।

#### इस स्थिति में नाविक होंगे 'फर्स्ट रिस्पॉन्डर'

इसके अलावा, हृदय गति रुकने या सांस लेने में परेशानी की स्थिति में दी जाने वाली सीपीआर प्रक्रिया का अभ्यास कराया गया। दुर्घटना के दौरान अत्यधिक रक्तस्राव को रोकने के लिए 'कंट्रोल ब्लीडिंग' तकनीकों की भी जानकारी दी गई।

> नाव चालक जल पर्यटन का अहम हिस्सा हैं और उनकी सतर्कता व त्वरित कार्रवाई किसी भी बड़े हादसे को टाल सकती है।
> –कनिष्क पांगती, इंस्पेक्टर एनडीआरएफ


भीमताल में अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपते भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

## अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर लाइसेंस रद्द करने की मांग

**भीमताल:** भीमताल के समीप सूर्य गांव मार्ग पर एक ट्रक में 14 गाय पकड़े जाने के बाद स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। इस मामले में ट्रक में एक चिकन-मटन व्यापारी के पकड़े जाने पर जनता का आक्रोश और बढ़ गया। भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों ने भीमताल नगर पालिका पहुंचकर अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने संबंधित आरोपी दुकानदार का मीट-चिकन का लाइसेंस रद्द करने और दुकान को सील करने की मांग की। ज्ञापन देने वाले लोगों ने बताया कि भीमताल बाजार में मीट की दुकान चलाने वाला व्यक्ति सूर्य गांव में कथित गो-तस्करी के मामले में पकड़ा गया है, जिससे क्षेत्र में अत्यधिक आक्रोश है। उनका कहना है कि जो लोग मीट की दुकान की आड़ में इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल हैं, उन्हें दुकान संचालित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। ज्ञापन देने वालों में भाजपा जिला मंत्री मनोज भट्ट, पूर्व जिला मंत्री प्रकाश आर्य, वार्ड संख्या 7 के सभासद उमेश चंद्र पाठक, सूर्य गांव के ग्राम प्रधान पंकज कुमार आर्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य अजय जनतवाल, प्रेम कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सब्जी विक्रेताओं को लाइसेंस और रेट लिस्ट लगाने के निर्देश

### रामनगर में मंडी प्रशासन ने फुटकर सब्जी विक्रेताओं के यहां की छापेमारी

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** फुटकर सब्जी बाजार को लेकर प्रशासन अब एक्शन मोड में नजर आ रहा है। मंडी समिति के सचिव साहिल अहमद ने लखनपुर क्षेत्र में औचक निरीक्षण कर बिना लाइसेंस कारोबार करने और मनमाने दाम वसूलने वाले व्यापारियों को कड़ी चेतावनी दी।

मंडी समिति की टीम के साथ पहुंचे सचिव ने कई दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान पाया गया कि कई फुटकर व्यापारी बिना मंडी लाइसेंस के ही कारोबार कर रहे हैं। ऐसे सभी व्यापारियों को तत्काल लाइसेंस बनवाने के निर्देश दिए गए, अन्यथा कार्रवाई की चेतावनी दी गई। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि कई दुकानों पर रेट लिस्ट प्रदर्शित नहीं थी। इस पर सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक दुकान पर रेट लिस्ट चस्पा करना अनिवार्य होगा, ताकि उपभोक्ताओं को सही कीमत की जानकारी मिल सके। सचिव ने कहा कि व्यापारी मंडी के निर्धारित रेट से अधिकतम 25 से 30 प्रतिशत तक ही मुनाफा रखें। 50 से 100 प्रतिशत तक का मनमाना मार्जिन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। फिलहाल व्यापारियों को चेतावनी दी गई है, लेकिन जल्द ही सख्त कार्रवाई शुरू की जाएगी। नियमित जांच, लाइसेंस सत्यापन और रेट लिस्ट की निगरानी की जाएगी। इसके अलावा हाट-बाजारों में भी औचक छापेमारी की तैयारी की जा रही है, जहां व्यापारियों के गेट पास और दस्तावेजों की जांच होगी। बिना वैध कागजात के माल लाने वालों पर जुर्माना और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


लखनपुर क्षेत्र में फुटकर सब्जी विक्रेताओं को निर्देश देते मंडी समिति के सचिव साहिल अहमद। ● अमृत विचार

## मजदूर आंदोलनों के दमन के खिलाफ एकजुटता का आह्वान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** हरियाणा में मजदूर आंदोलन के बाद हो रही गिरफ्तारियों का इंकलाबी मजदूर केंद्र ने विरोध किया। संगठन की ओर से प्रेस वार्ता में कहा गया कि मजदूरों के हितों में काम करने के बजाए सरकार उनका दमन कर रही है।

इंकलाबी मजदूर केंद्र के महासचिव रोहित रोहिला ने कहा कि गुरुग्राम-मानेसर औद्योगिक क्षेत्र में ठेका मजदूरों का वेतन वृद्धि और ओवरटाइम के डबल भुगतान की मांग को लेकर आंदोलन अब नोएडा, फरीदाबाद, पानीपत और भिवाड़ी तक फैल गया है। मजदूरों का आरोप है कि न्यूनतम वेतन बेहद कम है और कानूनन अधिकारों का पालन नहीं किया जा रहा। घोषित वेतन को लेकर असंतोष के बीच हिंसा भड़कने का मामला सामने आया, जिसमें पुलिस ने लाठीचार्ज कर 56 मजदूरों को गिरफ्तार किया। इंकलाबी मजदूर केंद्र ने आरोप लगाया है कि पुलिस और प्रबंधन ने साजिशन फर्जी मुकदमे दर्ज कर मजदूर नेताओं और कार्यकर्ताओं को निशाना बनाया है। कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर गंभीर धाराओं में जेल भेजा गया है। संगठन का कहना है कि यह मजदूर आंदोलन को दबाने की कोशिश है। केंद्र ने मांग की है कि सभी गिरफ्तार मजदूरों और कार्यकर्ताओं को बिना शर्त रिहा किया जाए, फर्जी मुकदमे वापस लिए जाएं और 9 अप्रैल की घटना की निष्पक्ष जांच हो। ठेका प्रथा समाप्त करने, न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये करने और श्रम कानूनों में बदलाव की मांग भी उठाई गई है।



इंकलाबी मजदूर केंद्र के पदाधिकारी वार्ता करते हुए। ● अमृत विचार

## नैनीताल में आज होगी मॉकड्रिल

**नैनीताल:** भारत सरकार और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देशों के तहत शुक्रवार को मल्लीताल स्थित रोप-वे क्षेत्र में व्यापक मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी।

मॉक ड्रिल में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, अग्निशमन विभाग, आपदा प्रबंधन, पुलिस और स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न एजेंसियां भाग लेंगी। अभ्यास के दौरान रोप-वे के बंद होने अथवा दुर्घटना जैसी संभावित आपदा स्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों का वास्तविक अभ्यास किया जाएगा, ताकि आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। मॉक ड्रिल की तैयारियों के संबंध में गुरुवार को एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक में ड्रिल की रूपरेखा, आपसी समन्वय और आवश्यक तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। एनडीआरएफ के कमांडिंग ऑफिसर डॉ. राजेंद्र जोशी ने सभी एजेंसियों को निर्धारित समय पर आवश्यक उपकरणों के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस अभ्यास में आपदा मित्रों और वालंटियरों की भी सहभागिता रहेगी, जिससे आपदा प्रबंधन तंत्र को और सुदृढ़ किया जा सके।

# मांगों को लेकर सफाई कर्मियों का प्रदर्शन

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ की ओर से लंबित मांगों को लेकर नगर पालिका कार्यालय में चल रहा धरना गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। धरने में संघ पदाधिकारियों के साथ महिला कर्मचारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुईं और नारेबाजी कर अपनी मांगों के जल्द निस्तारण की मांग उठाई।

कर्मचारियों का कहना है कि वे शहर की सफाई व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं, इसके बावजूद उनकी समस्याओं को लंबे समय से नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाया। धरना स्थल पर पहुंचे सभासद अंकित चंद्रा, सुरेन्द्र कुमार और रमेश प्रसाद ने कर्मचारियों को समर्थन देते हुए पालिका प्रशासन से उनकी मांगों का शीघ्र समाधान करने की मांग की। संघ के महासचिव सोनू सहदेव ने बताया कि कर्मचारी लंबे समय से किरायेदारी के शीघ्र निस्तारण, प्रतीक्षा सूची को स्पष्ट करने, एसीपी का समय पर लाभ देने और पर्याप्त सफाई उपकरण की मांग कर रहे हैं। संघ अध्यक्ष त्रिलोचन टांक, उपाध्यक्ष कमल कुमार सहित नीरज कुमार, गोपाल, संजय सौदा, श्याम सौदा, रवि कुमार, किशन, गुड्डू, कैलाश रहे।


विभिन्न मांगों को लेकर नगर पालिका कर्मचारियों का प्रदर्शन।

## बीएसएनएल कर्मचारियों की नई कार्यकारिणी गठित

**नैनीताल:** बीते बुधवार को बीएसएनएल कर्मचारी यूनियन का जिला अधिवेशन संपन्न हुआ, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। अधिवेशन में सभी पदों पर निर्विरोध चुनाव संपन्न हुआ।

नई कार्यकारिणी में नारायण सिंह बोदरा को अध्यक्ष, राजेश सिंह रावत को सचिव तथा नरेन्द्र सिंह बिष्ट को कोषाध्यक्ष चुना गया। वहीं, उपाध्यक्ष पद पर परमेश्वर दत्त जोशी और महिला उपाध्यक्ष पद पर भावना बिष्ट को जिम्मेदारी सौंपी गई। इस मौके पर भगवती प्रसाद चंदोला, दीपक सिंह भंडारी, नेत्र सिंह मटवाल, प्रशांत सिंह बसेरा समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

# घटगढ़ में शराब विरोधी आंदोलन तेज

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** खुरपाताल के घटगढ़ गांव में प्रस्तावित शराब की दुकान के विरोध में चल रहा जन-आंदोलन सातवें दिन और तेज हो गया है। ''शराब नहीं, शिक्षा दो-पहाड़ का भविष्य बचाओ'' जैसे नारों के साथ ग्रामीणों का धरना अब जनसैलाब में बदलता नजर आ रहा है। आंदोलन का सबसे मार्मिक पहलू यह है कि अब महिलाओं के साथ छोटे-छोटे बच्चे भी धरने में शामिल हो रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि 15 अप्रैल को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपने के बावजूद अब तक आबकारी विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। जिलाधिकारी द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को अग्रसारित करने के बाद भी विभागीय अधिकारियों का मौके पर न पहुंचना ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ा रहा है। जिला पंचायत उपाध्यक्षा श्रीमती देवकी बिष्ट के नेतृत्व में क्षेत्र के ग्राम प्रधान, बीडीसी सदस्य और राज्य आंदोलनकारी आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। राधा देवी, विनीता देवी, उमा देवी, नीमा और पुष्पा कनवाल सहित सैकड़ों महिलाएं 'शराब मुक्त गांव' की मांग को लेकर डटी हुई हैं। चेतावनी दी यदि जल्द ही दुकान का प्रस्ताव निरस्त नहीं किया गया तो आंदोलन को उग्र रूप दिया जाएगा।


शराब की दुकान के विरोध में आंदोलन में डटे लोग। ● अमृत विचार

**पहल** | कुमाऊं विवि के जंतु विज्ञान विभाग ने स्नो ट्राउट मछली के संरक्षण और पुनर्स्थापन का कार्य किया शुरू

# नैनी झील में फिर लौटेगी असेला, संरक्षण को फिश केज स्थापित

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** कभी अपनी जैव विविधता के लिए प्रसिद्ध नैनीताल झील अब एक बार फिर अपनी खोई हुई पहचान की ओर लौटने की दिशा में आगे बढ़ रही है। झील के पारिस्थितिकी संतुलन को बनाए रखने और लुप्तप्राय शीतजल मछली प्रजातियों के पुनर्जीवन के उद्देश्य से कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर स्थित जंतु विज्ञान विभाग ने एक महत्वपूर्ण पहल शुरू की है। स्थानीय रूप से 'असेला' के नाम से जानी जाने वाली स्नो ट्राउट मछली के संरक्षण और पुनर्स्थापन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

इसी क्रम में गुरुवार को नैनीताल झील में विशेष रूप से तैयार फिश केज स्थापित किया गया। इस केज में स्नो ट्राउट के शिशु (फिंगरलिंग) डाले गए हैं, जिन्हें नियंत्रित वातावरण में विकसित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इन मछलियों का प्रजनन डीएसबी परिसर के जंतु विज्ञान विभाग की प्रयोगशाला में ही किया गया है, जो इस परियोजना की वैज्ञानिक सफलता को दर्शाता है। कार्यक्रम में कुलपति प्रो. (कर्नल) दीवान सिंह रावत ने बताया कि करीब दो दशक पहले नैनीताल झील की स्थानीय मछली प्रजातियां लगभग लुप्तप्राय हो चुकी थीं। इसे चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए विश्वविद्यालय में बायोफ्लॉक मत्स्य प्रौद्योगिकी केंद्र की स्थापना की गई। विभागाध्यक्ष प्रो. एचसीएस बिष्ट और उनकी टीम के प्रयासों से इस तकनीक को सफल बनाया गया।

उन्होंने बताया कि बायोफ्लॉक और पारंपरिक तकनीकों के माध्यम से स्नो ट्राउट का सफल संवर्धन किया गया है। दो चक्रों में उत्पादन कर इन मछलियों का विक्रय भी किया गया, जिससे परियोजना की व्यवहारिकता सिद्ध हुई। अब अगले चरण में इन मछलियों को उनके प्राकृतिक आवास-नैनीताल झील में स्थापित किया जा रहा है, जहां उनके विकास और जल गुणवत्ता पर वैज्ञानिक अध्ययन किया जाएगा।


नैनीताल झील में स्थापित फिश केज में स्नो ट्राउट के शिशु डालने पहुंचे वैज्ञानिक व अधिकारी।

कुलपति ने कहा कि स्नो ट्राउट झील के पारिस्थितिकी तंत्र के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह मछली शैवाल को नियंत्रित कर पानी की गुणवत्ता बनाए रखने में मदद करती है, जिससे झील में बढ़ती काई की समस्या पर भी नियंत्रण पाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि इस परियोजना का उद्देश्य संरक्षण के साथ-साथ विद्यार्थियों को आधुनिक बायोफ्लॉक तकनीक का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना भी है। इस परियोजना को सफल बनाने में प्रशासन और स्थानीय निकायों का भी सहयोग मिला है। मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, नगर पालिका परिषद नैनीताल की अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल, अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा तथा सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने इसमें सक्रिय भूमिका निभाई है। विभागाध्यक्ष प्रो. एचसीएस बिष्ट ने बताया कि आगामी योजना के तहत नैनीताल जनपद की चार प्रमुख झीलों नैनीताल, भीमताल, सातताल और नौकुचियाताल में दो-दो फिश केज स्थापित किए जाएंगे। यह कार्य उत्तराखंड मत्स्य कृषक विकास अभिकरण, राज्य मत्स्य विभाग भीमताल और कुमाऊँ विश्वविद्यालय के संयुक्त सहयोग से किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस परियोजना को कुमाऊं विश्वविद्यालय की आंतरिक अनुसंधान निधि और मुख्यमंत्री शोध प्रोत्साहन योजना से वित्तीय सहयोग प्राप्त हुआ है। झील के किनारे शुरू हुई यह पहल न केवल एक वैज्ञानिक प्रयोग है, बल्कि नैनीताल की प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक उम्मीद भी है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल, अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा, प्रो. एचसीएस बिष्ट, प्रो. संजय घिल्डियाल, प्रो. रीतेश साह, प्रो. आशीष मेहता आदि रहे।



जय मोहन स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार।

## जय मोहन स्कूल में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मन मोहा

**रामनगर:** जय मोहन इंटर कॉलेज कानिया में आयोजित पंद्रह दिवसीय कुमाऊं कौतिक एवं कार्यशाला में स्कूली बच्चों ने लोक नृत्य और लोकगीत की बारीकियों को समझते हुए अभिनय के गुर भी सीखे। नई दिशाएं ट्रस्ट, मुखानी (हल्द्वानी) के तत्वावधान में आयोजित कार्यशाला के समापन पर उत्तराखंड की समृद्ध लोक संस्कृति की मनमोहक झलक प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में वंदना उत्तराखंड देवभूमि के साथ पारंपरिक लोकगीत, लोकनृत्य, झोड़ा, चांचरी, छपेली एवं एकल गायन की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं। झोड़ा, छपेली, सनम चौकीदार एवं गढ़वाली लोकनृत्य नीलिमा की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। एकल गायन में चंदन सिंह मेहरा की प्रस्तुति सराहनीय रही। निर्देशन भुवन जोशी द्वारा किया गया, जबकि सहायक निर्देशन तरण पांडे ने किया। गायन में चंदन सिंह मेहरा, अमित बुधौरी एवं ज्योति उप्रेती ने अपनी मधुर आवाज़ से सभी को मंत्रमुग्ध किया। वाद्य यंत्रों में नाल वादन पर सौरभ जोशी तथा हुड़का पर गौरव जोशी ने उत्कृष्ट संगत दी। नृत्य निर्देशन मानव जोशी के मार्गदर्शन में ललिता साह, संदीप कश्यप, सोमन एवं प्रदीप प्रकाश थापा ने प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक गोपाल दत्त जोशी, संरक्षिका हिमा जोशी, प्रबंधक अमन जोशी एवं प्रधानाचार्य एमडी तिवाड़ी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। नई दिशाएं ट्रस्ट के अध्यक्ष तरण पांडे ने सभी अतिथियों एवं कलाकारों का प्रतीक चिन्ह, अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

## सिटी ब्रीफ

### शहर में बिजली कटौती से लोग परेशान

**हल्द्वानी :** ऊर्जा निगम के रोस्टर के अनुसार गुरुवार को शहर के कई इलाकों में बिजली कटौती की गई। नहर के पुनर्निर्माण और पेड़ों की छंटाई के कारण मुखानी, राजपुरा, शीशमहल, कालीचौड़, नैनीताल रोड और धान मिल क्षेत्र में सुबह 10 बजे से शाम 5 :30 बजे तक बिजली गुल रही। लंबे समय तक बिजली गुल रहने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। गर्मी के कारण हालात और मुश्किल हो गए और लोगों का दैनिक कामकाज भी प्रभावित हुआ। ऊर्जा निगम के ईई प्रदीप कुमार ने बताया कि बिजली लाइनों के पास पेड़ों की टहनियां आने से खतरा बना हुआ है, इसलिए छंटाई और मरम्मत का काम किया जा रहा है।

### टू व्हीलर रैली निकालकर पीएम का आभार जताया

**हल्द्वानी :** भाजपा महिला मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू करने टूव्हीलर रैली निकालकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। जिलाध्यक्ष कंचन उप्रेती के नेतृत्व में यह रैली पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान मंच हीरानगर से शुरू हुई और कालाढूंगी रोड, नैनीताल रोड, तिकोनिया, एमबीपीजी कॉलेज से जगदम्बा नगर होते हुए भाजपा संभाग कार्यालय पर समाप्त हुई।महिलाओं ने कहा कि अब देश के नीति निर्धारण में मातृ शक्ति की अहम भागीदारी बढ़ेगी इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मातृ शक्ति धन्यवाद करती है। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख मंजू गौड़, सुमित्रा प्रसाद, दर्जा मंत्री रेनू अधिकारी, दीप्ति चुफाल आदि रहीं।

### कॉर्पोरेट कप पर धम्मू एकादश का कब्जा

**हल्द्वानी :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए कॉर्पोरेट कप (सीजन-वन) का खिताब धम्मू एकादश ने अपने नाम कर लिया। रोमांचक फाइनल मुकाबले में धम्मू एकादश ने अल्मोड़ा वॉरियर्स को 12 रनों से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। पहले बल्लेबाजी करते हुए धम्मू 11 ने 19 .4 ओवर में 165 रन बनाए। निशांत मेहता ने 27 रनों की पारी खेली। जवाब में अल्मोड़ा वॉरियर्स की टीम 153 रन ही बना सकी। प्रदीप कार्की ने 46 रनों की तेज पारी खेली। गेंदबाजी में धम्मू 11 के रमेश ने 3 विकेट झटके, जबकि निशांत मेहता और पवन नेगी ने 2-2 विकेट लिए। निशांत मेहता को ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द टूर्नामेंट और बेस्ट गेंदबाज चुना गया। बेस्ट बल्लेबाज का खिताब धनराज को मिला, जबकि नवल जोशी बेस्ट विकेटकीपर और निखिलेश बिष्ट बेस्ट फील्डर रहे। विजेता टीम को 51 हजार रुपये और उपविजेता को 31 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया गया। सीआपीएफ कमांडेंट लीलाधर महारानियां रहे।

### युवक की मौत पर निजी अस्पताल में हंगामा, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप, पुलिस को सौंपी तहरीर

# आंख की साधारण सर्जरी के दौरान गई युवक की जान

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** आंख के साधारण ऑपरेशन के दौरान एक युवक की मौत हो जाने से अस्पताल में हड़कंप मच गया। घटना के बाद परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया और पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

जस्सा गांजा निवासी युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके भाई की आंख में 28 मार्च को पत्थर तोड़ते समय कंकड़ चला गया था। दर्द बढ़ने पर उसे उपचार के लिए हल्द्वानी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां डॉक्टरों ने सर्जरी कर दवा देकर घर भेज दिया। तीन-चार दिन बाद समस्या बढ़ने पर परिजन युवक को दोबारा अस्पताल ले गए। जांच के बाद डॉक्टर ने आंख का फिर से ऑपरेशन की सलाह दी। ऑपरेशन के दौरान युवक की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद डॉक्टरों ने उसे दूसरे निजी अस्पताल ले जाने की सलाह दी। बताया कि युवक का बीपी अधिक हो गया है। परिजन युवक को दूसरे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर से परिजनों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने अस्पताल में हंगामा कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को समझाकर मामला शांत कराया।



पूरे प्रकरण के दौरान एक ऐसी तस्वीर सामने आयी जिसमें उत्तराखंड की मित्र पुलिस का चेहरा दिखा। मौके पर पहुंचे एक पुलिस अधिकारी ने मोबाइल पर आरोपियों से केस की इंक्वायरी की, इसी दौरान जान गंवाने वाले युवक का करीबी भावुकतावश उनके गले लग गया जिसपर पुलिस अफसर ने सहजता और उदारता के साथ व्यवहार किया।

#### मामले की जांच करेगा स्वास्थ्य विभाग: सीएमओ

**हल्द्वानी :** मजदूर की मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग भी सामने आया है। सीएमओ डॉ. हरीश चंद्र पंत ने कहा कि मामले की जानकारी उन तक पहुंची है। मामले को देखते हुए एक कमेटी बना दी गई है। कमेटी मामले की जांच करेगी और रिपोर्ट देगी।

#### बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया

मृतक के भाई राजेश ने बताया कि उनके भाई की उम्र 38 साल थी। वह विवाहित थे और उनके बच्चे भी हैं। मेहनत-मजदूरी करके ही अपने परिवार का जीवन-यापन करते थे। निजी अस्पताल में उपचार के लिए भी रुपयों का बहुत ही मुश्किल से इंतजाम किया था। अब भाई के नहीं रहने पर परिवार पर बड़ा बोझ पड़ गया है।

# स्पेशल बैक परीक्षा की मांग छात्र नेताओं ने किया हंगामा

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एमबीपीजी कॉलेज से जुड़े एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने पांचवें सेमेस्टर में फेल हुए छात्रों के लिए स्पेशल बैक परीक्षा की मांग को लेकर गौलापार स्थित उच्च शिक्षा निदेशालय में जमकर हंगामा किया।

आक्रोशित छात्रों ने निदेशालय का घेराव कर नारेबाजी की और धरने पर भी बैठ गए। छात्र सीधे निदेशक वीएन खाली के कक्ष में पहुंच गए और फेल छात्रों के लिए दोबारा परीक्षा आयोजित कराने की मांग करने लगे। उनका कहना था कि बड़ी संख्या में छात्र फेल हो गए हैं, जिससे उनका पूरा एक साल बर्बाद होने की नौबत आ गई है। साथ ही उन्होंने नई शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत स्पेशल बैक परीक्षा का प्रावधान लागू करने की भी मांग की। निदेशक डॉ. खाली ने छात्रों को समझाने का प्रयास किया। बताया यह मामला कुमाऊं विवि स्तर का है, इसलिए समाधान भी वहीं से होगा। छात्र अपनी मांगों पर अड़े रहे। बाद में निदेशक ने उनकी मांगों को शासन स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया। इसी दौरान निदेशालय परिसर में पुलिस पहुंचने पर छात्र और भड़क गए और गेट के पास धरने पर बैठकर शिक्षा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। करीब एक घंटे के प्रदर्शन के बाद छात्र वापस लौट गए। इस मौके पर छात्र नेता मेहुल साह, आशीष कबड़वाल, मयंक गोस्वामी, हर्ष शर्मा, कमल बोरा, विभोर चौधरी, भविष्य रावत, सार्थक रस्तोगी रहे।

# रामड़ी जसुवा में 10 दिन से पेयजल संकट, 5 हजार की आबादी परेशान

### नलकूप खराब होने से जलापूर्ति ठप, लोग दूरदराज के क्षेत्रों से पानी ढोने को मजबूर

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर से लगे कठघरिया के ग्राम रामड़ी जसुवा क्षेत्र में पिछले 10 दिनों से पेयजल संकट गहराया हुआ है। सिंचाई विभाग का नलकूप खराब होने के कारण करीब 5 हजार से अधिक आबादी पेयजल किल्लत से जूझ रही है। हालत यह है कि लोगों को रोजमर्रा की जरूरत के लिए 2 से 2.5 किमी दूर से पानी ढोना पड़ रहा है।

अधिकारियों के अनुसार नलकूप की मोटर टूटकर अंदर फंस गई है, जिसके कारण मरम्मत कार्य पूरा नहीं हो सका है। लगातार आपूर्ति ठप रहने से लोगों को मजबूरन निजी टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं। लोगों का कहना है कि टैंकर संचालक इस स्थिति का फायदा उठाकर मनमाने दाम वसूल रहे हैं, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है। गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत ने हालात और अधिक खराब कर दिए हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि अभी तक नियमित टैंकर आपूर्ति भी सुनिश्चित नहीं हो पाई है, जिससे संकट लगातार गहराता जा रहा है।

विभाग के जेई फरहान अंसारी ने बताया कि टीम लगातार मरम्मत कार्य में जुटी हुई है। मोटर और केबल टूटकर गहराई में गिर गई है, जिसके चलते दिक्कत आ रही है। उन्होंने बताया कि जल्द ही समस्या का समाधान कर नियमित जलापूर्ति बहाल कर दी जाएगी। फिलहाल टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है।



रामड़ी जसुवा में ट्यूबवेल की मोटर को निकालने की कोशिश करते कर्मचारी।

#### तिकोनिया में भी जल संस्थान का नलकूप खराब

इधर तिकौनिया क्षेत्र में जल संस्थान का नलकूप खराब होने से पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो गई है। इस कारण लोगों को पानी की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ समय से पानी की सप्लाई बाधित है, जिससे दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जल संस्थान के अधिकारियों ने जल्द मरम्मत कार्य पूरा कर जलापूर्ति सुचारू करने का आश्वासन दिया है।

#### लोगों की जुबानी

पिछले 10 दिनों से हमारे इलाके में पानी की सप्लाई पूरी तरह बंद है। हमें रोजाना 2 से 2 .5 किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना पड़ रहा है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह समस्या और गंभीर हो गई है।
**-रजत सिंह**, रामड़ी जसुवा

घर का सारा काम पानी के बिना ठप पड़ गया है। मजबूरी में निजी टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं, लेकिन वे भी काफी महंगे मिल रहे हैं। हर बार इतना खर्च करना मुश्किल हो रहा है। **-रूपा रौतेला**, रामड़ी जसुवा

गर्मी के मौसम में पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, लेकिन यहां हालात बेहद खराब हैं। कब तक नलकूप ठीक होगा, इसकी जानकारी भी नहीं मिल रही है।
**-गोपाल रावत**, रामड़ी जसुवा

ट्यूबवेल खराब होने से पानी का भारी संकट है। टैंकर भी समय पर नहीं पहुंच रहे हैं और जब आते हैं तो पानी पर्याप्त नहीं होता। रोज पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। **-गोविंद राणा**, रामड़ी जसुवा

# 154 करोड़ रुपये से तर होगा हल्द्वानीवासियों का गला

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** शहर में हर साल गर्मियों में गहराने वाले पेयजल संकट से राहत दिलाने के लिए जल संस्थान ने बड़ी योजना पर काम शुरू कर दिया है। इसके तहत शहर में तीन नए फिल्टर प्लांट बनाए जाएंगे, जिससे आने वाले वर्षों में पानी की समस्या दूर होने की उम्मीद है। ऐसे में 154 करोड़ रुपये की लागत से हल्द्वानीवासियों का गला तर करने की तैयारी है।

योजना के पहले चरण में 20-20 एमएलडी क्षमता के दो नए फिल्टर प्लांट लगाए जाएंगे। इन प्लांटों के माध्यम से गौला नदी के पानी को फिल्टर कर शहर में पेयजल आपूर्ति की जाएगी। इसके अलावा जमरानी बांध परियोजना के अंतर्गत भविष्य में 80 एमएलडी क्षमता का एक और फिल्टर प्लांट भी प्रस्तावित है। इस पूरी परियोजना पर करीब 154 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वर्तमान में शहर में केवल 5 एमएलडी और 7.5 एमएलडी क्षमता के पुराने फिल्टर प्लांट से ही पानी की आपूर्ति हो रही है, जिससे बढ़ती आबादी की जरूरत पूरी नहीं हो पा रही है। गर्मियों में पानी की किल्लत लगातार बढ़ जाती है, जिससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है।

- तीन नए वाटर फिल्टर प्लांट बनेंगे, दूर होगा पेयजल संकट
- पहले चरण में 20-20 एमएलडी क्षमता के दो फिल्टर प्लांट लगेंगे



#### पुरानी लाइनें बदली जाएंगी

वर्ष 1972 में बिछाई गई पुरानी सीमेंट पाइपलाइनों को भी बदला जाएगा। साथ ही 1970 में बने शीशमहल स्थित पुराने फिल्टर प्लांट को ध्वस्त किया जाएगा। बढ़ती आबादी और पुरानी व्यवस्था के कारण शहर में जल आपूर्ति पर दबाव बढ़ रहा है, जिसे देखते हुए यह योजना महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

निर्माण एजेंसी का चयन कर लिया गया है और टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। परियोजना की डिजाइन अंतिम चरण में है तथा फरवरी से निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। **-विशाल कुमार सक्सेना**, अधीक्षण अभियंता, जल संस्थान

### संस्थागत प्रसव और टीबी उन्मूलन पर जोर

**हल्द्वानी:** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसी पंत ने जनपद के समस्त केंद्रों, सीएमएस और एमओआईसी के साथ वर्चुअल बैठक कर स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। बैठक में शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करने और टीबी मुक्त अभियान को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया।

सीएमओ ने निर्देश दिए कि सभी चिकित्सालयों, ब्लॉकों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों और उपकेंद्रों पर गर्भवती महिलाओं को समय पर सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं तथा बच्चों का नियमित टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। जननी सुरक्षा योजना, ईजा बोई और परिवार कल्याण योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के साथ टीबी और एनसीडी स्क्रीनिंग को गांव-गांव तक अभियान चलाकर बढ़ाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को काउंसलिंग कर बलगम जांच की सलाह दी जाए। एनीमिक और उच्च जोखिम वाली गर्भवतियों को चिन्हित कर उनका सुरक्षित संस्थागत प्रसव सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सभी डॉ. संजीव खर्कवाल, डॉ. रजत भट्ट, डॉ. अजय शर्मा, डॉ. उषा जंगपांगी, डॉ. राजेश ढकरियाल, मदन मेहरा आदि रहे।

# 4.99 करोड़ के नलकूप का शुभारंभ



बेड़ापोखरा एवं बजवालपुर क्षेत्र में नव निर्मित नलकूप का उद्घाटन करते कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बंशीधर भगत ने गुरुवार को बेड़ापोखरा एवं बजवालपुर क्षेत्र में 499.92 लाख रुपये की लागत से निर्मित नलकूप का विधिवत शुभारंभ किया। इस नलकूप के शुरू होने से क्षेत्र के करीब 700 परिवारों को सीधे तौर पर स्वच्छ पेयजल की सुविधा मिलेगी।

विधायक बंशीधर भगत ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता हर घर तक स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल पहुंचाना है। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस नलकूप के शुरू होने से क्षेत्रवासियों को लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या से राहत मिलेगी। इस दौरान क्षेत्र की महिलाओं ने जर्जर सड़क की समस्या भी विधायक के सामने रखी। इस पर विधायक ने आश्वस्त किया कि संबंधित विभाग से समन्वय कर जल्द सड़क निर्माण को स्वीकृति दिलाई जाएगी और प्राथमिकता के आधार पर कार्य कराया जाएगा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष दलीप नेगी (दीपू), विधायक प्रतिनिधि विकास भगत, भूमि दानदाता राधा नेगी, ग्राम प्रधान भावना नेगी, ग्राम प्रधान नरेश बजवाल, बीडीसी सदस्य सोनी दुर्गापाल, प्रकाश पटवाल, तेजेंद्र बोरा, भूपेंद्र मौनी, नरेंद्र खोलिया, जीवन नेगी, दीवान मेहरा, गोविंद नेगी रहे।

### कृषि वैज्ञानिकों ने किया फसलों का निरीक्षण

**हल्द्वानी:** विकास खंड हल्द्वानी के फत्ताबंगर गांव में कृषि विज्ञान केन्द्र ज्योलीकोट के वैज्ञानिकों ने गन्ना, प्याज और लहसुन की फसलों का निरीक्षण किया।

केंद्र की फसल वैज्ञानिक डॉ. कंचन नैनवाल ने गन्ने की फसल में पाए जाने वाले विभिन्न खरपतवारों की पहचान कराते हुए किसानों को उपयुक्त खरपतवारनाशी के प्रयोग की जानकारी दी तथा प्रक्षेत्र परीक्षण के लिए कृषकों का चयन किया। वहीं, डॉ. दीपाली तिवारी ने लहसुन और प्याज की उन्नत खेती तकनीकों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वैज्ञानिकों ने खरीफ फसलों की वैज्ञानिक एवं प्राकृतिक खेती के महत्व पर भी किसानों को जागरूक किया। इस दौरान प्रगतिशील कृषक हरीश लोशाली, राजेश लोशाली सहित कई किसान उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में लहराया परचम

संवाददाता, धानाचूली



यशोदा बिष्ट।



अंकिता बिष्ट।



योगिता बिष्ट।

**अमृत विचार:** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2025-26 के घोषित परिणामों में धारी विकास खंड के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस बार बेटियों ने बेहतरीन अंक हासिल कर बाजी मार ली।

अटल उत्कृष्ट पंडित पूर्णानंद तिवारी राजकीय इंटर कॉलेज, धानाचूली की छात्रा यशोदा बिष्ट ने 500 में से 463 अंक प्राप्त कर 92.6 प्रतिशत अंक हासिल किए। वहीं अंकिता बिष्ट ने 403 अंक (80.6 प्रतिशत) प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। दोनों छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय में खुशी का माहौल है।

इसी क्रम में राजकीय इंटर कॉलेज, सुंदरखाल की छात्रा योगिता बिष्ट ने 500 में से 397 अंक प्राप्त कर 79.4 प्रतिशत अंक हासिल किए और अपने विद्यालय सहित पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया। खंड शिक्षा अधिकारी शुभम वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में क्षेत्र के विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य पी. कुमार सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मेधावी छात्राओं को बधाई देते हुए उनकी इस उपलब्धि को प्रेरणादायक बताया।

## स्कूलों के टॉप थ्री होनहार

### शेमफोर्ड सीनियर स्कूल



प्रियंका बिष्ट 98%



चेताली चंद 96 .2 %



कुशाग्र राठौर 96%

### गुरुकुल इंटरनेशन स्कूल



रोहित जोशी 98%



कुमकुम भाटिया 97 .2%



साक्षी गोस्वामी 97%

### शिवालिक इंटरनेशन स्कूल



विवेक वर्मा 95%



वाणी पंत 94%



लावण्या सिंह 94%

### सेंट पॉल स्कूल



रक्षिता मेहरा 97 .6%



नेचर 94 .8%



हर्ष वर्धन 94 .8%

### विजडम पब्लिक स्कूल



काव्य पांडे 96 .4%



खुशी जोशी 96 .2%



अक्षय 94 .2%

### एसेंट पब्लिक स्कूल



दिव्यांशु कांडपाल 93 .4%



हितेश जोशी 93%

### निर्मला कॉन्वेंट



इशान्वी जोशी 98 .4 %

# सीबीएसई बोर्ड में वेंडी का शानदार प्रदर्शन

संवाददाता, हल्द्वानी



दिव्यांशी



आस्था गोस्वामी



नेहा बेलवाल

**अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में वेंडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, दौलतपुर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस साल स्कूल से बड़ी संख्या में छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर सफलता हासिल की। स्कूल की छात्रा दिव्यांशी ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल में प्रथम स्थान हासिल किया।

आस्था गोस्वामी ने 93 प्रतिशत, नेहा बेलवाल ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा युवराज पांडे और भूमिका पलडिया ने 90-90 प्रतिशत, हरेंद्र सिंह ने 91.6 प्रतिशत और अमन अली और आकाश चिलवाल ने भी 90 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस मौके पर स्कूल के निदेशक डॉ. विकल बवाड़ी और प्रधानाचार्य डॉ. भावना बवाड़ी ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। प्रधानाचार्य ने बताया कि इस बार रिजल्ट ने शैक्षिक गुणवत्ता को एक बार फिर प्रमाणित किया है।

### सिंथिया में बोर्ड के मेधावियों का सम्मान

**हल्द्वानी :** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावियों को सम्मानित किया गया। छात्रा मानवी शर्मा ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया। निहारिका तिवारी ने 95.4%, दीपक बिष्ट 94.4, वंशिका गर्ग 94.2, प्राची 94, विशेष पांडे 93.8, श्रृष्टि ल्वेशाली 93.4, काशवी जोशी 93, निशा शर्मा 92.6, मानस बमेठा 92.4, योगेश शर्मा 92, तक्षिता सुयाल 91.8, गौरव गोस्वामी 91.6, आदित्य अधिकारी 91.4, मिताली लोहनी 91.2, दिव्यांश सिंह 91, महाश्री बिष्ट 90.8, अदिति भाकुनी 90.6, मानसी मनराल व निश्चय दर्मवाल 90.4-90.4 और ज्योतिरादित्य व नेहा ने 90-90 प्रतिशत अंक हासिल किए। प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी।

# दीक्षांत की अरूंधति जिले में टॉप

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में 99.6 प्रतिशत अंक हासिल कर टॉप करने वाली अरूंधति तिवारी पढ़ाई के साथ ही योग में भी काबिलियत रखती है। उन्होंने योग में राष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड और सिल्वर मेडल जीता है। इसके साथ ही राज्य स्तर पर भी कई प्रतियोगिताएं में प्रतिभाग कर चुकी हैं। वह तबला भी बजाती हैं।

तबला वादन में उन्होंने पांच साल का कोर्स किया है। इसके साथ ही पढ़ाई के अलावा समय मिलने पर पेंटिंग करना और नॉवल पढ़ना पसंद करती हैं। उन्हें खासकर रूस और जापान के नॉवल पढ़ना पसंद है। रूसी लेखक फ्योदोर दोस्तोयेव्स्की उनके पसंदीदा हैं। दीक्षांत स्कूल की छात्रा अरूंधति ने हिंदी, अंग्रेजी और एआई में शत-प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। जबकि गणित और साइंस में 99-99 अंक हासिल किए हैं। बताया कि बिना कोचिंग के सहारे रिवीजन और रोजाना की प्रैक्टिस के बलबूते ही उन्होंने सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने में सफल रही। कमलुवागांजा निवासी अरूंधति के पिता मुकेश तिवारी एक इंश्योरेंस कंपनी में रीजनल मैनेजर हैं, जबकि माता कविता तिवारी गृहिणी हैं। वह 12वीं के बाद इंजीनियरिंग के क्षेत्र में जाना चाहती हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को दिया।



दीक्षांत स्कूल की टॉपर अरूंधति को मिठाई खिलातीं दादी। ● अमृत विचार

अमृत विचार

हल्द्वानी, शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026 रुद्रपुर

सिटी ब्रीफ

## बिना एमबीबीएस डॉक्टर के प्रसव कराने वाले अस्पतालों पर होगी एफआईआर

**बाजपुर :** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. केके अग्रवाल ने उपजिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य कर्मियों की बैठक लेकर संस्थागत प्रसव को लेकर सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी अस्पताल में बिना एमबीबीएस डॉक्टर के प्रसव कराने पर संचालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। सीएमओ ने बताया कि मानकों के उल्लंघन पर उजाला नेशनल अस्पताल को सील कर दिया गया है। उन्होंने आशा कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि घर पर प्रसव कराने वाली दाइयों को चिन्हित करें, क्योंकि ऐसा करने वालों पर भी कानूनी कार्रवाई होगी। इस मौके पर सीएमएस डॉ. पीडी गुप्ता मौजूद रहे।

## ऑटो पेमेंट बंद कराने के नाम पर दो लाख की ठगी

**सितारगंज :** क्षेत्र के ग्राम भरौनी निवासी पूरन सिंह के साथ 'ऑटो पेमेंट' बंद कराने के बहाने दो लाख रुपये की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित के फोन पर हॉटस्टार ऐप का ऑटो पेमेंट सक्रिय हो गया था, जिसे बंद कराने के लिए उन्होंने कथित कस्टमर केयर नंबर पर संपर्क किया। ठग ने मदद का झांसा देकर पीड़ित से एक ऐप इंस्टॉल कराया, जिससे उनका फोन हैक हो गया। इसके बाद ठग ने दो बैंक खातों से चार किस्तों में कुल 2 लाख रुपये उड़ा लिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## आबकारी टीम ने नष्ट कीं तीन अवैध भट्ठियां

**खटीमा :** आबकारी और वन विभाग की संयुक्त टीम ने किलपुरा रेंज के जंगलों में छापेमारी कर अवैध शराब के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई की है। आबकारी निरीक्षक ब्रजेश नारायण जोशी के नेतृत्व में टीम ने अलाविर्दी गांव के पास दबिश देकर अवैध कच्ची शराब बनाने की तीन धधकती भट्ठियों को नष्ट किया। मौके से लगभग 2000 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया और 60 लीटर तैयार शराब जब्त की गई। हालांकि, टीम के पहुंचने से पहले ही तस्कर जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गए। आबकारी निरीक्षक ने चेतावनी दी है कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

## संतोष मौत प्रकरण में चालक पर मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर :** कोतवाली इलाके में सड़क हादसे में मारे गए संतोष प्रकरण में पुलिस ने पत्नी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश तेज कर दी है। गांव ओगला अस्कोट पिथौरागढ़ निवासी रूपा देवी ने बताया कि पति संतोष कुमार रुद्रपुर काशीपुर हाईवे स्थित नवोदय विद्यालय में नौकरी करता था। 30 मार्च की शाम सवा 10 बजे पति ड्यूटी कर पैदल ही घर लौट रहे थे। अचानक गाबा चौक पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे पति की मौत हो गई।

# जून तक हो जाएगा एयरपोर्ट विस्तारीकरण

## मुख्य सचिव ने प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की, एयरपोर्ट से संचालित हवाई सेवाओं की जानकारी भी ली

संवाददाता, पंतनगर

**अमृत विचार:** मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने जनपद भ्रमण के दौरान पंतनगर एयरपोर्ट का निरीक्षण किया। साथ ही एयरपोर्ट विस्तारीकरण प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान डीजीएम सिविल अनूप गुप्ता ने बताया कि पंतनगर हवाई अड्डा अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार बनाया जा रहा है। जिसे 380 करोड़ की लागत से पंतनगर हवाई अड्डा विस्तारीकरण कार्य किये जा रहे हैं। जून माह तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार तीन हजार मीटर का रनवे बनाया जाएगा।

गुरुवार को समीक्षा के दौरान डीजीएम सिविल ने बताया कि पंतनगर एयरपोर्ट विस्तारीकरण के लिए 524.70 एकड़ भूमि एयरपोर्ट प्राधिकरण के नाम आवंटित हो गयी है। साथ ही टीडीसी, पंतनगर विश्वविद्यालय, सैनिक फर्म आदि की जो भी भूमि एयरपोर्ट को आंवटित की गयी है उसमें भवनों का ध्वस्तीकरण व पेड़ों का कटान कार्य कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि एयरपोर्ट के विस्तारीकरण कार्यों में चाहरदीवारी निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा नये टर्मिनल के साथ ही हैंगर, आइएलएस सुविधा, कार्गो बनाया जायेगा। नाईट लैंडिंग सुविधा भी होगी। उन्होने बताया कि वर्तमान एयरपोर्ट में भी यात्रियों की सुविधा देने के लिए एटीएम, कार पार्किंग, टैक्सी रिटेल काउंटर, वाईफाई सुविधा कार्य किये जाएंगे। साथ ही यात्रियों के लिए हेल्प डेस्क व प्राथमिक चिकित्सा व एम्बुलेंस सुविधा भी रखी गयी है। एयरपोर्ट विस्तारीकरण कार्यों का एनवायरमेंट क्लीयरेंस के लिए अप्लाई किया गया है।

पीडी एनएचएआई अंचल जिंदल ने बताया कि एयरपोर्ट विस्तारीकरण की जद में आ रहे राष्ट्रीय राजमार्ग को शिफ्ट करने का कार्य का सर्वे कर टेंडर कर लिए गये हैं। शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने बताया कि पंतनगर एयरपोर्ट से लगी भूमि पर गेस्ट हाउस भी प्रस्तावित किया गया है। साथ ही बताया कि एयरपोर्ट से लगी भूमि आर्मी को भी आवंटित की गयी है। मुख्य सचिव ने पंतनगर एयरपोर्ट से संचालित हवाई सेवाओं की विस्तृत जानकारियां ली। उन्होंने सभी अधिकारियों को एयरपोर्ट विस्तारीकरण कार्यों को आपसी समन्वय से कराने के निर्देश दिए। इसके बाद मुख्य सचिव ने वर्ल्ड ऑन व्हील्स डिजिटल लर्निंग लैब एजुकेशन कार्यक्रम के तहत तीन माह कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों के साथ संवाद किया व प्रमाण पत्र दिए।

इस दौरान मंडलायुक्त दीपक रावत, कुलपति जीबी पंतनगर विश्वविद्यालय डॉ.मनमोहन सिंह चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, डीएफओ यूसी तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, कौस्तुभ मिश्रा, निदेशक पंतनगर एयरपोर्ट पवन कुमार, डीजीएम पूरन सिंह, अधिशासी अभियंता पेयजल निगम नरेंद्र नवानी आदि मौजूद थे।



एयरपोर्ट विस्तारीकरण का नक्शा देखते मुख्य सचिव मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन।



किच्छा में निर्माणाधीन एम्स का निरीक्षण करते मुख्य सचिव आनंद वर्धन।

### सीडीओ ने पीपीटी के माध्यम से दी जानकारी

**पंतनगर :** मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी ने पीपीटी के माध्यम से जनपद के विकास कार्यों की जानकारी दी। साथ ही बताया कि जनमन योजना में जनपद द्वितीय स्थान पर आने पर महामहिम राष्ट्रपति ने सम्मानित किया है। इसी तरह जनपद में 372 ग्राम पंचायतों में से 229 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त होने पर टीबी मुक्त अभियान में द्वितीय स्थान पर रहने पर महामहिम राज्यपाल ने सम्मानित किया। उन्होंने बीस सूत्रीय कार्यक्रम, सम्पूर्णता अभियान, रुद्रपुर बाईपास, अमृत योजना, गौशाला निर्माण, मेडिकल कॉलेज निर्माण, सर्किट हाउस निर्माण, ट्रांजिट कैंप व सिडकुल में वर्किंग ओमन हास्टल निर्माण, सितारगंज में पार्किंग एवं पार्क निर्माण आदि की विस्तृत जानकारियां दी।

### सेटेलाइट एम्स में अगस्त से शुरू होगी ओपीडी

**किच्छा :** मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने 381 करोड़ की लागत से बन रहे 251 बेड के सेटेलाइट एम्स का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए जुलाई तक कार्य पूर्ण करने को कहा, ताकि अगस्त से ओपीडी शुरू की जा सके। सीपीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने बताया कि आवासीय भवनों और सड़कों का काम मई तक पूरा हो जाएगा। इस अस्पताल में 10 ओटी, 30 आईसीयू बेड समेत कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं मिलेंगी। निरीक्षण के बाद मुख्य सचिव और कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

# फॉर्मर आईडी से मिलेगा अब योजनाओं का लाभ

- जनपद के किसानों फॉर्मर डिजिटल आईडी तैयार करने का आह्वान
- 30 तक लगाए जाएंगे किसानों के लिए शिविर

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** किसानों को अब सरकारी योजनाओं को लाभ लेने के लिए फॉर्मर डिजिटल आईडी (फार्मर रजिस्ट्री) बनाना अनिवार्य हो गया है। इसके लिए ग्राम पंचायतों में 30 अप्रैल तक शिविर भी लगाए जा रहे हैं। यहां किसानों की डिजिटल आईडी बनायी जाएगी। इसके अलावा किसान जनसेवा केंद्र (सीएचसी) के माध्यम से भी डिजिटल आईडी बना सकते हैं।

यहां बता दें कि राज्य सरकार और भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का किसानों को लाभ फार्मर डिजिटल आईडी के आधार पर ही मिलेगा। इसके लिए किसानों से फार्मर डिजिटल आईडी तैयार करने का आह्वान किया गया है। फार्मर डिजिटल आईडी के लिए कृषि विभाग, उद्यान विभाग, गन्ना विभाग, मत्स्य विभाग, डेयरी विकास विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, पंचायत राज विभाग के कर्मचारी 30 अप्रैल तक गांव और ग्राम पंचायत स्तर तक शिविर लगाएंगे। जनपद में फार्मर डिजिटल आईडी तैयार कराने के लिए 172 कर्मचारियों को ऑपरेटर नियुक्त किया गया हैं। तहसील स्तर पर एक अधिकारी को नोडल नामित किया गया है। जनपद स्तर पर अपर जिला अधिकारी(वित्त एवं राजस्व) व मुख्य विकास अधिकारी प्रतिदिन की प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। इस संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर कृषि विभाग एवं राजस्व विभाग के कर्मचारी एवं अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं।

**ये होगा फायदा**

- प्रधानमंत्री किसान योजना, फसल बीमा और अन्य अनुदान मिलेंगे आसानी से।
- बैंकों से कम ब्याज दर पर केसीसी और कृषि ऋण की मिलेगी सुविधा।
- फसल का मिलेगा न्यूनतम समर्थन मूल्य और बाजार।
- गुणवत्तायुक्त बीज, खाद और कृषि उपकरणों पर मिलेगी सब्सिडी।

> किसानों को अब सरकारी योजनाओं को लाभ लेने के लिए फॉर्मर डिजिटल आईडी बनाना अनिवार्य हो गया है। इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाए जा रहे हैं। साथ ही किसानों से शिविर या किसान जन सेवा केंद्र में अपनी आईडी तैयार करने का आह्वान किया गया है।
>
> **-वीके यादव,** मुख्य कृषि अधिकारी, ऊधमसिंह नगर

# आईआईएम में एशियन लाइब्रेरीज के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आगाज

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) काशीपुर में 'एशियन लाइब्रेरीज़' के 9वें तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य शुभारंभ हुआ। 16 से 18 अप्रैल 2026 तक चलने वाले इस सम्मेलन का विषय "विकसित होती सूचना परिदृश्यः पुस्तकालयों को भविष्य के लिए तैयार करना" रखा गया है।

मुख्य अतिथि उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने उद्घाटन करते हुए कहा कि डेटा-आधारित शासन के इस युग में पुस्तकालयों को गतिशील और तकनीक-सक्षम केंद्रों के रूप में विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने तक्षशिला और नालंदा का उल्लेख करते हुए भारत की समृद्ध बौद्धिक विरासत को याद किया। आईआईएम निदेशक प्रो. नीरज द्विवेदी ने भविष्य के पुस्तकालयों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आधुनिक तकनीक से लैस करने पर जोर दिया, ताकि भ्रामक सूचनाओं जैसी चुनौतियों का सामना किया जा सके। सम्मेलन के पहले दिन डिजिटल आर्काइव और ज्ञान प्रबंधन पर चर्चा हुई तथा विशेषज्ञों को 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, एसएसपी अजय गणपति, आरके शर्मा और डॉ. मोहम्मद आसिफ खान सहित कई विद्वान एवं अधिकारी उपस्थित रहे।




मुख्य सचिव को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते आईआईएम निदेशक।

# सिलेंडर की बिगड़ी व्यवस्था से भड़के उपभोक्ता

- हंगामा देख प्रबंधन ने लगाए ताले, इंडेन गैस एजेंसी प्रबंधक ने सिलेंडर दिलवाने का आश्वासन दिया

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर अभी भी वितरण व्यवस्था सुधरने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार की सुबह बड़ी संख्या में उपभोक्ता गैस एजेंसी पहुंचे तो मुख्य कार्यालय गेट में ताला लगा हुआ था और कर्मचारी अंदर से ही उपभोक्ताओं को भगा रहे थे। जिसकी भनक लगते ही पूर्व विधायक ठुकराल एजेंसी पहुंचे और हंगामा काटा। जिसके बाद एजेंसी प्रबंधन में हड़कंप मच गया। गुस्साए पूर्व विधायक ने उपभोक्ताओं के साथ धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया और हाथ जोड़कर उपभोक्ताओं की परेशानी को समझने का आह्वान किया।

गुरुवार को अचानक बड़ी संख्या में गैस सिलेंडर उपभोक्ता इंडेन गैस एजेंसी पहुंचे और सिलेंडर वितरण वाहन के नहीं आने का हवाला दिया।

इस दौरान एजेंसी कार्यालय में ताला लगा था और कर्मचारी अंदर से गैस नहीं होने की बात कहकर उपभोक्ताओं को भगा रहे थे। जिसकी भनक लगते ही पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल एजेंसी पहुंचे और कर्मियों को फटकार लगाते हुए हंगामा काटना शुरू कर दिया। उन्होंने उपभोक्ताओं के साथ धरना देते हुए एजेंसी कर्मचारियों के सामने हाथ जोड़कर उपभोक्ताओं की परेशानी समझने और कालाबाजारी को बंद करने का आह्वान किया।

ठुकराल का कहना था कि सिलेंडर की आपूर्ति ठीक आ रही है, लेकिन वितरक ठेकेदार मनमाने ढंग से वितरण कर रहा है और कालाबाजारी को बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि डीएम का सख्त आदेश है कि एजेंसी से सिलेंडर मुहैया नहीं होंगे, लेकिन वितरण व्यवस्था में सुधार आएगा। सूचना मिलने पर एजेंसी प्रबंधक ने मामला शांत कराया और जल्द ही सिलेंडर मुहैया कराने का आश्वासन दिया।



गैस एजेंसी पर धरना देते पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व अन्य। ● अमृत विचार

**कार्यालय नगर पंचायत गूलरभोज (ऊधम सिंह नगर)**
ई-मेल - eonpgularbhoj@gmail.com

पत्रांक : 50/2026-27 **सार्वजनिक सूचना** दिनांक : 16/04/2026

नगर पंचायत गूलरभोज क्षेत्रान्तर्गत निवासरत समस्त मीट व्यवसायियों जिसमें मुख्यतः बकरा मीट/मुर्गा मीट/ मछली/पकोड़ी आदि के व्यवसायियों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, गूलरभोज, द्वारा वार्ड नं०-05 गडार बस्ती में स्थित नव निर्मित मछली मार्केट में 18 अस्थायी दुकानों / शॉप का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। मा० अध्यक्ष महोदय से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन क्रम में निकायान्तर्गत निवासरत उक्त व्यवसाय से सम्बन्धित व्यवसायियों को वरियता प्रदान करते हुए दिनांक 22-04-2026 दिन बुधवार को समय अपरान्ह 12:00 बजे नगर पंचायत गूलरभोज के सभागार कक्ष में लॉटरी सिस्टम के माध्यम से 18 अस्थायी दुकानों / शॉप का आवंटन किया जाना है। निकायान्तर्गत निवासरत व्यवसायियों को अस्थायी दुकानों / शॉप का आवंटन के उपरान्त शेष अस्थायी दुकानों / शॉप का आवंटन निकाय के बाहर से आये व्यवसायियों को किया जायेगा।

दुकानों का आवंटन किये जाने सम्बन्धी आवेदन पत्र निकाय से दिनांक 18-04-2026 से 21-04-2026 समय सांय 05:00 बजे तक आवेदन शुल्क रु० 500.00 (18 प्रतिशत जी०एस०टी० अतिरिक्त) कुल रु० 590.00 का शुल्क निकाय कार्यालय में जमा कर आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है। भरे हुए आवेदन पत्र दिनांक 22-04-2026 को पूर्वान्ह 11:00 बजे तक निकाय कार्यालय में जमा किये जाने होंगे। निर्धारित तिथि एवं समय के उपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। व्यवसायी द्वारा दुकान आवंटन के समय आवेदन पत्र के साथ रु० 5000.00 (पांच हजार रूपये) नगद रूप में निकाय कार्यालय में जमा कराये जाने होंगे जिसके उपरान्त ही व्यवसायी को दुकान आवंटन प्रक्रिया में प्रतिभाग करने हेतु अनुमति प्रदान की जायेगी। किसी भी व्यवसायी के आवेदन पत्र में त्रुटि पाये जाने अथवा निकाय द्वारा मांगे गये दस्तावेजों में कमी पाये जाने पर आवेदन पत्र को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार मा० अध्यक्ष महोदय / अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत गूलरभोज को निहित होगा।

आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेजः-

01. व्यवसायी का आधार कार्ड, पैन कार्ड की छाया प्रति एवं 02 पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ।
02. आवेदन शुल्क रसीद की मूल प्रति।
03. स्थायी निवास प्रमाण पत्र की छाया प्रति या नगर पंचायत गूलरभोज में निवासरत होने का शपथ-पत्र मूलरूप में संलग्न करना अनिवार्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत, गूलरभोज**
**ऊधम सिंह नगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत, गूलरभोज**
**ऊधम सिंह नगर**

# गोदियाल के नाम से फर्जी पोस्ट कर हुई बंगाली समुदाय को भड़काने की साजिश

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, नारायण पाल और प्रेमानंद महाजन ने एक संयुक्त प्रेस वार्ता में गंभीर आरोप लगाया कि राजनीतिक लाभ के लिए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नाम से एक फर्जी फेसबुक आईडी बनाई गई है। इस आईडी के जरिए बंगाली समुदाय की भावनाओं को आहत करने वाली पोस्ट साझा कर चुनावी माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है। नेताओं ने बताया कि फर्जी पोस्ट में कथित रूप से उत्तराखंड की 'डेमोग्राफी' बदलने और समुदाय विशेष को लेकर आपत्तिजनक बातें कही गई हैं। गणेश गोदियाल ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है और यह उन्हें बदनाम करने की साजिश है। नेताओं ने इसे सामाजिक सौहार्द के खिलाफ बताते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। महानगर अध्यक्ष ममता रानी, ममता हालदार और कुमार सरकार भी मौजूद रहे।



पत्रकारों को जानकारी देते पूर्व विधायक नारायण पाल व अन्य। ● अमृत विचार

# बिरयानी विवाद में विधायक ने की कार्रवाई करने की मांग

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** शहर में जोमैटो ऐप पर नाम बदलकर बिरयानी बेचने का मामला गरमाता जा रहा है। शांति कॉलोनी निवासी रवि चंद्रा द्वारा ''सौरभ चिकन बिरयानी'' ऑर्डर करने पर पता चला कि दुकान का असली स्वामी राशिद है, जबकि ऑनलाइन नाम हिंदू दर्शाया गया था। इस खुलासे के बाद हुए हंगामे पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरुवार को विधायक शिव अरोरा ने समर्थकों संग एसपी क्राइम जीतेंद्र चौधरी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। विधायक ने आरोप लगाया कि विशेष समुदाय के लोग हिंदू नाम रखकर धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं, जिससे सांप्रदायिक तनाव बढ़ सकता है। उन्होंने मांग की कि पुलिस सघन सत्यापन अभियान चलाकर ऐसे दुकानदारों को चिन्हित करे। एसपी क्राइम ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही ड्राइव चलाकर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर गौरक्षा दल जिला महामंत्री राधे श्रीवास्तव, भाजयुमो जिला अध्यक्ष बिट्टू चौहान, मनीष गोस्वामी, मनोज मदान, विक्की राघव मौजूद रहे।

## कल्याणी नदी की सफाई के दौरान निकली बाइक

**रुद्रपुर :** नगर निगम द्वारा भूत बंगला क्षेत्र में कल्याणी नदी की सफाई के दौरान एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। गुरुवार को जेसीबी से सफाई करते समय नदी की कीचड़ से एक बिना नंबर वाली स्प्लेंडर बाइक निकली, जिसे देख मौके पर मौजूद लोग दंग रह गए। बाइक की हालत देखकर इसके कई दिनों से पानी में होने की आशंका है, हालांकि टायर नए जैसे लग रहे हैं। कोई दावेदार न मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि बाइक के चेचिस नंबर से मालिक का पता लगाया जा रहा है। पुलिस यह भी जांच रही है कि क्या बाइक किसी वारदात को अंजाम देकर सबूत मिटाने के उद्देश्य से फेंकी गई थी। पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कर रही है।

पहल | नारी शक्ति वंदन अभियान को लेकर चला हस्ताक्षर अभियान, छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाई

# नारी सम्मान को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** नारी शक्ति वंदन अभियान को लेकर एसबीएस महाविद्यालय में जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा विपिन सिंह गहलौत के नेतृत्व में हस्ताक्षर अभियान कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान सभी ने मिलकर नारी शक्ति के सम्मान और सशक्तिकरण के इस संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। वहीं अभियान में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मानव श्रृंखला बनाकर महिला सशक्तिकरण के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया।

गुरुवार को कार्यक्रम के दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा कि देश और प्रदेश की प्रगति में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह अभियान महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और उन्हें समाज में सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम सभी को मिलकर इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाना चाहिए। जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा विपिन सिंह गहलौत ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज में महिलाओं के सम्मान और अधिकारों को मजबूत करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि हमें यह तय करना होगा कि हर महिला को समान अवसर और सम्मान मिले। तभी सशक्त समाज का निर्माण संभव है। युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को इस अभियान के महत्व के बारे में जागरूक किया और अधिक से अधिक लोगों को इससे जुड़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री किसान मोर्चा धीरेंद्र मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा नवजोत सिंह समेत रचित सिंह, रोहित भट्ट, आदेश भारद्वाज, मनीष गोस्वामी, अशोक नेगी, मयंक माटा, संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।



मानव श्रृंखला बनाकर समर्थन व्यक्त करतीं छात्राएं, साथ में विधायक शिव अरोरा। ● अमृत विचार

# भागवत कथा का समापन महापौर ने लिया आशीर्वाद

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** वार्ड 33 स्थित शांति विहार में आयोजित श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान महायज्ञ का समापन हवन पूजन और विशाल भंडारे के साथ हुआ। पूर्व ब्लॉक प्रमुख पंकज सामंत एवं स्थानीय निवासियों की ओर से अंतिम दिन महापौर विकास शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। व्यास पीठ का आशीर्वाद प्राप्त कर महापौर ने क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। इस दौरान आयोजन समिति ने महापौर को स्मृति स्वरूप अंग वस्त्र भेंट कर और माल्यार्पण कर उनका भव्य अभिनंदन किया। इस दौरान महापौर शर्मा ने भक्ति और सामाजिक समरसता पर विशेष बल दिया। साथ ही कहा कि श्रीमद् भागवत जैसे आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान मात्र नहीं हैं, बल्कि ये समाज में प्रेम, एकता और समरसता का संचार करने वाले शक्तिशाली माध्यम हैं। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, वंदे मातरम ग्रुप के अध्यक्ष संजय कुमार, छात्रसंघ अध्यक्ष रजत सिंह बिष्ट, आशीष यादव, पान सिंह बोरा, डीगर सिंह मौजूद रहे।



भागवत कथा में पहुंचे महापौर शर्मा।

# 10वीं में हर्षा ने 100 फीसदी अंक प्राप्त कर रचा इतिहास

## डीपीएस के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने की हर्षा की उपलब्धि की सराहना, परीक्षा परिणामों को देखकर स्कूल प्रबंधकों में खुशी

संवाददाता, रुद्रपुर



**अमृत विचारः** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) बोर्ड ने 10वीं परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन करने के साथ ही शहर का नाम भी रोशन किया है। छात्रों की इस उपलब्धि पर स्कूल प्रबंधन में भी खुशी का माहौल है। छात्रों ने स्कूल में खुशी का इजहार किया।

दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा में इतिहास रचते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय की मेधावी छात्रा हर्षा अरिप्रसाथ ने 100 फीसदी अंक प्राप्त कर एक ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायक उपलब्धि हासिल की। इसके अलावा वंश कौशिक ने 98.8 प्रतिशत, अनमोल बर्तवाल ने 98.6, मान्या गोयल 98.2 प्रतिशत, स्वस्तिका पटेल ने 98.2 प्रतिशत, ओजस्वी परिहार 96.6 प्रतिशत और सिदकप्रीत पुरी ने 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर, वाइस चेयरमैन हरमन सिंह ग्रोवर, प्राचार्य चेतन चौहान ने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने विशेष रूप से हर्षा की उपलब्धि की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के परिणाम न केवल विद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं, बल्कि अन्य विद्यार्थियों को भी बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं।

### स्टोन रिज इंटरनेशनल की छात्रा माही ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर किया टॉप



**रुद्रपुर :** रुद्रपुर स्टोन रिज इंटरनेशनल स्कूल के कक्षा 10वीं के छात्र-छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसमें 32 विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय की छात्रा माही रौतेला ने 97 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया। अपूर्व शर्मा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और आरव गुप्ता ने 96 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा गीतिका वर्मा ने 94 .8 प्रतिशत, आकाशी 94 .4 प्रतिशत, माही राणा ने 94 प्रतिशत, श्रेयशी वर्मा 94 प्रतिशत, आदर्श त्रिपाठी 94 प्रतिशत, अंकिता पांडे ने 94 प्रतिशत और रोशनी भट्ट ने 93 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके अलावा विद्यालय के 17 विद्यार्थियों से अधिक छात्र छात्राओं ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधक राजेश सलूजा, प्रधानाचार्य संजीव स्टीफन एवं सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों को सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### गरिमा बनीं एकलव्य विद्यालय की टॉपर



**खटीमा :** सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की गरिमा राणा ने 96 .6 प्रतिशत, उत्कर्ष सिंह राणा 93 .2, अंकिता राणा 92 .6, हितेश राणा 92 .2, गगनदीप 91 .6, अभिनव राणा 90 .6, मानसी 90 .4 और रितिका राणा ने 90 .2 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। प्रधानाचार्य भारती यादव ने कहा कि विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है। उन्होंने बच्चों और शिक्षकों को बधाई दी है।

### अलक्ष्या की हिमांशी 97.6 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल टॉपर



**खटीमा :** सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में अलक्ष्या पब्लिक स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिसमें हिमांशी ने 97 .6 अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया। श्रेयांश सकलानी 97 .2 के साथ दूसरे और मयूरिका कन्याल 95 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। वहीं महिमा बोहरा 94 .6, शिवांश पाठक 93 .5, युवराज सिंह सामंत 93 .5, कनक शर्मा 92 . 4, भाविका तिवारी 91 . 2, अक्षत सिंह बोहरा 91, संस्कार शर्मा 90 .6 और ध्रुव गहतोड़ी ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किया। विद्यार्थियों की सफलता पर स्कूल उपाध्यक्षा जया चुफाल गोस्वामी, सह-प्रबंध निदेशक प्राजेश गोस्वामी, प्रबंधक विनोद बोहरा, प्रधानाचार्य अजय बोहरा, उप प्रधानाचार्य विनोद चंद आदि ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### शिक्षा भारती की वंशिका को 97.6 प्रतिशत अंक



**खटीमा :** शिक्षा भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल का हाईस्कूल सीबीएसई परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। जिसमें वंशिका मिश्रा 97 .6, दीपाकर पाठक 96 .6 और सक्षम कुशवाहा 95 .6 प्रतिशत रहा। शत प्रतिशत परीक्षाफल एवं मेधावी छात्रों को चेयरमैन हरिश्चंद्र पांडे, मैनेजिंग डायरेक्टर विनय पांडे, प्रबंधक विकास पांडे, प्रधानाचार्य डीसी उप्रेती ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### एसके पब्लिक स्कूल की अर्पिता रही टॉपर



**खटीमा :** एसके पब्लिक स्कूल मझोला का हाईस्कूल सीबीएसई का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। 10वीं के मेधावी छात्रों में अर्पिता अग्रवाल ने 95 .6 एनहददीप सिंह ने 94, पावनी गुप्ता ने 92 .4 तथा मयंक सिंह ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रबंधक जगजीत सिंह, प्रधानाचार्य मोहन चन्द्र तिवारी, शैक्षिक निर्देशन राजेंद्र सिंह, प्रशासनिक अधिकारी जसकिरन कौर ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

### अफोर्ड लाइन की महक को 95.2 प्रतिशत अंक मिले



**खटीमा :** सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में अफोर्ड लाइन पब्लिक स्कूल एवं अफोर्ड लाइन इंस्टीट्यूशन की छात्रा महक चंद 95 .2 प्रतिशत, खुशबू मेहरा 94, अंशिका सिंह 91, रीतु भट्ट 91 और याशिका भट्ट ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। संस्थान के निदेशक गणेश लोहनी, संदीप चंद, रवींद्र जोशी, दीप्ति बिष्ट, पार्वती लोहनी, वंदना जोशी, राजकुमार, मुकेश ने बधाई दी है।

### वीएसएम सनफ्लावर स्कूल के बच्चों ने किया नाम रोशन



**जसपुर :** सीबीएसई बोर्ड हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम में महुआडाबरा स्थित वीएसएम सनफ्लावर पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने स्कूल का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणामों में वीएसएम स्कूल में अध्ययनरत छात्रा यशस्वी चौहान ने 95 .2 प्रतिशत, गरिमा चौहान ने 90 .60 प्रतिशत और तनु चौहान ने 88 प्रतिशत अंक हासिल किए। प्रबंधक अजय चौधरी, प्रधानाचार्य हरिओम सपरा, सुनील त्यागी, अनमोल रोहेला आदि ने छात्रों को शुभकामनाएं दी।

# 98 फीसदी अंक के साथ आराध्य ने किया टॉप

संवाददाता सितारगंज



**अमृत विचार :** सीबीएसई ने दसवीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल, सितारगंज से आराध्य अग्रवाल ने 98 फ़ीसदी अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया है। जबकि, आराध्या गंगवार ने 97.4 फ़ीसदी अंक प्राप्त कर द्वितीय और इंशा खान ने 97.2 फ़ीसदी अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

स्कॉलर वैली इंटरनेशनल स्कूल, सितारगंज से कृतिका जोशी ने 96.2 फ़ीसदी अंक के साथ विद्यालय में टॉप किया है। जबकि, उत्कर्ष प्रताप सिंह ने 92.8 फ़ीसदी अंक के साथ द्वितीय और दिग्पाल शर्मा ने भी 92.8 फ़ीसदी अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

विद्यालय के प्रबंधक पलविंदर सिंह औलख ने बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले छात्रों को बधाई दी। वहीं, एसएम पब्लिक स्कूल सितारगंज से नीरज भट्ट ने 96 फ़ीसदी अंक के साथ विद्यालय में टॉप किया है। जबकि, हर्षित जोशी ने 93.4 फ़ीसदी अंक के साथ द्वितीय और मोहसीना ने 90 फ़ीसदी अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

विद्यालय के प्रबंधक भुवन भट्ट ने कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी सतत मेहनत, आत्मविश्वास और एकाग्रता से यह सिद्ध कर दिया कि लगन और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

इधर, ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल, सितारगंज से गणेश राणा ने 96 फ़ीसदी अंक के साथ विद्यालय में टॉप किया है। जबकि, जया कुमारी ने 95.4 फ़ीसदी अंक के साथ द्वितीय और सोनाक्षी 94.8 अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही।

वहीं, मोहिंदर सिंह मेमोरियल स्कूल, सितारगंज से जोया रहमान ने 96 फ़ीसदी अंक के साथ विद्यालय में टॉप किया है। जबकि तृप्ति ने 91 फ़ीसदी अंक के साथ द्वितीय और रीत सागर ने 90 फ़ीसदी अंक के साथ तृतीय स्थान पर रही।

### सरस्वती का सौम्य रहा स्कूल टॉपर



**खटीमा :** सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा में सरस्वती एकेडमी बिगराबाग के छात्र सौम्य भट्ट ने 93 प्रतिशत अंक हासिल कर स्कूल का टॉपर बना है। वहीं प्रियांशु सिंह भंडारी ने 92 प्रतिशत के साथ द्वितीय और हिमेश जोशी ने 91 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है। चेयरपर्सन ज्योति पाल, प्रबंधक राजेश पाल तथा प्रशासनिक अधिकारी ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी है। प्रधानाचार्य रामयश ने बताया कि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि विद्यालय ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत सफलता प्राप्त की है।

# किड्स के जय, मदर इंडिया की योगिता रहे टॉपर

संवाददाता, दिनेशपुर



**अमृत विचारः** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई ने 10वीं परीक्षा परिणाम घोषित होने पर किड्स पैराडाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कक्षा 10 वीं में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

किड्स पैराडाइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक सत्येंद्र सिंह मान ने बताया कि टॉपर सूची में जय जोशी ने 98% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया है। जय जोशी पुत्र राजेंद्र जोशी, दूसरा स्थान पर तीन छात्रों ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया है। आयशा बिष्ट पुत्री संतोष सिंह, बिट्टू मेहरा पुत्र बलवंत सिंह मेहरा, और अंकुश दिक्टिया पुत्र नवीन चंद्र दिक्टिया तीनों ने 95% अंक प्राप्त किए हैं। विद्यालय प्रबंधन सत्येंद्र सिंह मान व प्रधानाचार्य जीपी होता ने मेधावी छात्रों को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



मदर इंडिया स्कूल की टॉपर योगिता रावत को सम्मानित करती प्रधानाचार्य साधना बटसर।

### मदर इंडिया के बच्चे छाए

**दिनेशपुर :** मदर इंडिया ग्लोबल स्कूल की योगिता रावत 96 .2 प्रतिशत अंकों के साथ बनीं टॉपर रही। योगिता रावत ने 96 .2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। मेधावी छात्र-छात्राओं में तनिषा मेहरा ने 94 .4 प्रतिशत, रिया गोस्वामी ने 92 प्रतिशत, सहज नारंग ने 87 .02 प्रतिशत, जय चंद हलदार ने 81 .02 प्रतिशत एवं अमान अली ने 81 .02 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधन की ओर से डायरेक्टर अनमोल विज, डायरेक्टर प्रियंका विज, मनीष अरोड़ा, सिमरन अरोरा एवं एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर डॉ . एजे . बटसर ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। प्रधानाचार्य साधना बटसर ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### शांतिपुरी के होनहारों ने किया विद्यालय टॉप



**शांतिपुरी :** शांतिपुरी के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत हाईस्कूल सीबीएसई बोर्ड के सात मेधावी बच्चों ने अपने-अपने विद्यालयों में सर्वश्रेष्ठ अंक अर्जित कर विद्यालय टॉप कर सफलता हासिल की है। जिसमें ग्रेट मदर टेरेसा पब्लिक स्कूल भरतपुर शांतिपुरी नंबर 2 के छात्र हर्षित जोशी ने सर्वाधिक 91 .07 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। जबकि क्षेत्र के हीरावती माधवानंद जोशी सरस्वती विहार शांतिपुरी की मानवी जोशी ने 95 .2 प्रतिशत, छात्रा चित्रा बुधानी ने 93 प्रतिशत एवं इसी विद्यालय के छात्र हिमांशु सिंह ने 92 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय का मान बढ़ाया है। वही क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्यालय सेंट लामार्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल सत्संग आश्रम शांतिपुरी के छात्र आयुष बिष्ट ने सर्वाधिक 95 .6 प्रतिशत, छात्र विजय नाथ ने 92 .6 प्रतिशत व छात्रा वैशाली डिमरी ने 91 .2 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय व क्षेत्र का मान बढ़ाया है। सभी मेधावी बच्चों को प्रबंधक प्रमोद कुमार वर्मा, सर्वदमन सिंह, गणेश चंद, प्रधानाचार्य राजेश कुमार शर्मा, प्रीती चंद व बृज मोहन कुनियाल ने बधाई दी है।

# बाजपुर में सेंट मेरी के धीरज सिंह बोरा बने टॉपर

संवाददाता, बाजपुर



**अमृत विचारः** क्षेत्र में सीबीएसई हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित होते ही खुशी की लहर दौड़ गई। इस बार सेंट मेरी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के होनहार छात्र धीरज सिंह बोरा ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर बाजपुर क्षेत्र में टॉप कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

बाजपुर स्थित सेंट मेरी सीनियर सेकेंड्री स्कूल में कक्षा 10 की परीक्षा में 138 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 118 ने प्रथम श्रेणी हासिल की। वहीं 89 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विशेष योग्यता प्राप्त की। विद्यालय के छात्र धीरज सिंह बोरा ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि शारिया ने 97.4 प्रतिशत अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल, बाजपुर के विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। सौरभ चौहान और अक्षित कुमार ने 91-91 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि कनिका खुल्लर ने 90 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा जीनियस ग्लोबल एकेडमी, बाजपुर के विद्यार्थियों ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। मानसी सागर ने 91.2 प्रतिशत, प्रियंका कार्की ने 91 प्रतिशत तथा इशमीत कौर ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यार्थियों की इस सफलता से विद्यालयों में उत्सव जैसा माहौल रहा। प्रधानाचार्यों व शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



सेंट मेरी स्कूल में टॉपर बच्चों को पुरस्कृत करतीं प्रधानाचार्या डॉ . शाइनी पॉल।

# सिटी कॉन्वेंट की टॉपर कशिश ने रचा इतिहास

संवाददाता, खटीमा



**अमृत विचारः** सीबीएसई 10वीं के परीक्षाफल में सिटी कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा कशिश चंद ने 98.8 प्रतिशत अंक हासिल कर न केवल स्कूल टॉप बल्कि विकासखंड में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है।सीबीएसई 10वीं की बोर्ड परीक्षा में कशिश चंद 98.6 प्रतिशत, जिया जोशी 94.4, जानवी भंडारी 93.8, खुशबू 93.4, साक्षी 93, तमन्ना 92.8, शौर्य परगाई 92, आयुष कार्की 91, रितु भट्ट 90.8, गौरव भट्ट ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किया है। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है। कशिश की सफलता पर न केवल उसके माता-पिता बल्कि पूरे विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। कशिश चंद की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा है। संस्थापक मोहन चंद्र उपाध्याय ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, अभिभावकों के सहयोग और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। प्रबंधक प्रवीण उपाध्याय एवं एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर तिलक उपाध्याय ने बधाई दी है।

**मेहनत** — मारिया असुम्पटा कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र तेजस वर्मा ने 99 फीसदी अंक पाए

# काशीपुर में सीबीएसई हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम रहा उत्तम

संवाददाता, काशीपुर



**अमृत विचारः** सीबीएसई हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में मारिया असुम्पटा कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र तेजस वर्मा ने 99, हितेन गोयल ने 98.4, दिव्यांश अग्रवाल ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। श्री गुरुनानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुंडेश्वरी के गुरजोत ने 99, नंद लाल ने 99, अनुश्री ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। डीएवी स्कूल की छात्रा निवेदिता ने बिष्ट ने 98.6, पुष्पांकित गोयल ने 97.6, अभिनव कुमार 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। समर स्टडी हॉल कुंडेश्वरी के 10वीं के छात्र अंश कुकरेजी ने 98, रितिका नेगी ने 96.2, आराध्या ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। केंद्रीय विद्यालय की कामिनी रानी ने 98, दिव्या जोशी ने 92.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। साईं पब्लिक स्कूल के सुंदरम सिंह ने 97.4, कृष्ण पपनै ने 96.6, आदित्य परमार ने 95.8, आर्मी स्कूल हेमपुर के तनय पंचोली ने 98, श्रेया आगरी ने 97.6, कोमल वर्मा 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। गुरुनानक मॉडल स्कूल में वाणी ने 95.2, वंश पांडे ने 92.6 फीसदी अंक प्राप्त किए। शिवालिक होली माउंट एकेडमी में अर्शप्रीत कौर ने 95, महिमा जोशी ने 94.6, अभिनव शर्मा ने 93 फीसदी अंक प्राप्त किए। छावनी चिल्ड्रन एकेडमी की फलक मातिमा ने 95.4, ईरा अली ने 95.2, जन्नत खान ने 95 फीसदी अंक प्राप्त किए। लिटिल स्कॉलर्स स्कूल के अद्वित सिंह ने 98.6, श्रृष्टि हर्ष ने 98.2, आर्यन बंसल ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

**डॉक्टर बनना चाहती निवेदिताः** अलीगंज रोड स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा निवेदिता बिष्ट ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। निवेदिता ने बताया कि 500 में से 493 अंक हासिल किए। उन्होंने अंग्रेजी में 100, हिंदी में 94, गणित में 95, विज्ञान में 100, सामाजिक विज्ञान में 98, अतिरिक्त विषय इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी में 100 अंक प्राप्त किए। पिता धर्मराज सिंह बिष्ट इसी स्कूल में व्यायाम शिक्षक हैं। माता अनिता बिष्ट गृहिणी हैं। वह डॉक्टर बनना चाहती हैं।

### घर पर किया अभ्यास



साकेत विहार कॉलोनी निवासी कृष्ण पपनै साईं स्कूल के छात्र हैं। उन्होंने 96 .6 अंक प्राप्त किए हैं। प्री बोर्ड के बाद घर निरंतर अभ्यास किया है। पढ़ाई के साथ वह क्रिकेट खेलने भी रोज जाते थे। पिता नवीन पपनै सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। माता विद्या पपनै गृहणी हैं।

# सेंट पीटर स्कूल के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

संवाददाता, किच्छा



**अमृत विचारः** सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित किए गए हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम में नगर के किशनपुर स्थित सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रधानाचार्य फादर अलेक्सांडर मोंटेरो ने परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी मिठाई खिलाकर उनका उत्साह वर्धन किया। उन्होंने बताया कि सेंट पीटर स्कूल के मेधावी छात्र आदर्श मेहरा ने 97.2 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय टॉप किया है। घोषित परीक्षा परिणाम में होनहार छात्र मिलन देव सिंह ने 96.2 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा स्थान तथा विद्यालय की मेधावी छात्राएं अर्पिता सिंह, प्रिया एवं इनाया खान ने 94.6 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान हासिल किया। बच्चों को रुक्मणी वर्मा, राज अरोड़ा, एलेन बर्नार्ड, शिबा फ्रांसिस आदि ने बधाई दी है।

# सुमित व निकिता ने पाया प्रथम स्थान

**सितारगंजः** राजकीय पीजी महाविद्यालय सितारगंज में राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वावधान में निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बृहस्पतिवार को महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. रेनू रानी बंसल ने किया। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण सुरक्षा और ग्राम पंचायतों में महिलाओं की भूमिका जैसे विषयों पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में सुमित कुमार ने प्रथम, संध्या ने द्वितीय और अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, डॉ. भीमराव अंबेडकर, स्वामी विवेकानंद और रविंद्र नाथ टैगोर की पोस्टर प्रतियोगिता में निकिता रानी ने प्रथम, सोनम ने द्वितीय तथा लक्ष्मी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय कुमार टम्टा ने किया।

## सिटी ब्रीफ

### परशुराम जयंती पर घोषित हो अवकाश

**काशीपुर :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (भारत) द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को चार सूत्रीय मांग-पत्र भेजकर विचार करने का आग्रह किया है। नगर निगम महापौर दीपक बाली के माध्यम से भेजे गए मांग-पत्र में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (भारत) काशीपुर के अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने कहा कि देश के अन्य राज्यों की तरह उत्तराखंड में भी भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की जाए। उत्तराखंड राज्य में ब्राह्मणों के हितों को ध्यान में रखते हुए ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए। भारत सरकार से मांग है कि सवर्णों के हितों को ध्यान में रखते हुए सनातन धर्म रक्षा बोर्ड/ सवर्ण आयोग का गठन किया जाए।

### बुजुर्ग के खाते से ठगों ने उड़ाए 26 हजार रुपये

**बाजपुर :** ठगों ने एक बुजुर्ग के बैंक खाते में सेंध लगाकर हजारों रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने साइबर क्राइम सेल में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। मोहल्ला नेता नगर, सुल्तानपुर पट्टी निवासी यामीन का बैंक खाता सुल्तानपुर पट्टी स्थित एक बैंक शाखा में है। पीड़ित के अनुसार, फरवरी से मार्च माह के बीच अज्ञात साइबर ठगों ने उनके खाते से किस्तों में कुल 26,250 रुपये निकाल लिए। ठगी का पता तब चला जब बुजुर्ग 8 अप्रैल को बैंक पहुंचे और पासबुक अपडेट करवाई। खाते से रकम गायब देख बुजुर्ग के होश उड़ गए, जिसके बाद उन्होंने तत्काल मामले की शिकायत पुलिस से की।

### विधिक शिविर में बच्चों को किया गया जागरूक

**खटीमा :** महर्षि विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य हेमचंद कर्नाटक की अध्यक्षता में आयोजित तहसील विधिक सेवा शिविर में न्यायाधीश सचिव तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण महादेवा मौजूद रहे। संचालन पीएलवी विमल कुमार ने किया। पैनल अधिवक्ता कुमारी चंचल सिंह ने मोटर व्हीकल एक्ट अधिनियम, ड्राइविंग लाइसेंस, थर्ड पार्टी इंश्योरेंस के बारे में जानकारी दी। समिति सचिव व न्यायाधीश महादेवा ने बच्चों को बाल अपराध और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के उद्देश्य के बारे में बताया। इस अवसर पर पीएलवी मीरा देवी, मानवती, भगवती राणा, भगवती गोस्वामी, विनोद, पुष्पा मेहरा, मानसी भट्ट, अनीता भट्ट आदि उपस्थित रहे।

### पुरानी रंजिश में युवक पर तलवार से हमला

**बाजपुर :** पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर तलवार और डंडों से जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। ग्राम इटव्वा निवासी मन्नी सिंह ने बन्नाखेड़ा चौकी पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार, करीब 20-25 दिन पहले वाहनों से उड़ने वाली धूल को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद से आरोपी उसे धमकियां दे रहा था। आरोप है कि 15 अप्रैल को आरोपी ने पहले व्हाट्सएप पर धमकी भरा ऑडियो भेजा और शाम को बन्नाखेड़ा रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास अपने साथियों के साथ घात लगाकर हमला कर दिया। हमले में मन्नी सिंह के सिर पर तलवार लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

### भाजपा महिला मोर्चा ने स्कूटी रैली निकाली

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. विनीता सक्सेना के नेतृत्व में नारी शक्ति बंधन अधिनियम के समर्थन में एक स्कूटी-बाइक रैली का आयोजन किया गया। अधिनियम के समर्थन में महिलाओं ने हाथों में तख्ती लेकर यह संदेश दिया कि अब हमारी भागीदारी भी नगर पंचायत से लेकर संसद तक दमदार ढंग से होगी। रैली में मोहिनी पोखरिया, सावित्री कन्याल, विमला बिष्ट, प्रीति धीर, प्रेमलता चौहान, अर्चना राय, नीलू गुप्ता, धाना भंडारी, गीता भारद्वाज, तारा बिष्ट, भागीरथी खोलिया, माया जोशी, प्रेमा मेहर, कुलविंदर कौर, मंजू नेगी, अंजली जोशी, भावना चंद, अनीता ज्याला, सोनिया सुनेजा, पालिकाध्यक्ष रमेश जोशी, जीवन सिंह धामी, सतीश भट्ट, अमित जोशी आदि मौजूद रहे।

### युवक के परिवार से की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर :** होली पर पड़ोसियों ने युवक की गैरमौजूदगी में उसके परिवार से अभद्रता कर मारपीट की। घटना के एक माह बाद मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई है। केशवपुरम कॉलोनी निवासी अजय पुत्र कलुआ सिंह ने क्षेत्राधिकारी को दी तहरीर में बताया कि चार मार्च को वह होली खेलने अपने ससुराल जटपुरा, उत्तर प्रदेश गया था। शाम को पड़ोस में रहने वाले कल्लू, उसके भाई सोनू व विशाल आए और उसकी मां के साथ गाली-गलौज करने लगे। जब उसके भाई अरुण व बहन नेहा ने विरोध किया, तो तीनों ने जाति सूचक शब्द कहकर मारपीट की।

# अशोभनीय टिप्पणी पर वैश्य समाज ने जताया आक्रोश

## जसपुर विधायक पर लगाए गंभीर आरोप, महाराजा अग्रसेन और महारानी लक्ष्मीबाई का पहले इतिहास पढ़ने की दी नसीहत

संवाददाता, काशीपुर

अमृत विचार : जसपुर विधायक आदेश चौहान द्वारा वैश्य शिरोमणि महाराजा अग्रसेन के प्रति कथित तौर पर की गई अभद्र टिप्पणी से वैश्य समाज में गहरा आक्रोश है। गुरुवार को रामनगर रोड स्थित एक रिसॉर्ट में आयोजित प्रेस वार्ता में समाज के प्रतिनिधियों ने विधायक के बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए इसे 'राजनीति चमकाने की साजिश' करार दिया।

वैश्य समाज के संरक्षक आशीष गुप्ता ने कहा कि महाराजा अग्रसेन जैसे महापुरुष किसी एक जाति के नहीं, बल्कि संपूर्ण राष्ट्र की धरोहर हैं। विधायक द्वारा उनके प्रति अशोभनीय टिप्पणी करना समाज को बांटने का प्रयास है। उद्यमी देवेंद्र अग्रवाल और प्रतिष्ठित उद्योगपति योगेश कुमार जिंदल ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को महापुरुषों का इतिहास पढ़ने के बाद ही बयान देना चाहिए। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासंघ के शक्ति प्रकाश अग्रवाल और योगेश जैन सहित संरक्षक एसपी गुप्ता, अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन जिला अध्यक्ष सुरेश गोयल, नगर अध्यक्ष सत्यम अग्रवाल, अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन महानगर अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, ईश्वर चंद्र गुप्ता, मनोहर गुप्ता, शरद गुप्ता, कपिल अग्रवाल, केसी बंसल आदि मौजूद रहे।



काशीपुर में बैठक करते वैश्य समाज के लोग। ● अमृत विचार



जसपुर में एसडीएम से वार्ता करते विधायक। ● अमृत विचार

### अतिक्रमण हटाने की चेतावनी पर आक्रोश

**जसपुर।** बाजार से अतिक्रमण हटवाने की विधायक आदेश चौहान की चेतावनी के बाद व्यापारियों में खलबली मच गई है। दरअसल, रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा स्थापना हेतु हो रही खुदाई को कुछ व्यापारियों ने अतिक्रमण बताया था, जिससे नाराज विधायक ने पूरे बाजार की खसरा-खतौनी दिखाकर हाईकोर्ट में पीआईएल दाखिल करने की बात कही है। विधायक के इस रुख के खिलाफ व्यापारियों ने धर्मशाला परिसर में बैठक कर कड़ा विरोध जताया। व्यापार मंडल अध्यक्ष हरिओम सिंह ने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और मामला प्रदेश स्तर पर उठाया जाएगा।

# एसडीएम से मिले विधायक, नाराजगी जताई

संवाददाता, जसपुर

- रानी लक्ष्मीबाई और महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर विवाद
- कहा, एक साल होने के बाद भी निर्णय नहीं ले सकी कमेटी

**अमृत विचार:** रानी लक्ष्मीबाई प्रतिमा की स्थापना को लेकर बुधवार को हुए विवाद के बाद गुरुवार को विधायक आदेश चौहान ने समर्थकों के साथ एसडीएम से मुलाकात की और जल्द ही निर्णय लेने को कहा। विधायक ने कहा कि कमेटी एक साल से अधिक का समय बीतने के बाद भी प्रतिमा लगाने पर कोई निर्णय नहीं ले सकी। एसडीएम ने विधायक को आश्वस्त किया कि नई कमेटी एक सप्ताह के भीतर अपना निर्णय देगी।

बता दें कि ठाकुर मंदिर के समीप महारानी लक्ष्मीबाई और महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा लगाने को लेकर नगर की सियासत गरमाई हुई है। बुधवार को रानी लक्ष्मीबाई मूर्ति की स्थापना के लिए खुदाई के दौरान विधायक एवं पूर्व विधायक के समर्थक आपस में भिड़ गए थे। मामले में पुलिस और पालिका ने नई कमेटी बनाकर मामले को शांत कराया। गुरुवार को विधायक अपने समर्थकों समेत एसडीएम राहुल शाह से मिले। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 में कमेटी बनाकर निर्णय देने को कहा गया था। लेकिन निर्णय न आने पर उन्होंने खुदाई का काम शुरू कराया। कहा कि उन्होंने चौराहे से अतिक्रमण हटवाकर उस स्थान पर महारानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा लगाने को सब पहले शासन-प्रशासन को पत्र दिए थे। लेकिन दबाव के चलते काम नहीं हो सका। बताया कि अतिक्रमण के बाद 15 फीट जगह खाली हुई है। प्रतिमा की स्थापना 07 फिट में ही हो जायेगी। रानी लक्ष्मीबाई ने देश की खातिर कुर्बानी दी। और अब उनके सम्मान के लिए कुछ लोग रोड़ा अटका रहे हैं। एसडीएम ने विधायक को भरोसा दिलाया कि वह एक सप्ताह के भीतर नई कमेटी से निर्णय दिला देंगे। यहां तहसीलदार दलीप सिंह, ईओ उदयवीर सिंह, बार अध्यक्ष सुंदर पाल, गजेंद्र सिंह, अरविंद चौहान, शैलेंद्र गहलोत, राजकुमार राज, आदित्य सिंह, राहुल बंटी, मोइनुद्दीन, रवि चौधरी मौजूद रहे।

### जगह चिन्हित करें, विधायक निधि से लगवाएंगे प्रतिमा

**जसपुर :** विधायक आदेश चौहान ने कहा कि महाराजा अग्रसेन का वह सम्मान करते हैं। उनका समाज उनकी प्रतिमा की स्थापना कराना चाहता है तो वह लोग जगह चिन्हित करें, विधायक निधि से वह सौन्दर्यीकरण कर प्रतिमा लगवाएंगे।

## जसपुर पालिका के ईओ पर बीस हजार का जुर्माना

**जसपुरः** स्थानीय निवासी एक ग्रामीण को सूचना समय से न देने पर राज्य सूचना आयुक्त ने पालिका अधिशासी अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बीस हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही समय से जुर्माने की रकम जमा न करने पर निदेशक शहरी विकास निदेशालय को जुर्माना वसूलने के आदेश किए हैं।

ग्राम भगवंतपुर निवासी धनंजय चौधरी ने लोक सूचना अधिकारी नगर पालिका से सूचना मांगी थी। पालिका के लोक सूचना अधिकारी अधिशासी अधिकारी उदयवीर सिंह द्वारा नियमानुसार समय से पूर्ण सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई।

अधूरी सूचना पत्र जारी तिथि के दस दिन बाद डिस्पैच की गई। लिहाजा धनंजय चौधरी ने मामले में राज्य सूचना आयुक्त के यहां अपील कर दी। राज्य सूचना आयुक्त कुशल नंद ने मामले की सुनवाई कर लोक सूचना अधिकारी नगर पालिका के ईओ उदयवीर सिंह पर बीस हजार रुपए का जुर्माना लगा दिया। वहीं पालिका ईओ उदयवीर सिंह ने बताया कि कार्यालय लिपिक की लापरवाही के कारण सूचना में देरी हुई, जिस कारण जुर्माना लगा है। कहा कि जुर्माने की रकम संबंधित लिपिक से वसूल की जाएगी।

# गेहूं खरीद क्षमता में हुई ऐतिहासिक वृद्धि

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड किसान आयोग के उपाध्यक्ष (दर्जा राज्यमंत्री) सुरेंद्र सिंह नामधारी ने प्रदेश में गेहूं खरीद क्षमता बढ़ाए जाने के सरकार के निर्णय को ऐतिहासिक बताया है। गुरुवार को मंडी समिति स्थित किसान भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रयासों से केंद्र सरकार ने गेहूं खरीद क्षमता को 0.01 एलएमटी से बढ़ाकर 0.50 एलएमटी कर दिया है।

नामधारी ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं किसान परिवार से हैं, इसलिए वे उनकी समस्याओं को बेहतर समझते हैं। उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में चेतावनी दी कि यदि किसानों का शोषण हुआ या एमएसपी से कम पर खरीद की शिकायत मिली, तो संबंधित अधिकारियों और सीड्स प्लांट स्वामियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसान आयोग किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह सक्रिय है। इससे पूर्व, मंडी सचिव कैलाश चंद्र शर्मा व स्टाफ ने पुष्प गुच्छ भेंट कर दर्जा मंत्री का स्वागत किया।



दर्जा राज्यमंत्री सुरेंद्र सिंह नामधारी का स्वागत करते मंडी सचिव कैलाश चंद्र शर्मा।

## कार की टक्कर से बालक की मौत

**बाजपुरः** नगर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में आठ वर्षीय मासूम की जान चली गई। तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से बालक गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। घटना के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

ग्राम दियोहरी निवासी सलमान ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 अप्रैल को उसके पिता फौजी कॉलोनी क्षेत्र में गेहूं की कटाई कर रहे थे। उनका छोटा भाई जैरूल (8 वर्ष) पिता को पानी देने के लिए खेत की ओर जा रहा था। जैसे ही वह सड़क पर पहुंचा, एक अनियंत्रित कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। घायल जैरूल की हल्द्वानी अस्पताल में मौत हो गई।

# समस्याओं को लेकर कांग्रेस लामबंद

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** क्षेत्र के किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर किसान कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। उत्तराखंड किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हरमिंदर सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों और कार्यकर्ताओं ने एसडीएम कार्यालय कूच किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने गेहूं की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है, जिससे किसान आर्थिक संकट में हैं। उन्होंने प्रशासन से तत्काल सर्वे कराकर उचित मुआवजे की मांग की। साथ ही, गेहूं खरीद केंद्रों पर व्याप्त अव्यवस्थाओं पर रोष जताते हुए खरीद की वर्तमान सीमा (5,000 क्विंटल) को चार गुना बढ़ाने की मांग उठाई ताकि किसानों की पूरी उपज खरीदी जा सके।

ज्ञापन में गन्ने का बकाया भुगतान, ट्यूबवेल के बिजली बिल माफी और क्षेत्र में खाद की किल्लत दूर करने जैसे मुद्दे भी प्रमुखता से उठाए गए। किसान नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द समाधान नहीं निकाला, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस दौरान कामरान खान, जोराबर सिंह भुल्लर और नवदीप सिंह कंग समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



एसडीएम डॉ.अमृता शर्मा को ज्ञापन सौंपते किसान कांग्रेस कार्यकर्ता।



दिनेशपुर में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### महिलाओं ने निकाली भव्य कलश यात्रा

**दिनेशपुर :** चंदनगढ़ वार्ड संख्या तीन में आयोजित होने वाले अखंड चैतन्य महाप्रभु नाम संकीर्तन के उपलक्ष्य में गुरुवार शाम भव्य कलश यात्रा निकाली गई। पुजारी मुकंदनंद गोस्वामी के सान्निध्य में बड़ी संख्या में महिलाओं ने नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए अंधुवा सेतु तक यात्रा निकाली। श्रद्धालु महिलाओं ने पवित्र नदी से कलश में जल भरा और ''हरे रामा-हरे कृष्णा'' के जयघोष के साथ वापस अनुष्ठान स्थल पहुंचीं। इस कलश यात्रा के साथ ही पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो गया है। आयोजकों ने बताया कि शुक्रवार प्रात: से 16 प्रहर व्यापी हरिनाम संकीर्तन का विधि-विधान से शुभारंभ होगा। इस महानाम संकीर्तन में स्थानीय मंडलियों के साथ-साथ जिले की पांच प्रमुख कीर्तन टीमें अपनी प्रस्तुति देंगी। कलश यात्रा के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष मनजीत कौर, अमिता विश्वास, सरस्वती सरकार, सरला मंडल और कालीपद विश्वास आदि उपस्थित रहे।

## चेक बाउंस में छह माह का कारावास

**रुद्रपुरः** चेक बाउंस से जुड़े एक मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जयेंद्र की अदालत ने दोषी को छह माह के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने अभियुक्त पर नौ लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

मामला वर्ष 2012 का है, जब रुद्रपुर निवासी राबिया ने किच्छा निवासी सैय्यद खालिद हुसैन को उनके व्यापारिक संकट के समय 4 लाख 50 हजार रुपये उधार दिए थे। अभियुक्त ने चार माह में रकम वापस करने का वादा किया था, लेकिन समय आने पर वह टालमटोली करने लगा। दबाव बनाने पर आरोपी ने जो चेक दिया, वह बैंक में बाउंस हो गया। नोटिस दिए जाने के बावजूद पैसे न लौटाने पर पीड़िता ने न्यायालय की शरण ली।

# अस्पताल की बदहाली पर छात्रसंघ में गुस्सा

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** उपजिला चिकित्सालय की लचर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं में सुधार की मांग को लेकर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने छात्रसंघ अध्यक्ष महेंद्र सिंह बोहरा के नेतृत्व में गुरुवार को एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान छात्रों ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपकर अस्पताल की स्थिति सुधारने की पुरजोर मांग की।

छात्रों ने ज्ञापन के माध्यम से चिकित्सालय में आईसीयू और एनआईसीयू की स्थापना, विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती और आधुनिक जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग उठाई। साथ ही क्षेत्र में ब्लड बैंक की कमी और इमरजेंसी सेवाओं की बदहाली का मुद्दा भी प्रमुखता से रखा गया। विद्यार्थियों का कहना था कि पर्याप्त सुविधाएं न होने के कारण गरीब मरीजों को मजबूरन दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है, जिससे उन्हें आर्थिक और शारीरिक कष्ट झेलना पड़ता है।

इस मौके पर अमन दीक्षित, उत्कर्ष, विशाल सिंह, राहुल, सुख, अंकित भट्ट सहित अनेक छात्र मौजूद रहे। छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि स्वास्थ्य सेवाओं में जल्द सुधार नहीं हुआ तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।




अप्रेंटिस मेले में विधायक अरविंद पांडेय को पौधा भेंट करते संस्थान के अधिकारी।

### अप्रेंटिस मेले में 84 युवाओं को मिला रोजगार

**बाजपुर :** राजकीय औद्योगिक संस्थान (आईटीआई) बाजपुर में गुरुवार को आयोजित ''अप्रेंटिस मेले'' में 84 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया। मेले में टाटा मोटर्स और वोल्टास समेत कुल 17 प्रतिष्ठित कंपनियों ने युवाओं को रोजगार और प्रशिक्षण के अवसर प्रदान किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि गदरपुर विधायक अरविंद पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को रोजगार से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं, जिससे उन्हें अपने कौशल को निखारने का मौका मिलता है। प्रधानाचार्य राजीव पुष्पांकर की अध्यक्षता में आयोजित इस मेले में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों ने प्रशिक्षार्थियों के साक्षात्कार लिए और उन्हें उद्योगों की वर्तमान आवश्यकताओं से अवगत कराया। मेले में टाटा मोटर्स, स्पेक आटोमोटिव, सुपर शाइन सर्विसेज और सरीन आटोमोटिव जैसी कंपनियों ने विस्तार से रोजगार के अवसरों की जानकारी दी। चयनित 84 अभ्यर्थियों को जल्द ही प्रशिक्षण के लिए संबंधित कंपनियों में भेजा जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न आईटीआई के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

**आस्था** | नानकसर ठाठ गजरौला में बैसाखी समागम, कथा-कीर्तन से संगत को निहाल किया

# 16 जोड़ों का हुआ सामूहिक आनंद कारज

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचारः** गुरुद्वारा साहिब नानकसर ठाठ गजरौला में बैसाखी पर्व के उपलक्ष्य में भव्य समागम और सामूहिक विवाह (आनंद कारज) का आयोजन पूरी श्रद्धा व उत्साह के साथ किया गया। बाबा कुंदन सिंह जी गुरमत संस्था के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में 16 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे।

मुख्य सेवादार बाबा प्रताप सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस समागम में बाबा रणजीत सिंह ने आनंद कारज की रस्में संपन्न कराईं, जबकि बाबा अमरजीत सिंह ने कथा-कीर्तन से संगत को निहाल किया। आनंद कारज के पश्चात सभी नवविवाहित जोड़ों को आवश्यक घरेलू उपहार देकर विदा किया गया। कार्यक्रम का संचालन किसान नेता जगतार सिंह बाजवा और भाई अनमोल सिंह ने किया। इस मौके पर बाबा करनैल सिंह हजीरा, बाबा हरजीत सिंह, बाबा आवाज चंदा सिंह, ज्ञानी हरभजन सिंह, रागी राजेंद्र सिंह, कुलदीप सिंह, ग्रंथि सभा के प्रतिनिधि, एसजीपीसी सदस्य प्रताप सिंह, बाजपुर गुरुद्वारा साहिब के प्रधान कुलविंदर सिंह किंदा, कुलदीप सिंह भुल्लर, जितेंद्र सिंह बाजवा, राजू छीना, धर्मवीर खुल्लर, अंग्रेज सिंह, जतिन सिंघल, दर्शन लाल गोयल, सुशील सिंगला, देवेंद्र रावत, प्रभु शरण सिंह, गुरलाल सिंह, जगमोहन सिंह मौजूद रहे।

इस समागम की खास बात यह रही कि समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने के लिए प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को उपहार के साथ 5-5 पौधे भी भेंट किए गए।



गुरुद्वारा साहिब नानकसर ठाठ गजरौला में नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते बाबा प्रताप सिंह व बाबा अमरजीत सिंह गालिब खुर्द।

# कांग्रेस हमेशा से बंगाली समाज की विरोधी

संवाददाता, दिनेशपुर

**अमृत विचार :** पूर्व कैबिनेट मंत्री और विधायक अरविंद पांडेय ने कांग्रेस पर बंगाली समाज के अपमान का गंभीर आरोप लगाया है। पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने सोशल मीडिया के माध्यम से बंगाली समाज को 'घुसपैठिया' कहकर संबोधित किया है, जो अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने गोदियाल की सफाई को खारिज करते हुए कहा कि यदि उनकी आईडी का दुरुपयोग हुआ था, तो उन्हें पुलिस में मामला दर्ज कराना चाहिए था।

पांडेय ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने विस्थापित बंगाली समाज के प्रमाण पत्रों से 'पूर्वी पाकिस्तान' और 'बांग्लादेश' जैसे शब्दों को हटाकर उन्हें मुख्यधारा में सम्मानजनक स्थान दिया है। राजनीतिक चर्चा के साथ ही विधायक ने स्कूलों की मनमानी का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि सीबीएसई स्कूलों द्वारा एनसीईआरटी के स्थान पर निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें और हर साल ड्रेस बदलने के दबाव से अभिभावक आर्थिक तंगी झेल रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस संबंध में जिलाधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी से वार्ता कर जल्द ही ठोस समाधान निकाला जाएगा।

मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वजीत मंडल, जिला उपाध्यक्ष हिमांशु सरकार मौजूद रहे।



दिनेशपुर में पत्रकारों से वार्ता करते विधायक अरविंद पांडेय। ● अमृत विचार

ब्रीफ न्यूज

## पूर्व शिक्षक हरिओम गुप्ता का निधन, शोक



**रामनगर :** दस्तावेज लेखक अजय गोयल के पिता एवं एमपी इंटर कॉलेज के पूर्व शिक्षक हरिओम गुप्ता का निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार, स्व. हरिओम गुप्ता अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनकी चिता को मुखाग्नि उनके तीनों पुत्रों शैलेश गोयल, अजय कुमार गोयल और अनुज कुमार गोयल ने संयुक्त रूप से दी। उनके निधन पर शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें प्रधानाचार्य संजीव शर्मा के अलावा तहसील एसोसिएशन, अधिवक्ता एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बड़ी संख्या में शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।



अल्मोड़ा में गुरुवार को एसएसपी को ज्ञापन सौंपते इंद्रा कॉलोनी वार्ड के लोग।

## अल्मोड़ा में चोरी की घटनाओं के खुलासे की मांग

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं से लोगों में भय का माहौल है। गुरुवार को लोअर मालरोड स्थित न्यू इंद्रा कॉलोनी के वार्ड वासियों ने एसएसपी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि जिला मुख्यालय समेत आसपास के क्षेत्रों में लगातार चोरी की घटनाएं सामने आ रही हैं। विशेष रूप से न्यू इंद्रा कॉलोनी में रात के समय चोर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। वार्ड वासियों ने क्षेत्र में नियमित पुलिस गश्त, प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने और बाहरी व्यक्तियों की जांच की मांग उठाई। ज्ञापन देने वालों में आनंद सिंह बिष्ट, रमेश सिंह कनवाल, मनोज सनवाल, केपी जोशी, चंदन गिरी गोस्वामी, दिवान सिंह भाकुनी, बीएस राना, नरेंद्र, गिरीश बिष्ट और मनोहर बृजवाल मौजूद रहे।

### सोबन सिंह जीना विवि ने तैयार किया एआई एप, कुलपति ने राज्यपाल के समक्ष किया प्रस्तुतीकरण


# अब सरल भाषा में कानून बताएगा 'विधि सहयोगी'

- लोगों को विधिक अधिकारों के साथ ही कानूनी मदद भी मिलेगी

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय ने आम लोगों तक कानूनी जानकारी सरल भाषा में पहुंचाने के उद्देश्य से 'विधि सहयोगी' नामक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) आधारित एप तैयार किया है। इस एप के माध्यम से लोगों को उनके अधिकारों की जानकारी देने के साथ-साथ विधिक सहायता तक पहुंच को आसान बनाने का प्रयास किया गया है।

वर्तमान समय में एआई तकनीक का उपयोग तेजी से विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ रहा है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय ने यह अभिनव पहल करते हुए ऐसा एप विकसित किया है, जो आमजन को जटिल कानूनी प्रावधानों को सरल भाषा में समझने में मदद करेगा। एप के जरिए उपयोगकर्ता विभिन्न कानूनी विषयों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध होगी और आवश्यकता पड़ने पर अधिवक्ताओं से संपर्क करने की सुविधा भी दी जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह ने इस एप का प्रस्तुतीकरण लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के समक्ष किया। उन्होंने बताया कि इस एप को और उपयोगी बनाने के लिए इसमें लगातार नई सुविधाएं जोड़ी जाएंगी।



एसएसजे कुलपति ने राज्यपाल के समक्ष 'विधि सहयोगी' एप का प्रस्तुतीकरण दिया।

### जल्द जोड़ी जाएंगी अन्य सुविधाएं

कुलपति ने बताया कि भविष्य में इस एप में ऑनलाइन परामर्श, केस ट्रैकिंग, दस्तावेज प्रबंधन तथा सरकारी योजनाओं से जुड़ी जानकारी जैसी सुविधाएं भी शामिल की जाएंगी। इससे आम लोगों को एक ही प्लेटफॉर्म पर कई प्रकार की विधिक सेवाएं मिल सकेंगी। उन्होंने बताया कि एप पर कार्य प्रगति पर है और इसे जल्द ही लॉन्च किया जाएगा।

### राज्यपाल ने की सराहना

राज्यपाल ने एप तैयार करने वाली टीम और विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के नवाचार समाज में विधिक जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने एप को समय-समय पर अपडेट करने और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।

# अल्मोड़ा में पेट्रोल-डीजल का संकट लोगों को उठानी पड़ी भारी परेशानी

### नगर के चार पंपों में खत्म हुआ पेट्रोल, पांडेखोला पंप पर ईंधन भरवाने को उमड़ी भीड़

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार:** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में गुरुवार को पेट्रोल-डीजल की किल्लत के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। नगर के पांच पेट्रोल पंपों में से चार पंपों पर पेट्रोल समाप्त हो गया, जिससे लोग ईंधन के लिए इधर-उधर भटकते रहे। वहीं पांडेखोला स्थित एकमात्र पंप पर पेट्रोल-डीजल मिलने से लोगों को कुछ राहत मिली, लेकिन वहां भी सुबह से ही भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ के चलते लक्ष्मेश्वर से लेकर विकास भवन तक लगे लंबे जाम से यातायात व्यवस्था प्रभावित रहा।

नगर में कुल पांच पेट्रोल पंप संचालित हैं। इनमें माल रोड के शिखर तिराहे और पांडेखोला के एक पंप पर इन दिनों सुधार कार्य चल रहा है। ऐसे में ईंधन का पूरा दबाव जिला अस्पताल, धारानौला और पांडेखोला के दूसरे पंप पर आ गया है। इन दिनों पर्यटन सीजन होने के कारण पर्यटकों की संख्या भी बढ़ने से पेट्रोल-डीजल की मांग अचानक बढ़ गई। गुरुवार को जिला अस्पताल, धारानौला और शिखर तिराहे के पास स्थित पंपों पर पेट्रोल समाप्त हो गया। लोग पेट्रोल मिलने की उम्मीद में एक पंप से दूसरे पंप की ओर भटकते रहे।



अल्मोड़ा पांडेखोला के समीप पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने के लिए उमड़ी लोगों की भीड़। ● अमृत विचार

### स्कूल बसों के पहिए थमे

ईंधन संकट का सबसे ज्यादा असर स्कूली बच्चों पर पड़ा। कई स्कूल बसों को पेट्रोल-डीजल नहीं मिलने के कारण उनके संचालन पर संकट खड़ा हो गया है। यदि जल्द स्थिति सामान्य नहीं हुई तो बस सेवाएं बंद होने की आशंका जताई जा रही है। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने की चिंता अभिभावकों में बढ़ गई है।

### एक पंप पर बढ़ा दबाव

स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बाधित चल रही है। अधिकांश पंपों पर ईंधन खत्म होने के कारण पूरे शहर का दबाव एक ही पंप पर आ गया। भारी संख्या में वाहनों के पहुंचने से कई बार सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही और लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ा।

### प्रशासन ने की अपील

जिला पूर्ति अधिकारी करुणा पंत ने बताया कि जनपद में पेट्रोल की किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि दो पेट्रोल पंपों पर मेंटेनेंस कार्य के चलते अस्थायी रूप से आपूर्ति प्रभावित हुई थी, जिसे जल्द ही सुचारू कर दिया जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि अनावश्यक रूप से पेट्रोल का भंडारण न करें और केवल आवश्यकता के अनुसार ही ईंधन भरवाएं, ताकि किसी प्रकार की अफवाह या पैनिक की स्थिति उत्पन्न न हो।

## स्कूलों ने उठाई डीजल मुहैया कराने की मांग

**रामनगर:** पब्लिक स्कूल एसोसिएशन रामनगर के अध्यक्ष शिशुपाल सिंह रावत के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर डीजल उपलब्ध कराने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि रामनगर क्षेत्र के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर डीजल की कमी के कारण विद्यालयों के परिवहन संचालन पर असर पड़ रहा है।

विद्यालयों की बसें छात्रों को घर से स्कूल लाने-ले जाने का प्रमुख माध्यम हैं, लेकिन डीजल की अनुपलब्धता से इनका संचालन बाधित हो रहा है। इससे विद्यार्थियों की उपस्थिति प्रभावित हो रही है तथा शिक्षकों और कर्मचारियों को भी समय पर विद्यालय पहुंचने में कठिनाई हो रही है। एसोसिएशन ने कहा कि यदि यह स्थिति बनी रहती है तो शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारू संचालन में गंभीर समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। उन्होंने एसडीएम से अनुरोध किया कि संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया जाए कि वे आरक्षित कोटे से स्कूल बसों को प्राथमिकता के आधार पर डीजल उपलब्ध कराएं। एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि ऊपर से डीजल की आपूर्ति कम होने से यह समस्या हुई है, जो गुरुवार तक ठीक होने की संभावना है।

# फार्मासिस्टों ने काला फीता बांधकर दर्ज कराया विरोध



अल्मोड़ा में फार्मेसी अधिकारियों ने काला फीता बांधकर कार्य किया। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

- चार धाम यात्रा बिलों के भुगतान की मांग
- जल्द लंबित बिलों के भुगतान की उठाई मांग

**अमृत विचार:** चार धाम यात्रा बिलों के भुगतान की मांग को लेकर फार्मेसी अधिकारी मुखर हो गए है। गुरुवार को जिले के विभिन्न अस्पतालों के फार्मेसी अधिकारियों ने बाह में काला फीता बांधकर कार्य किया। जल्द भुगतान की मांग उठाई।

डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर फार्मेसी अधिकारियों ने सांकेतिक प्रदर्शन किया। कहा फार्मेसी अधिकारी लंबे समय से लंबित बिलों की मांग कर रहे हैं, लेकिन अब तक भुगतान नहीं हो सका है। फार्मेसी अधिकारियों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने यात्रा बिलों का भुगतान करने के साथ चार धाम यात्रा मार्ग में भोजन व आवास की व्यवस्था में भी सुधार की मांग की।

कहा कि 25 अप्रैल तक फार्मेसी अधिकारी काली पट्टी बांध विरोध जताएंगे। चेतावनी दी कि यदि जल्द लंबित बिलों का भुगतान नहीं हुआ तो वह चार धाम ड्यूटी का भी बहिष्कार करने को बाध्य होंगे। यहां जेएस मनराल, श्याम लाल, जेएस रेवड़ी, सुमन चम्याल, जीएस कोरंगा, पवन जोशी, गुंजन वर्मा, श्वेता शैली, देवकी नंदन जोशी, दीपक कांत पांडे आदि रहे।

## ईको टूरिज्म के छात्रों ने ढिकाला का किया शैक्षणिक भ्रमण

**रामनगर:** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर के ईकोटूरिज्म के विद्यार्थियों ने जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क के ढिकाला जोन का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने जैव विविधता, वन्य जीव-जंतुओं और पारिस्थितिक पर्यटन से संबंधित विभिन्न जानकारियां एकत्रित कीं।

ईकोटूरिज्म की संयोजक डॉ. कृष्णा भारती ने विद्यार्थियों को सतत विकास और पर्यटन क्षेत्र में रोजगार के अवसरों पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रामनगर एक विश्वविख्यात पर्यटन स्थल है, जहां वर्षभर पर्यटकों की आवाजाही बनी रहती है। उन्होंने कहा कि 15 नवंबर से 15 जून तक कॉर्बेट पार्क में बड़ी संख्या में भारतीय व विदेशी पर्यटक आते हैं, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होता हैं। साथ ही होटल-रेस्टोरेंटों को भी लाभ होता है।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न पक्षियों, वन्य जीवों तथा उनके प्राकृतिक आवास का अवलोकन किया। फील्ड ट्रिप में दीक्षा मेहता, आकाश, अर्जुन, रोहित बिष्ट, अयान कुरैशी, मोहम्मद रियाज सहित अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## अग्नि सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**रानीखेत :** मुख्यालय अग्निशमन एवं आपात सेवा, देहरादून के निर्देश पर अग्निशमन सेवा सप्ताह 2026 के तहत तीसरे दिन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी गणेश चंद्र के नेतृत्व में फायर स्टेशन रानीखेत की टीम ने बाबा हेडाखान आयुर्वेदिक हॉस्पिटल, भोले बाबा हॉस्पिटल और सीएचसी ताड़ीखेत में कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान कर्मचारियों को आग लगने की स्थिति में बचाव के उपाय, प्राथमिक अग्निशमन यंत्रों के उपयोग की विधि तथा आपातकालीन मार्ग को अवरोध मुक्त रखने के निर्देश दिए गए। टीम ने अग्नि दुर्घटनाओं की रोकथाम और सतर्कता बरतने पर विशेष जोर दिया।

# महाविद्यालय में लगा रक्तदान शिविर

- सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** राजकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा उत्तराखंड तथा वीरा फाऊंडेशन देहरादून के संयुक्त तत्वावधान एवं रेड क्रॉस समिति राजकीय महाविद्यालय टनकपुर के सफल संचालन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर का प्रारंभ प्राचार्य डॉ. अनुपमा तिवारी तथा वीरा फाउंडेशन की टीम व प्राध्यापकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया।प्राचार्य द्वारा रक्तदान से होने वाले लाभ तथा मानवता के लिए सजग प्रयास विषयक प्रेरक उद्बोधन देकर रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ,शिक्षक एवं कर्मचारियों के द्वारा रक्तदान की सजग पहल में भागीदारी सुनिश्चित की गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सुरक्षित तरीके से रक्तदान करवाया गया। रक्तदान में छात्राओं की भी विशेष भागीदारी रही। छात्र-छात्राओं ने रक्तदान करके मानवता की सेवा का संदेश दिया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रक्तदान शिविर का संचालन प्रोफेसर डॉ. एसके कटियार और रेडक्रॉस समिति प्रभारी डॉ. सुषमा मक्कड़ द्वारा किया गया। शिविर में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी, रेड क्रॉस समिति के समस्त स्वयंसेवक एवं रक्तदान करने वाले छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।




टनकपुर महाविद्यालय में रक्तदाता को प्रमाण पत्र देतीं प्राचार्य डॉ. अनुपमा तिवारी।

## 98.2 फीसदी अंकों के साथ धनंजय टॉपर



**रानीखेत:** आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते हुए सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए परीक्षा उत्तीर्ण की।

इस वर्ष 16 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। छात्र धनंजय तिवारी ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय के चेयरमैन एवं प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को सफलता के लिए बधाई दी

# रामनगर में हटाया गया अतिक्रमण

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** गुरुवार को रामनगर में प्रशासन की संयुक्त टीम ने रानीखेत रोड पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान कई अतिक्रमण हटाए गए और कुछ स्थानों से सामान भी जब्त किया गया।

अभियान में एसडीएम गोपाल सिंह चौहान, सीओ सुमित पांडे, एआरटीओ प्रवर्तन ऋषि तिवारी, कोतवाल सुशील कुमार और नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल शामिल रहे। टीम ने सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाते हुए यातायात व्यवस्था सुधारने की कार्रवाई की।

एसडीएम गोपाल सिंह चौहान ने बताया कि रानीखेत रोड पर अतिक्रमण और अवैध रूप से वाहन खड़े होने के कारण लोगों को लगातार जाम की समस्या का सामना करना पड़ रहा था। इस संबंध में पूर्व में कई बार संबंधित लोगों के साथ बैठक भी की गई, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि कुछ दुकानों में सड़क किनारे मैकेनिक कार्य किया जा रहा था, जबकि इन लोगों को दुकानें ट्रांसपोर्ट नगर में आवंटित की गई हैं। ऐसे कार्यों को किसी भी स्थिति में सड़क पर नहीं होने दिया जाएगा और संबंधित लोगों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम ने यह भी बताया कि खाली मिले स्थानों का समतलीकरण कर वहां वेल्डिंग जोन विकसित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अवैध अतिक्रमण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



रामनगर में अतिक्रमण हटाते पालिका कर्मचारी। ● अमृत विचार



बल्दियाखान जंगल में लगी आग।

## बल्दियाखान जंगल में लगी भीषण आग

**नैनीताल, अमृत विचार :** बल्दियाखान के समीप गुरुवार सुबह जंगल में लगी आग ने कुछ ही घंटों में विकराल रूप धारण कर लिया। खड़ी पहाड़ी पर तेजी से फैलती लपटों ने वन विभाग की तैयारियों पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। फायर वाचरों के अनुसार, आग किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा लगाए जाने की आशंका है। हवा, ढलान और सूखी वनस्पति के कारण आग तेजी से फैलती चली गई। पहाड़ी से नीचे गिरते जलते ठीटे आग को और भड़काते रहे, जिससे आसपास का क्षेत्र भी प्रभावित हुआ। आग से उठते घने धुएं के कारण नैनीताल-हल्द्वानी मार्ग पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित रही और दृश्यता कम होने से चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। वन क्षेत्राधिकारी (एसडीओ) ममता चंद ने बताया कि आग बुझाने के लिए टीमों को तैनात किया गया है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि आग लगाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## भाविका त्रिपाठी के प्रदर्शन पर गृह क्षेत्र में खुशी



**बैरती (अल्मोड़ा):** सीबीएसई हाईस्कूल परीक्षा 2026 में भाविका त्रिपाठी के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर गृह क्षेत्र बैरती में खुशी का माहौल है।

बैरती-पारखोला की मूल निवासी भाविका त्रिपाठी, स्वर साधना संगीत विद्यालय हल्द्वानी के प्रबंधक आनंद बल्लभ त्रिपाठी और उमा त्रिपाठी की सुपुत्री हैं। वह निर्मला कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, काठगोदाम की छात्रा हैं। भाविका ने हाईस्कूल परीक्षा में 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि अंग्रेजी विषय में शत-प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया।

# पूर्णाहुति के साथ यज्ञ का समापन



शिवकाली धाम मंदिर में नवाह देवी यज्ञ की पूर्णाहुति के अवसर पर आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते भक्तजन।

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** बिठौरिया शिवकाली धाम मंदिर में नवाह देवी यज्ञ पूर्णाहुति के साथ गुरुवार को विधिवत रूप से सम्पन्न हुआ।

श्रीमद् देवी भागवत कथा के नवें दिन व्यास आचार्य कृष्णानंद शास्त्री ने देवी महिमा का विस्तार से वर्णन किया। गुरुवार को सुबह आचार्य हरि ओम जोशी, दीप चन्द्र जोशी और धीरज पांडे ने मंत्रोच्चारण के साथ नित्य पूजन के बाद नवाह यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ में मुख्य यजमान सुरेन्द्र सिंह बिष्ट रहे, जबकि सह यजमानों में गौरव बिष्ट, रमेश चन्द्र पाण्डे, दीपक बिष्ट, कानू बिष्ट, रमेश तिवारी व हिम्मत सिंह अन्य लोग शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान ब्यास पूजन और कन्या पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री 1008 महामंडलेश्वर सोमेश्वर यती महाराज के आगमन पर उनका स्वागत किया गया। धार्मिक अनुष्ठान के दौरान संगीत मंडली ने भजनों की प्रस्तुति दी, जिसमें मोहित, दीपक, नीरज और रमेश शामिल रहे।

# लंबित मामलों पर कार्रवाई न हुई तो आंदोलन करेंगे शिक्षक

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** जिले में राजकीय माध्यमिक शिक्षकों से जुड़े लंबित प्रकरणों को लेकर शिक्षकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

शिक्षक संगठन ने मुख्य शिक्षा अधिकारी पर प्रकरणों के निस्तारण में लापरवाही का आरोप लगाते हुए 20 अप्रैल तक कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। सीईओ को भेजे पत्र में बताया कि संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि शिक्षकों से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बीते 23 जनवरी को वार्ता हुई थी और इसके बाद भी कई बार पत्राचार किया गया, लेकिन अब तक अधिकांश प्रकरण लंबित हैं। इससे ऐसा लगता है कि संगठन की जिला कार्यकारिणी की उपेक्षा की जा रही है। बताया गया कि चयन/प्रोन्नत वेतनमान से जुड़े प्रकरण पिछले करीब नौ माह से लंबित हैं, जिनमें से केवल कुछ ही का निस्तारण हो पाया है। वहीं, कनिष्ठ-वरिष्ठ वेतन विसंगति के मामलों में भी निर्धारित तिथि तक एक भी प्रकरण जारी नहीं किया गया, जिससे प्रभावित शिक्षक जरूरी औपचारिकताएं पूरी नहीं कर पा रहे हैं। इसके अलावा बोर्ड परीक्षा से संबंधित ड्यूज की स्थिति स्पष्ट नहीं है, जबकि कोरोना काल में शिक्षकों की ओर से की गई ड्यूटी के उपार्जित अवकाश से जुड़े प्रकरण भी अब तक लंबित पड़े हैं। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि 20 अप्रैल तक प्रकरणों का निस्तारण नहीं किया गया तो मामले को उच्च अधिकारियों, शिक्षा सचिव, शिक्षा मंत्री और मुख्यमंत्री के सामने रखा जाएगा।

# अमृत विचार

शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026




घमंड से सब कुछ बर्बाद हो जाता है। घमंड से बचें और सेवा करें। तभी जीवन में सुख-शांति आ सकती है।

-गुरु नानक देव



## दूरगामी विधायी पहल

संसद में पेश किए जा रहे तीन अहम विधेयक— विशेषकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम, परिसीमन से जुड़े प्रावधान और केंद्र शासित प्रदेशों में प्रतिनिधित्व संशोधन, सिर्फ विधायी पहल नहीं, बल्कि आने वाले दशक की भारतीय राजनीति की दिशा तय करने वाले अत्यंत निर्णायक कदम हैं। इनकी महत्ता जितनी व्यापक है, विवाद भी उतना ही गहरा है। इसके लिए राज्यों में चुनावों के बीच अचानक बुलाए विशेष सत्र की 'हड़बड़ी' पर विपक्ष सवाल उठाते हुए इसे असामान्य और चुनावी नैरेटिव सेट करने की रणनीति के रूप में देख रहा है। महिला आरक्षण जैसे लोकप्रिय और नैतिक रूप से अजेय मुद्दे को केंद्र में रखकर सत्ता पक्ष द्वारा राजनीतिक बढ़त लेना कहीं से अनुचित नहीं, ऐसे में विपक्ष द्वारा इसे 'टाइमिंग की राजनीति' कहकर सवाल उठाना बहुत तार्किक नहीं लगता।

महिला आरक्षण विधेयक का मूल प्रस्ताव, लोकसभा और विधानसभा में 33 फीसद सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करना, सैद्धांतिक रूप से सर्वसम्मति का विषय है, पर इसके लागू होने को ताजा जनगणना और परिसीमन से जोड़ देना इसे विवादास्पद बनाता है। विपक्ष का आरोप है कि यह शर्त आरक्षण को अनिश्चितकाल तक टालने का माध्यम बन सकती है। प्रस्ताव में ताजा जनगणना का आशय 2011 की जनगणना से लिया जा रहा है, इसे आधार बना कर महिला आरक्षण को लागू करना तर्कसंगत नहीं है, क्योंकि पिछले 15 वर्षों में जनसंख्या, शहरीकरण और सामाजिक संरचना में भारी बदलाव आया है। बेहतर विकल्प यही प्रतीत होता है कि 2027 के आसपास नई जनगणना के बाद परिसीमन हो जाने के बाद इस आरक्षण को लागू किया जाए, लेकिन इससे सरकार के लिए तत्काल राजनीतिक लाभ की संभावना समाप्त हो जाती है। महिला आरक्षण को बिना परिसीमन समाप्त हुए अगले चुनाव से भी लागू किया जा सकता है, सही है कि इससे सीटों के रोटेशन और प्रतिनिधित्व में असमानता के प्रश्न खड़े होंगे फिर भी, इसे अंतरिम व्यवस्था के रूप में तो अपनाया ही जा सकता है, जिसकी उम्मीद नहीं है। आरक्षण के बाद संसद में महिलाओं की संख्या 283 तक पहुंचने से भारतीय लोकतंत्र में ऐतिहासिक बदलाव होगा। नीति-निर्माण में लैंगिक दृष्टिकोण मजबूत होगा, विशेषकर शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में, लेकिन केवल सीटें बढ़ाने से महिलाओं की समस्याएं हल नहीं होंगी। राजनीतिक सशक्तीकरण के साथ सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण भी जरूरी है। पंचायत स्तर पर आरक्षण के अनुभव बताते हैं कि वास्तविक प्रभाव तब आता है, जब महिलाओं को निर्णय लेने की स्वतंत्रता और संसाधन मिलते हैं।

फिलहाल इस विधेयक को पारित कराने के लिए सरकार को व्यापक समर्थन जुटाना होगा। संविधान संशोधन के लिए दो-तिहाई बहुमत जरूरी है। महिला आरक्षण के नैतिक दबाव के कारण विपक्ष के लिए खुला विरोध करना कठिन है, इसलिए इस विधेयक का पारित होना संभव दिखता है, भले ही उसके क्रियान्वयन की समय सीमा पर अस्पष्टता बनी रहे। महिला आरक्षण भारतीय लोकतंत्र को अधिक समावेशी बनाने की दिशा में ऐतिहासिक अवश्य है, परंतु इसे परिसीमन और जनगणना से जोड़ना इसकी समय सीमा को अनिश्चित बना देगा और यह पहल त्वरित और प्रभावी क्रियान्वयन तक शीघ्र नहीं पहुंच सकेगी।

### प्रसंगवश

## समाजवाद के पहरुआ थे युवा तुर्क चंद्रशेखर

समाजवाद के प्रखर अनुयायी चंद्रशेखर का स्पष्ट मानना था कि गैर-बराबरी को खत्म किए बिना समतामूलक समाज का निर्माण संभव नहीं है। इसके लिए उन्होंने पूंजीवादी व्यवस्था को खत्म कर समाजवादी व्यवस्था की स्थापना पर बल दिया। वे डॉ. लोहिया के इस विचार से पूरी तरह सहमत थे कि पूंजीवाद कम्युनिज्म की तरह ही जुआ, अपव्यय और बुराई है और दो तिहाई विश्व में पूंजीवाद पूंजी का निर्माण नहीं कर सकता। वह केवल खरीद-फरोख्त ही कर सकता है, जो हमारी स्थितियों में महज मुनाफाखोरी और कालाबाजारी है। सच कहें तो चंद्रशेखर राष्ट्रवादी होने के साथ-साथ मानवतावादी भी थे।

उनकी अवधारणा एक ऐसे समाजवादी समाज के निर्माण की थी, जहां भय, भूख और भ्रष्टाचार न हो। चतुर्दिक सुख और समृद्धि का प्रसार हो। सैकड़ों साल बाद भारतीय समाज का स्वरूप, चरित्र एवं चिंतन की व्याख्या का दायरा और उसके मूल्यों को मापने व परखने का मापदंड क्या होगा, इसकी भविष्यवाणी आज संभव नहीं है, लेकिन जब भी असमानता और अन्याय पर आधारित समाज के खिलाफ तनकर खड़े होने वाले शिल्पकारों का इतिहासपरक मूल्यांकन होगा, उस परिधि में समाजवाद के महानायक चंद्रशेखर सहज रूप से याद आएंगे। चंद्रशेखर का जन्म 1927 में पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के इब्राहिमपट्टी के एक किसान परिवार में हुआ। उनकी स्कूली शिक्षा भीमपूरा के रामकरन इंटर कालेज में हुई। उन्होंने स्नातकोत्तर की शिक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पूरी की।



अरविंद जयतिलक
लेखक

युवा तुर्क कहे जाने वाले चंद्रशेखर विद्यार्थी राजनीति जीवन के समय ही एक फायरब्रांड नेता के रूप में स्थापित हो चुके थे। वे कॉलेज के दिनों से ही सामाजिक-राजनीतिक आंदोलनों में हिस्सा लेते थे और आगे बढ़कर उसकी अगुवाई करते थे। प्रारंभ से ही उनका रूझान समाजवाद की ओर था। नतीजतन वे शीध्र ही छात्र जीवन के बरअक्स समाजवादी राजनीति की धुरी बन गए।

1951 में वे सोशलिस्ट पार्टी के वर्कर बन गए, लेकिन जब सोशलिस्ट पार्टी में फूट पड़ी तो वे कांग्रेस में चले गए। वे 1962 से 1977 तक राज्यसभा के सदस्य रहे। 1984 में भारत की पदयात्रा कर भारत की चिरंतन संस्कृति और सभ्यता को समझने की कोशिश की। उनकी इस पदयात्रा ने देश के तमाम शीर्षस्थ नेताओं के मन में हलचल पैदा कर दी।

इमर्जेंसी के बाद जब 1977 में जनता पार्टी की सरकार बनी, तो सभी दिग्गज नेताओं ने मंत्रिपद स्वीकारा, लेकिन चंद्रशेखर ने मंत्री पद नहीं लिया। उन्होंने जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद लेना स्वीकार किया। उनका मकसद जनसेवा के जरिए समाज में समाजवादी चेतना का विकास करना था। वे पहली बार 1977 में बलिया जिले से लोकसभा के सदस्य चुने गए। वर्ष 1990 में उन्हें प्रधानमंत्री बनने का मौका मिला, जब उनकी ही पार्टी के विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार भाजपा के समर्थन वापस लेने के उपरांत अल्पमत में आ गई। चंद्रशेखर के नेतृत्व में जनता दल में दो फाड़ हो गया। 64 सांसदों का धड़ा अलग हुआ। राजीव गांधी ने चंद्रशेखर को प्रधानमंत्री बनने का प्रस्ताव दिया। कांग्रेस ने सात महीने बाद ही उनकी सरकार से समर्थन वापस ले लिया। कहा जाता है कि उन्होंने प्रधानमंत्री रहते हुए कभी भी सरकारी घर 7 रेसकोर्स रोड पर नहीं रहे। वे या तो तीन साउथ रेवेन्यू वाले घर में रहते या भोड़सी के भारत यात्रा आश्रम में। (यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नीतीश के भरोसे की विरासत संभाल पाएंगे 'सम्राट'!





योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

बिहार की राजनीति में सत्ता का शिखर छूना जितना कठिन है, उससे कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण है, उस शिखर पर टिके रहकर अपनी सर्वमान्यता सिद्ध करना। सम्राट चौधरी का बिहार के 24वें मुख्यमंत्री के रूप में उदय राज्य के सियासी इतिहास में एक नए युग का सूत्रपात माना जा रहा है। यह केवल एक व्यक्ति का मुख्यमंत्री बनना नहीं है, बल्कि भारतीय जनता पार्टी का बिहार में उस 'बड़े भाई' की भूमिका को आधिकारिक रूप से स्वीकार करना है, जिसका इंतजार पार्टी कार्यकर्ता दशकों से कर रहे थे। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद पैदा हुए राजनीतिक शून्य को भरने की जिम्मेदारी अब सम्राट चौधरी के कंधों पर है, लेकिन सवाल यह है कि क्या वह नीतीश कुमार की उस लंबी और गहरी छाया से बाहर निकल पाएंगे, जिसने पिछले दो दशकों से बिहार की राजनीति को परिभाषित किया है? यही वह कसौटी है, जिस पर अब सम्राट चौधरी को परखा जाएगा।

सम्राट चौधरी का राजनीतिक उदय कोई आकस्मिक घटना नहीं है। यह उनके पिता शकुनि चौधरी की विरासत और उनके स्वयं के आक्रामक संघर्ष, दशकों की राजनीतिक यात्रा, रणनीतिक धैर्य और समयानुकूल निर्णयों का परिणाम है। 16 नवंबर 1968 को मुंगेर के लखनपुर में जन्मे सम्राट ने बहुत कम उम्र में ही सत्ता का स्वाद चख लिया था। 1999 में राबड़ी देवी सरकार में सबसे कम उम्र के मंत्री बनने से लेकर आज मुख्यमंत्री की कुर्सी तक का सफर वैचारिक बदलावों और रणनीतिक फैसलों से भरा रहा है।

राजद और जदयू जैसी क्षेत्रीय शक्तियों के साथ काम करने के बाद 2017 में भाजपा का दामन थामना उनके करियर का सबसे निर्णायक मोड़ साबित हुआ। भाजपा ने उनमें एक ऐसे पिछड़ा नेतृत्व (ओबीसी) को देखा, जो न केवल संगठन में जान फूंक सकता था, बल्कि राजद के 'माई' (एमवाई) समीकरण के सामने एनडीए के 'लव-कुश' समीकरण को मजबूती दे सकता था। विशेषकर कुशवाहा समुदाय से आने के कारण सम्राट चौधरी भाजपा के लिए सामाजिक संतुलन का सबसे सटीक मोहरा साबित हुए। भाजपा ने उन्हें न केवल स्वीकार किया, बल्कि प्रदेश अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पद देकर उनकी नेतृत्व क्षमता पर भरोसा भी जताया। यही भरोसा आज उन्हें मुख्यमंत्री पद तक ले आया है।

**नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद पैदा हुए राजनीतिक शून्य को भरने की जिम्मेदारी अब सम्राट चौधरी के कंधों पर है। सवाल यह है कि क्या वह नीतीश कुमार की उस लंबी और गहरी छाया से बाहर निकल पाएंगे?**

मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी की नियुक्ति के साथ ही बिहार की राजनीति में एक दुर्लभ संयोग भी जुड़ा है। जननायक कर्पूरी ठाकुर के बाद वह दूसरे ऐसे नेता बने हैं, जिन्होंने पहले उपमुख्यमंत्री की जिम्मेदारी संभाली और बाद में मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचे। यह उपलब्धि उनके कद को तो बढ़ाती है, लेकिन इसके साथ आने वाली अपेक्षाएं उनके लिए हिमालयी चुनौतियों जैसी हैं। नीतीश कुमार केवल एक राजनेता नहीं थे, बल्कि वह बिहार के लिए एक 'इंस्टीट्यूशन' बन चुके थे। उनके 20 वर्षों के शासनकाल ने राज्य में सुशासन की एक ऐसी परिभाषा गढ़ी, जिसमें महिला सुरक्षा, सड़कें, बिजली और शराबबंदी जैसे मुद्दे हर घर से जुड़े थे। सम्राट चौधरी के लिए सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि वे स्वयं को नीतीश कुमार के विकल्प के रूप में पेश करते हैं या एक ऐसी नई पहचान गढ़ते हैं, जो नीतीश के 'विकास' और भाजपा की 'वैचारिक प्रखरता' का संगम हो।

अधिकांश राजनीतिक विश्लेषक इस बात पर एकमत हैं कि नीतीश कुमार जैसा सर्वमान्य नेता बनना सम्राट चौधरी के लिए रातों-रात संभव नहीं होगा। नीतीश कुमार की स्वीकार्यता समाज के हर वर्ग, चाहे वह महादलित हो, अति पिछड़ा हो या आधी आबादी (महिलाएं) हो, में गहराई तक थी। सम्राट चौधरी के पास फिलहाल एक मजबूत सांगठनिक ढांचा और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आशीर्वाद है, लेकिन उन्हें अपनी 'आक्रामक छवि' को अब 'प्रशासकीय संयम' में बदलना होगा। मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठने के बाद अब उनके हर फैसले की तुलना नीतीश कुमार के मानकों से की जाएगी। क्या वह उसी सहजता से महादलितों और अति पिछड़ों के हितों की रक्षा कर पाएंगे? क्या वह शराबबंदी जैसी पेचीदा नीतियों को लेकर जनता के बीच अपना स्पष्ट नजरिया रख पाएंगे? ये कुछ ऐसे सवाल हैं, जिनका उत्तर उनके कार्यकाल के शुरुआती सौ दिन ही तय करेंगे।

चुनौतियां केवल बाहर ही नहीं, गठबंधन के भीतर भी हैं। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के बाद जदयू के भविष्य और निशांत कुमार के सक्रिय राजनीति में प्रवेश ने नई चर्चाओं को जन्म दिया है। जदयू के भीतर इस बदलाव को लेकर एक दबी हुई छटपटाहट है। सम्राट चौधरी को यह सुनिश्चित करना होगा कि गठबंधन के सहयोगी दल खुद को उपेक्षित महसूस न करें। साथ ही, उन्हें भाजपा के भीतर भी उन वरिष्ठ नेताओं को विश्वास में लेना होगा, जो मुख्यमंत्री पद की दौड़ में पीछे रह गए। सम्राट चौधरी पर उनके पुराने विवादों, जैसे कम उम्र में मंत्री पद से हटाए जाने की घटना और उनके शैक्षणिक पहलुओं को लेकर विपक्ष हमलावर रहेगा। एक मुख्यमंत्री के रूप में उनकी पेशेवर छवि और शुचिता पर उठने वाले सवालों का सामना उन्हें अपनी कार्यशैली से ही करना होगा।

बिहार में 2025 का जनादेश एक तरह से 'फेयरवेल मैंडेट' जैसा रहा है, जहां जनता बदलाव की मानसिक तैयारी कर चुकी थी। सम्राट चौधरी के लिए सबसे बड़ी ताकत उनका ओबीसी समुदाय से होना और भाजपा आलाकमान का पूर्ण समर्थन है, लेकिन उनकी राह का सबसे बड़ा कांटा 'नीतीश कुमार का औरा' है। भाजपा ने अब तक बिहार में नीतीश कुमार के साये में राजनीति की है, अब उसे अपनी स्वतंत्र इमारत खड़ी करनी है, जिसकी नींव सम्राट चौधरी को रखनी है। यह सफर कांटों भरा है, क्योंकि उन्हें न केवल विकास की रफ्तार बनाए रखनी है, बल्कि बिहार की उस जटिल सामाजिक संरचना को भी साधे रखना है, जहां जाति की राजनीति कभी खत्म नहीं होती।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



हाईकोर्ट की डेडलाइन खत्म हो चुकी है, लेकिन सरकार निकाय चुनाव नहीं करा रही है। कानून का लगातार उल्लंघन हो रहा है और संविधान की मूल भावना को चोट पहुंचाई जा रही है। राष्ट्रपति को दखल देना चाहिए और राज्यपाल से बात कर सुनिश्चित करना चाहिए कि चुनाव समय पर हों।

-अशोक गहलोत
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बौखलाए हुए हैं और बचकानी बातें कर रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी हमेशा कानून और न्यायालयों का सम्मान करती है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी ओबीसी आयोग की रिर्पोट की सिफारिशों की अनुपालना के पश्चात ही चुनाव करवाए जाने के लिए निर्देशित किया है।

-मदन दिलावर
शिक्षा मंत्री, राजस्थान



## दोबारा बातचीत से पूर्व विश्वास बहाली की जरूरत



अमित नारायण
राजनीतिक विश्लेषक

इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच हुई शांति वार्ता फिलहाल बिना किसी नतीजे के खत्म हो गई। जब वार्ता शुरू हुई थी, तभी यह कयास लगाए जा रहे थे कि इसमें कोई हल नहीं निकलेगा। यह आशंका सच साबित हुई। अमेरिका अपनी मांगों पर अड़ा हुआ है और ईरान अपनी मांग को लेकर। युद्ध विराम अभी जारी है। ट्रंप ने पुनः पाकिस्तान की धरती पर ईरान से वार्ता के संकेत दिए हैं। अब देखना यह है कि वार्ता कब होती है और दोनों देश क्या शर्तें रखते हैं। ईरान की सबसे बड़ी शर्त है कि उसे युद्ध में हुए नुकसान का मुआवजा मिले और होर्मुज जलडमरूमध्य में टोल वसूली का अधिकार मिले, लेकिन अमेरिका उसे यह छूट देने को तैयार नहीं है।

अमेरिका चाहता है कि ईरान अपनी लंबी दूरी की मिसाइलों पर कैपिंग करे और परमाणु बम बनाने की जिद छोड़ दे, पर ईरान इस शर्त पर राजी नहीं है। अब सवाल यही है कि जब दोनों देश अपनी-अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं, तो वार्ता कैसे सफल होगी और युद्ध विराम कब तक टिकेगा, हालांकि अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य को घेर रखा है और उसकी सेना ने तो तेल लेकर जा रहे ईरानी जहाजों को भी रोक दिया है। अब उसकी इस कार्रवाई को उकसावा माना जा रहा है।

**ट्रंप ने पुनः पाकिस्तान की धरती पर ईरान से वार्ता के संकेत दिए हैं। अब देखना यह है कि वार्ता कब होती है और दोनों देश क्या शर्तें रखते हैं।**

इस युद्ध का खामियाजा पूरी दुनिया भुगत रही है। युद्ध में शामिल न होने के बाद भी ईरान के हमले में सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, बहरीन जैसे देशों के तेल डिपो, बड़े-बड़े औद्योगिक कारखाने, पेयजल के स्रोत, हवाई अड्डे तबाह हो गए। उनके नागरिकों की मौत भी हुई। अब अमेरिका इन देशों के इंफ्रास्ट्रक्चर को दुरुस्त करने के नाम पर बड़े पैमाने पर कमाई करेगा। उसकी कंपनियां वहां निवेश करेंगी। साथ ही डोनाल्ड ट्रंप इन देशों को बड़े पैमाने पर हथियार भी बेचेंगे। युद्ध में हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई इन्हीं देशों से करेंगे।

ईरान से संघर्ष में अमेरिका को 20 बिलियन डॉलर से अधिक का आर्थिक नुकसान हुआ है, जबकि इससे कहीं ज्यादा का नुकसान खाड़ी में उसके सहयोगी देशों ने ईरानी हमले से झेला है। दुनिया के तमाम देशों में कच्चे तेल और गैस के लिए त्राहि- त्राहि मची हुई है। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंगे बिछाकर तमाम देशों के तेल और गैस से भरे जहाजों को रोक रखा है। सिर्फ कुछ मित्र देशों के जहाजों को ही उसने अनुमति दी है, वहां से गुजरने के लिए। ऐसे में तीन हजार से अधिक जहाज वहां तेल और गैस भरकर खड़े हैं। इस मौके का फायदा भी अमेरिका ही उठा रहा है। उसने तमाम देशों को तेल बेचने का ऑफर भी दे दिया है।

अमेरिका ने होर्मुज पर कब्जे की अपनी मंशा जाहिर कर दी है और उसे घेर कर यह घोषणा कर दी है कि जो देश ईरान को टोल देंगे, उनके जहाज को वह वहां से नहीं जाने देगा। चीन इस घेरेबंदी के बाद भी वहां से निकला, जबकि यह स्पष्ट नहीं हो सका कि उसने ईरान को टोल दिया था या नहीं। उधर, तेल भरे जहाज रोके जाने से ईरान नाराज है और उसने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। अब पाकिस्तान फिर से चीन की अंदरूनी मदद से ईरान को वार्ता के लिए मना रहा है. लेकिन विदेशी मामलों के जानकार मान रहे हैं कि दोबारा वार्ता तभी सफल होगी जब खुले मन से दोनों देश वार्ता की मेज पर बैठेंगे। दोनों पक्षों को अपनी- अपनी शर्तों में कुछ ढील देनी होगी।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भले ही पुनः वार्ता के संकेत दे रहे हैं, लेकिन उनके अड़ियल रुख से वार्ता की सफलता पर हर किसी को संदेह है। खाड़ी देशों और इजरायल में भारी तबाही मचाने के साथ ही अमेरिकी लड़ाकू विमानों और ड्रोन को गिराकर अपनी ताकत का अहसास कराने वाला ईरान अमेरिकी शर्तों पर झुकने को तैयार नहीं है। हां, उसने इस बात के संकेत जरूर दिए हैं कि अमेरिका कुछ झुकेगा तो वह भी झुकने को तैयार है। ईरान चाहता है कि उसे होर्मुज में टैक्स वसूली का अधिकार मिले। उसके यहां जो क्षति हुई है उसका मुआवजा मिले। साथ ही उसके ऊपर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंध हटें। यह शर्तें मानना अमेरिका के लिए कठिन है, क्योंकि इन शर्तों को मानने के बाद ट्रंप अपने देश की जनता के सामने हारे हुए योद्धा से कम नहीं दिखेंगे जो वह दिखना नहीं चाहते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मई माह में चीन का दौरा करने वाले हैं। इस दौरे से पहले वे ईरान पर निर्णायक जीत चाहते हैं, इसीलिए वे वार्ता के लिए दोबारा उतावले हैं। अगर ईरान उनकी शर्तें मान लेता है, तो ट्रंप आसानी से घोषित कर पाएंगे कि अमेरिका और उसके सहयोगी इजरायल ने यह युद्ध जीत लिया है, लेकिन ईरान आसानी से उन्हें इस युद्ध से बाहर नहीं निकालने देगा। ट्रंप यदि युद्ध जीत कर आते हैं, तो चीन पर वार्ता से पहले बड़ा दबाव होता वे खुद को जीते हुए योद्धा की तरह वहां पेश करते, लेकिन अब दबाव ट्रंप पर है, क्योंकि वे यहां बहुत लंबी-लंबी बातें नहीं कर पाएंगे।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## कन्फ्यूशियस की सलाह

ली वेई नाम का एक बूढ़ा आदमी महान दार्शनिक कन्फ्यूशियस के पास एक सवाल लेकर गया, जो आज भी बहुत से बुज़ुर्गों को परेशान करता है। अपनी पूरी ज़िंदगी औलाद के लिए लगा देने के बाद भी, हम बुढ़ापे में खुद को अकेला क्यों महसूस करते हैं?

ली वेई ने अपनी औलाद के लिए सब कुछ कुर्बान कर दिया। उसने बहुत मेहनत की ताकि उन्हें कभी किसी चीज़ की कमी न हो। जब बच्चे बड़े हो गए और अपनी ज़िंदगी जीने लगे, तो ली वेई ने अपना घर बेच दिया और बेटे के पास रहने चला गया। यह सोचकर कि अब वह प्यार और अपनापन पाएगा, लेकिन उसे वह खुशी नहीं मिली। वे उसकी बातें आधे मन से सुनते, उसके सुझावों से चिढ़ जाते और उसकी मौजूदगी को बोझ समझने लगे।



सुनील सिंह
ब्लॉगर

ली वेई ने कन्फ्यूशियस से अपना दुख कह सुनाया, "गुरुजी! मैंने अपनी ज़िंदगी बच्चों के लिए दे दी। सोचा था उनके साथ रहकर सुकून मिलेगा, लेकिन मैं खुद को उनके बीच नापसंद महसूस करता हूं। ऐसा क्यों?"

कन्फ्यूशियस ने उसे तीन आसान सबक़ सिखाए।

पहला सबक- उन्होंने एक बर्तन को पानी से भर दिया और पूछा कि अगर इसमें और पानी डालूं तो क्या होगा?"

ली वेई ने कहा कि यह छलक जाएगा।

कन्फ्यूशियस बोले, "बिल्कुल, रिश्ते भी ऐसे ही होते हैं। जब हम खुद को ज़बरदस्ती किसी ऐसी जगह डालते हैं जो पहले से भरी हो, तो संतुलन बिगड़ जाता है।"

तुम अपने बच्चों के घर में फिर से केंद्र बनना चाहते हो, लेकिन अब उनकी ज़िंदगी और उनके बच्चे ही उनका केंद्र हैं।

दूसरा सबक- उन्होंने पास के दो पेड़ों की ओर इशारा किया। जब पेड़ बहुत पास-पास होते हैं तो क्या होता है?

ली ने कहा, "वे एक-दूसरे को रोकते हैं और कमजोर हो जाते हैं।"

कन्फ्यूशियस ने कहा, "ज़िंदगी में भी यही होता है। ज़्यादा नज़दीकी भी समस्या बन जाती है। बढ़ने के लिए जगह ज़रूरी है।"

तीसरा सबक- कन्फ्यूशियस ने रेत को कसकर मुट्ठी में पकड़ा। अब क्या होगा?

ली वेई ने कहा, "रेत फिसल जाएगी।"

कन्फ्यूशियस ने कहा, "रिश्ते भी ऐसे ही होते हैं। प्यार दबाव से नहीं टिकता। जितना तुम पकड़ने की कोशिश करोगे, वह उतना दूर जाएगा। आज़ादी दो, तो वह खुद तुम्हारे पास रहेगा।"

-फेसबुक वाल से

### सामयिकी

## भारत के कुपोषण मुक्त होने में हैं कई चुनौतियां

भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाना हमेशा से एक बड़ी चुनौती रहा है, जिसका समाधान खोजने के उद्देश्य से साल 1975 में केंद्र सरकार ने समेकित बाल विकास सेवा योजना की शुरुआत की थी, इसके अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना की गई, जिसका मकसद था कि छह वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य सेवाएं और प्रारंभिक शिक्षा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा सके। बहुत हद तक यह योजना सफल भी रही है, लेकिन पिछले 50 वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी हम यह दावे के साथ नहीं कह सकते कि यह योजना शत-प्रतिशत सफल रही है।

इस समय देशभर में लगभग 13.9 लाख आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहे हैं, जो दुनिया की सबसे बड़ी प्रारंभिक बाल देखभाल और पोषण व्यवस्था मानी जाती है। यह करीब आठ करोड़ से अधिक लाभार्थियों तक सेवाएं पहुंचा रही है। इस योजना के तहत छह प्रमुख सेवाएं प्रदान की जाती हैं, जिनमें पूरक पोषण, पूर्व-प्राथमिक शिक्षा, स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, पोषण एवं स्वास्थ्य शिक्षा और जरूरत पड़ने पर रेफरल सेवाएं शामिल हैं। इन सेवाओं के माध्यम से यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया कि बच्चे जीवन के पहले छह वर्षों में शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ विकसित हों और गर्भवती महिलाओं को उचित पोषण मिल सके।



अल्पना कुमारी
एक्टिविस्ट

भारत में कुपोषण की समस्या लंबे समय से गंभीर रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (NFHS-5) के अनुसार, आज भी देश में 35.5 प्रतिशत बच्चे कम कद, 32.1 प्रतिशत कम वजन वाले और 19.3 प्रतिशत अत्यधिक दुबले पाए जाते हैं। ये आंकड़े इस बात की ओर संकेत करते हैं कि समस्या अभी पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है, लेकिन पिछले दशकों में इसमें कुछ सुधार अवश्य हुआ है। यदि पिछले तीन दशकों के आंकड़ों पर नजर डालें, तो यह स्पष्ट होता है कि आंगनबाड़ी प्रणाली ने कुपोषण की स्थिति में धीरे-धीरे सुधार लाने में भूमिका निभाई है। वर्ष 1992-93 में जहां बच्चों में कम कद की दर लगभग 52 प्रतिशत थी, वहीं 2019-21 तक यह घटकर 35.5 प्रतिशत रह गई। इसी प्रकार कम वजन वाले बच्चों की संख्या 53.4 प्रतिशत से घटकर 32.1 प्रतिशत तक पहुंची है।

इन उपलब्धियों के बावजूद चुनौतियां भी कम नहीं हैं। कई अध्ययनों से पता चलता है कि आंगनबाड़ी सेवाओं का लाभ सभी जरूरतमंद लोगों तक पूरी तरह नहीं पहुंच पा रहा है। देश में आंगनबाड़ी सेवाओं का उपयोग बढ़ा है, लेकिन 2016 से 2021 के बीच कुपोषण में जो कमी आई, उसमें आंगनबाड़ी सेवाओं का योगदान लगभग 9-12 प्रतिशत ही माना गया है। जो यह दर्शाता है कि योजना ने सकारात्मक प्रभाव डाला है, लेकिन इसे और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता है।

हाल के वर्षों में सरकार ने आंगनबाड़ी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई नई पहलें शुरू की हैं। सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 योजना के तहत देशभर में लगभग दो लाख आंगनबाड़ी केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने की प्रक्रिया चल रही है। इनमें इंटरनेट सुविधा, डिजिटल उपकरण और स्वच्छ पेयजल जैसी व्यवस्थाएं शामिल की जा रही हैं। इसके अतिरिक्त, मिनी आंगनबाड़ी केंद्रों को पूर्ण केंद्रो में परिवर्तित करने की भी योजना बनाई गई है, जिससे सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होने की उम्मीद है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक - अमित शर्मा*** 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।



# ऐसे हुआ वेल्क्रो का आविष्कार

वेल्क्रो का आविष्कार किसी बड़ी प्रयोगशाला में नहीं, बल्कि एक साधारण सैर के दौरान हुआ और यही इसे खास बनाता है। साल 1940 के दशक में स्विट्जरलैंड के इंजीनियर जॉर्ज डे मेस्ट्रल अपने कुत्ते के साथ जंगल में घूमने निकले। लौटकर उन्होंने देखा कि उनके कपड़ों और कुत्ते के बालों पर छोटे-छोटे कांटेदार बीज चिपके हुए हैं। आमतौर पर लोग इन्हें झटककर फेंक देते, लेकिन मेस्ट्रल ने ऐसा नहीं किया। उनकी जिज्ञासा जाग उठी-आखिर ये बीज इतनी मजबूती से चिपकते कैसे हैं?

उन्होंने इन बीजों को माइक्रोस्कोप से देखा और जो सामने आया, वह चौंकाने वाला था। बीजों पर बहुत बारीक हुक (कांटे) थे, जो कपड़े और बालों के रेशों में फंस जाते थे। बस, यहीं से एक अनोखा विचार जन्मा-क्या इसी सिद्धांत पर कोई कृत्रिम चीज बनाई जा सकती है? कई सालों की मेहनत और प्रयोगों के बाद उन्होंने 'हुक और लूप' प्रणाली पर आधारित एक फास्टनर तैयार किया। एक सतह पर छोटे-छोटे हुक और दूसरी पर मुलायम लूप दोनों को दबाते ही वे चिपक जाते और खींचते ही अलग हो जाते। 1955 में इस आविष्कार का पेटेंट हुआ और इसका नाम रखा गया 'वेल्क्रो'। शुरुआत में लोगों ने इसे ज्यादा गंभीरता से नहीं लिया, लेकिन जब नासा ने अंतरिक्ष मिशनों में इसका उपयोग किया, तब इसकी उपयोगिता दुनिया के सामने आई। आज वेल्क्रो जूतों, बैगों और कपड़ों से लेकर अंतरिक्ष तकनीक तक हर जगह इस्तेमाल हो रहा है-सिर्फ एक जिज्ञासा भरे सवाल की वजह से।

## वैज्ञानिक के बारे में



जॉर्ज डे मेस्ट्रल का जन्म 1907 में स्विट्ज़रलैंड में हुआ था। वे बचपन से ही जिज्ञासु और आविष्कारशील स्वभाव के थे। केवल 12 वर्ष की उम्र में उन्होंने अपना पहला पेटेंट हासिल कर लिया था, जो उनके वैज्ञानिक रुझान को दर्शाता है। उन्होंने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की और प्रकृति से प्रेरणा लेकर नए विचार विकसित किए। उनका जीवन साधारण लेकिन प्रयोगधर्मी था, जहां वे रोज़मर्रा की चीजों में भी नवाचार के अवसर खोजते थे। वे अपने परिवार के साथ शांत जीवन बिताते हुए शोध और प्रयोगों में लगे रहे और 1990 में उनका निधन हो गया।



# धूमकेतु के लिए रोमांचक माह अप्रैल



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक

अप्रैल माह धूमकेतु दर्शन के लिए एक रोमांचक समय होगा, क्योंकि इस महीने में कम से कम दो प्रमुख धूमकेतु नग्न आंखों से या दूरबीन की मदद से दिखाई दे सकते हैं। ये धूमकेतु लंबी अवधि के (लॉन्ग-पिरियड) और आवर्ती (पिरियडिक) प्रकार के हैं। मुख्य रूप से दो धूमकेतु सी/2026 ए1 (मैप्स) और सी/2025 आर3 (पैनस्टार्स), जिनकी चमक अपेक्षाकृत अधिक होने की संभावना है। इसके अलावा, 10पी/टेम्पेल 2 जैसे अन्य धूमकेतु दूरबीन से दिखाई दे सकते हैं, लेकिन वे कम चमकीले होंगे। ध्यान दें कि धूमकेतु की चमक मौसम, वायुमंडलीय स्थितियों और उनके व्यवहार पर निर्भर करती है, इसलिए पूर्वानुमान बदल सकते हैं। भारत (उत्तर गोलार्ध) से देखने के लिए सामान्य दिशा और समय पर फोकस करना आवश्यक है।

## सी/2026 ए1 (मैप्स)- संग्रेजिंग धूमकेतु

यह धूमकेतु 13 जनवरी, 2026 को चिली के अमैक्स1 वेधशाला में चार खगोलशास्त्रियों द्वारा खोजा गया। यह क्रूट्ज संग्रेजर समूह का सदस्य है, जो सूर्य के बहुत निकट से गुज़रने वाले धूमकेतु हैं। यह अब तक का सबसे पहले खोजा गया इनबाउंड क्रूट्ज धूमकेतु है (पेरिहेलियन से 11.5 सप्ताह पहले)। पेरिहेलियन एक खगोलीय अवधारणा है, जो सूर्य-केंद्रित कक्षाओं (जैसे ग्रहों, धूमकेतुओं या अन्य वस्तुओं की कक्षा) से संबंधित है। यह वह बिंदु है, जहां कोई वस्तु (जैसे पृथ्वी या धूमकेतु) अपनी कक्षा में सूर्य के सबसे निकट पहुंचती है। पेरी का अर्थ सबसे निकट और हेलियन का अर्थ सूर्य होता है। अर्थात सूर्य के चारों ओर घूमने वाली वस्तुओं की कक्षा आमतौर पर अंडाकार (एलिप्टिकल) होती है, न कि पूरी तरह गोलाकार। इसलिए इन पिंडों की दूरी हमेशा एक समान नहीं रहती।

संग्रेजिंग धूमकेतु के पेरिहेलियन की बात करें, तो 4 अप्रैल, 2026 को यह सूर्य की सतह से मात्र 7,48,000 किलोमीटर (4,65,000 मील) की दूरी पर रहेगा। यह सूर्य के व्यास का आधा हिस्सा जितना निकट है। इसकी अपेक्षित चमक की बात करें, तो यदि यह टूटा नहीं, तो इसकी चमक-4 मैग्निट्यूड तक पहुंच सकती है (शुक्र ग्रह जितनी चमकीली)। इससे पहले मार्च के अंत में बड़े शौकिया दूरबीनों से 13 मैग्निट्यूड पर दिखाई देगी, लेकिन अप्रैल में तेजी से चमक बढ़ेगी। लंबी पूंछ विकसित हो सकती है। अप्रैल में सूर्यास्त के बाद पश्चिम दिशा में मध्य-ट्वाइलाइट (अर्ध-अंधेरे) में दिखाई दे सकता है। दक्षिणी गोलार्ध में मार्च के अंत से ही दिखना शुरू हो सकता है, लेकिन उत्तर भारत से अप्रैल में पश्चिम क्षितिज पर निम्न ऊंचाई पर रहेगा। अप्रैल के मध्य के बाद यह सूर्य के करीब होने के कारण इसे देखना कठिन हो जाएगा।



सूर्यास्त के तुरंत बाद (लगभग 6-7 बजे आईएसटी) पश्चिम की ओर देखें, जहां यह शुक्र ग्रह के आसपास होगा। 8 अप्रैल को शुक्र के बहुत पास दिखाई दिया। नग्न आंखों से या छोटी दूरबीन से पूंछ दिख सकती है, लेकिन सूर्य के करीब होने से इसका दृश्यावलोकन कठिन होगा। इसे देखने के लिए अवरोध-रहित क्षितिज चुनें। यदि इस धूमकेतु की चमक-4 तक पहुंची, तो दिन के उजाले में भी दिख सकता है। संभावित जोखिम यह है कि सूर्य के निकट गर्मी और गुरुत्वाकर्षण से यह पूरी तरह टूट सकता है। यदि ऐसा हुआ, तो चमक कम हो जाएगी। फिर भी यदि बचा रहा, तो सूर्य के करीब होने से इसे देखना चुनौतीपूर्ण रहेगा।



## अन्य धूमकेतु (दूरबीन आवश्यक)

10 पी/टेंपेल 2 एक आवर्ती धूमकेतु है, जिसकी कक्षीय अवधि 5 .5 वर्ष है। इसकी चमक 12 मैग्निट्यूड, शाम और सुबह के आकाश में (ऊंचाई 11–44 डिग्री) पर ओफ्यूकस तारामंडल में दिखाई देगा। यह दूरबीन से ही दिखेगा, नग्न आंखों से नहीं, क्योंकि इसका चरम अगस्त 2026 में होगा। इसे देखने के लिए शाम को पश्चिम या सुबह पूर्व दिखा में खोजें। एक अन्य धमकेतु सी/2024 ई1 (विएरझोस), जिसका 10 मैग्निट्यूड होगा, शाम में दिखाई देगा, लेकिन ये कम उल्लेखनीय हैं और शौकिया खगोलविदों के लिए यह भी दूरबीनों से दृष्टिगोचर होगा।

## सी/2025 आर3 (पैनस्टार्स) - संभावित 'ग्रेट धूमकेतु'

2025 में पैनस्टार्स टेलीस्कोप द्वारा खोजा गया। यह धमकेतु 2026 की शुरुआत में चर्चा में आया। इसके पेरिहेलियन की बात करें, तो 19 अप्रैल, 2026 को सूर्य के सबसे निकट होगा। यह 3 से 7 मैग्निट्यूड के बीच चमकेगा। यदि 3 मैग्निट्यूड, तो नग्न आंखों से आसानी से दिखेगा। अप्रैल 2026 के मध्य (26 अप्रैल तक) सबसे अच्छा दिखाई देगा। यह पृथ्वी के सबसे निकट 26 अप्रैल को (73.2 मिलियन किमी दूर) होगा और सुबह के आकाश में दिखेगा। अप्रैल 11-12 को सूर्योदय से पहले पेगासस तारामंडल के पास दिखाई दिया था। वहीं अप्रैल 15 को यह ग्रेट स्क्वायर ऑफ पेगासस के निकट था। यह दक्षिणी गोलार्ध में अप्रैल के अंत में सूर्यास्त के बाद पश्चिम क्षितिज पर दिखाई देगा। इस धमकेतु को सूर्योदय से 1-2 घंटे पहले (लगभग 4-5 बजे आईएसटी) पूर्व दिशा में देखें। इसे पेगासस के आकाशगंगाओं के पास ढूंढें। दूरबीन या बाइनोकुलर के उपयोगी से इसे देखा जा सकता है, लेकिन यदि चमक 3 मैग्निट्यूड रही तो इसे नग्न आंखों से भी देखा जा सकेगा। नया चंद्रमा (17 अप्रैल के आसपास) के समय आकाश अंधेरा होगा, जो इसे देखने में बहुत आसानी रहेगी। इसे 2026 का ग्रेट धूमकेतु इसलिए कहा जा रहा है, क्योंकि यह धूमकेतु लंबी अवधि का है और चमकदार हो सकता है, लेकिन सूर्य के बीच से गुजरने (पृथ्वी और सूर्य के बीच) से चमक प्रभावित हो सकती है।


मरीन लाइफ

# जेलीफिश: प्रकृति का पारदर्शी चमत्कार



जेलीफिश का शरीर बेहद मुलायम, पारदर्शी और जेल जैसा होता है, जिससे इन्हें 'समुद्री जेली' भी कहा जाता है। इनका शरीर लगभग 95 प्रतिशत पानी से बना होता है, इसलिए ये बहुत हल्की होती हैं और समुद्र की लहरों के साथ आसानी से तैरती रहती हैं। जेलीफिश की सबसे खास बात यह है कि इनमें दिल, दिमाग और हड्डियां नहीं होतीं, फिर भी ये लाखों वर्षों से पृथ्वी पर जीवित हैं।

जेलीफिश को दिल की आवश्यकता इसलिए नहीं होती, क्योंकि इनके शरीर में रक्त संचार (ब्लड सर्कुलेशन) की जटिल प्रणाली नहीं होती। इनके शरीर की संरचना इतनी सरल होती है कि पानी सीधे इनके ऊतकों (टिश्यू) के बीच से गुजरता है। इसी पानी के माध्यम से ऑक्सीजन और पोषक तत्व शरीर के सभी हिस्सों तक पहुंच जाते हैं। इस प्रक्रिया को डिफ्यूजन कहा जाता है, जिससे ये बिना दिल और ब्लड वेसल्स के भी आसानी से जीवित रह पाती हैं। इनका शरीर मुख्य रूप से एक घंटी के आकार का होता है, जिसके नीचे लटकती हुई टेंटेकल्स होती हैं। इन टेंटेकल्स में सूक्ष्म डंक होते हैं, जिन्हें नेमाटोसिस्ट कहा जाता है। ये डंक शिकार को पकड़ने और खुद की रक्षा करने में मदद करते हैं। कुछ जेलीफिश का डंक इंसानों के लिए भी खतरनाक हो सकता है। जेलीफिश का अपना कोई विकसित दिमाग नहीं होता, लेकिन इनके पास एक सरल तंत्रिका जाल (nerve net) होता है, जो इन्हें अपने आसपास के वातावरण को महसूस करने में मदद करता है। ये प्रकाश और स्पर्श के प्रति प्रतिक्रिया कर सकती हैं, जिससे ये दिशा बदलने या खतरे से बचने में सक्षम होती हैं। एक और रोचक तथ्य यह है कि कुछ जेलीफ़िश प्रजातियां, जैसे कि 'अमर जेलीफिश', अपनी उम्र को वापस शुरुआती अवस्था में ले जाने की क्षमता रखती हैं, जिससे वे सैद्धांतिक रूप से अमर मानी जाती हैं। जेलीफिश समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये छोटे जीवों को खाकर संतुलन बनाए रखती हैं और खुद भी कई बड़े समुद्री जीवों के भोजन का स्रोत होती हैं। इस तरह, अपनी सरल संरचना के बावजूद, जेलीफिश समुद्र के जीवन चक्र में एक अहम कड़ी हैं।



वैज्ञानिक फैक्ट


# क्यों दिखाई पड़ता है आकाश का रंग नीला

साफ और धूप वाले दिन जब हम आसमान की ओर देखते हैं, तो वह हमें चमकीला नीला दिखाई देता है, जबकि शाम के समय वही आकाश लाल, नारंगी और गुलाबी रंगों में बदल जाता है। यह परिवर्तन प्रकृति के एक बेहद रोचक वैज्ञानिक सिद्धांत पर आधारित है, जिसे समझने के लिए हमें प्रकाश और वायुमंडल की भूमिका जाननी होती है। सूर्य से आने वाला प्रकाश देखने में भले ही सफेद लगता हो, लेकिन वास्तव में यह कई रंगों लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, जामुनी (इंडिगो) और बैंगनी का मिश्रण होता है। इन सभी रंगों की तरंगदैर्ध्य अलग-अलग होती है। लाल रंग की तरंगदैर्ध्य सबसे अधिक होती है, जबकि नीले और बैंगनी रंग की सबसे कम। कम तरंगदैर्ध्य वाले रंगों में ऊर्जा अधिक होती है और वे वातावरण में अधिक बिखरते हैं। जब सूर्य का प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करता है, तो वह गैसों (जैसे ऑक्सीजन और नाइट्रोजन), धूलकणों और जलवाष्प से टकराता है। इस टकराव के कारण प्रकाश का बिखराव होता है, जिसे वैज्ञानिक भाषा में "रेले प्रकीर्णन" कहा जाता है। इस प्रक्रिया में नीले और बैंगनी रंग की तरंगें सबसे अधिक बिखरती हैं। हालांकि बैंगनी रंग का बिखराव अधिक होता है, फिर भी हमें आकाश नीला दिखाई देता है। इसका कारण यह है कि हमारी आंखें नीले रंग के प्रति अधिक संवेदनशील होती हैं और सूर्य से भी नीले प्रकाश की मात्रा अपेक्षाकृत अधिक पहुंचती है।



दिन के समय सूर्य सिर के ऊपर होता है, जिससे प्रकाश को कम दूरी तय करनी पड़ती है और नीला प्रकाश हर दिशा में बिखरकर पूरे आकाश को नीला बना देता है, लेकिन सूर्योदय और सूर्यास्त के समय सूर्य क्षितिज के पास होता है, जिससे प्रकाश को अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। इस दौरान नीला और बैंगनी प्रकाश रास्ते में ही बिखर जाता है और हमारी आंखों तक मुख्यत: लाल, नारंगी और पीले रंग की किरणें पहुंचती हैं, जिससे आकाश का रंग बदल जाता है। ऊंचाई बढ़ने पर आकाश का रंग और गहरा नीला दिखाई देता है, क्योंकि वहां वायुमंडल पतला होता है और बिखराव कम होता है। अंतरिक्ष में तो लगभग कोई वायुमंडल नहीं होता, इसलिए वहां आकाश काला दिखाई देता है। इस प्रकार, आकाश का नीला रंग प्रकृति की एक सुंदर वैज्ञानिक प्रक्रिया का परिणाम है, जो हमें हर दिन एक नया और आकर्षक दृश्य प्रदान करती है।

# सर्पविष का विज्ञान: संरचना और प्रभाव



रणबीर सिंह
विज्ञान लेखक

भारत में आदिकाल से सांप से संबंधित फोकलोर और वैज्ञानिक साहित्य उपलब्ध है। आयुर्वेद में विष चिकित्सा में इनका वर्णन है। अंग्रेजों के समय में भारत उपमहाद्वीप ही नहीं, बल्कि श्रीलंका और बर्मा में पाए जाने वाले सांपों की प्रजातियों और इनके जहर के बारे में विशेष अध्ययन और डॉक्यूमेंटेशन वर्क हुआ था। इन पुस्तकों में सभी किस्म सांपों के हाथ से बनाए गए रंगीन चित्र दिए गए हैं। इनके बारे में बहुत सा अध्ययन ब्रिटेन की लैब्स में उन दिनों अंग्रेज वैज्ञानिकों ने किया था और मनुष्य में सांप के काटने के बाद शरीर में फैलने वाले इन जहरों को बे-असर करने के उपाय विकसित किए गए थे। आधुनिक मॉलिक्यूलर बायोलॉजीकल अध्ययनों से विभिन्न जहरीले सांपों के जहर की विस्मित करने वाली संरचनाएं सामने आई हैं। दवा उद्योग में सांपों के विभिन्न प्रकार के जहर की बड़ी मांग है, क्योंकि इस पर अरबों रुपये का उद्योग खड़ा किया गया है।

मनुष्य और पालतू पशुओं की जान बचाने के लिए या एन्वीनोमिंग के लिए जो एंटीबाडीज और अन्य उत्पाद दवा फैक्ट्रीज में बनाए जाए हैं, उससे पहले इन पर व्यापक अध्ययन किया जाता है और खास तरह की प्रोसस्सेस को विकसित किया जाता है। अब सांप के काटे का टीका बनाने के लिए घोड़ों का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि बायोटेक्नोलॉजी और केमिकल विधियों से इन्हें बड़ी मात्रा में निर्मित करना सिद्ध किया जा चुका है।

लोग सांप के प्रति एक ही प्रकार का नजरिया रखते हैं: मार देना। यह बिल्कुल प्रकृति विरुद्ध काम है। सांपों के परिवेश अर्थात हैबिटैट और व्यवहार का अध्ययन करने वाले कुछ और कहते हैं। भारत में सांपों की करीब 300 किस्में हैं और इनके रंग और हैबिटैट भी अलग है। इनमें से नाग अर्थात कोबरा, वाईपर की दो किस्में और करात ही जहरीले हैं। सांप प्रजातियों की खुराक अलग-अलग होती है। भारत में सभी सांप जहरीले नहीं हैं। इनमें चार प्रकार के जहर होते हैं। ये एक प्रकार के कुदरती एंजाइम अथवा प्रोटीन होते हैं और इनकी रासायनिक और मॉलिक्यूलर संरचना अलग-अलग तरह की होती है। ज्यादातर जहर चार प्रकार के असर वाले यथा न्यूरोटॉक्सिक, साइटोटॉक्सिक, हीमोटॉक्सिक और मायोटॉक्सिक हैं। अर्थात कोई जहर शरीर के नर्वस सिस्टम, दूसरा, रक्त कोशिकाओं, तीसरा शरीर के उत्तकों की कोशिकाओं और चौथा मांशपेशियों की कोशिकाओं को नष्ट करता है। सांप अपने शरीर में जहर का निर्माण अथवा सिंथेसिस शिकार को बेदम करने के लिए और अपनी रक्षा करने के लिए करते हैं। इन चारों किस्म के जहर का निर्माण करने के लिए सांप के शरीर में विशेष कोशिकाएं/ग्रंथियां होती हैं। विष का उत्पादन अत्यधिक विशिष्ट लार स्त्रावी ग्रंथियों के भीतर होता है। रूपांतरित ग्रंथियां अथवा एपिथीलियल कोशिकाएं विभिन्न प्रोटीन घटकों का संश्लेषण करती हैं। सांपों के जहर की एक बड़ी



वैरायटी फोस्फोलायीपेज ए-2 डाइजेस्टिव एंजाइम से 'तेज विकास' की प्रक्रिया के जरिए विकसित हुई है। इन जहरों के अलग-अलग टिश्यू टारगेट, मेम्ब्रेन रिसेप्टर और सेल प्लाज्मा मेम्ब्रेन को बदलने के अलग-अलग तरीके होते हैं। जहर जैसे असरात दिखाने वाले फोस्फोलायीपेज ए-2 की किस्मों से होने वाले दो सबसे आम असर हैं न्यूरोटॉक्सिसिटी और मायोटॉक्सिसिटी।

विभिन्नताओं के बावजूद, सांप का जहर एक जैसा सेल्यूलर घाव कैसे पैदा करते हैं, जो विकास के नजरिए से बहुत ज्यादा सुरक्षित है। वे शुरू में प्लाज्मा मेम्ब्रेन में गड़बड़ी पैदा करते हैं, जिससे साइटोसोलिक कैल्शियम आयन Ca2+ की मात्रा में भारी बढ़ोतरी होती है, जिससे सेल का क्षरण होता है। यह प्रक्रिया उन तरीकों से होती है, जिसमें मांसपेशियों के सेल्स और न्यूरोमस्कुलर जंक्शन प्रभावित होते हैं। उक्त कैल्शियम आयन एक धनात्मक आवेश वाला आयन है और कई जैविक तथा शारीरिक प्रक्रियाओं के लिए जरूरी है। यह एक द्विसंयोजी धनायन है, जिसका मतलब है कि जब एक उदासीन कैल्शियम परमाणु अपने दो सबसे बाहरी इलेक्ट्रॉन खो देता है, तो उस पर +2 का आवेश आ जाता है।

इस धनात्मक आवेश के कारण यह ऋणात्मक आवेश वाले आयनों (ऋणायनों)-जैसे कि फॉस्फेट और कार्बोनेट, के साथ आयनिक बंध बना पाता है। यह प्रक्रिया कैल्शियम लवणों के निर्माण और हड्डियों के खनिजीकरण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। जहरों से होने वाले अलग-अलग सिस्टमिक पैथोफिजियोलॉजिकल नतीजे सेल टॉक्सिसिटी के अलग-अलग तरीकों की वजह से नहीं होते, बल्कि टारगेट किए गए टिश्यू और सेल्स की अंदरूनी शारीरिक और जैविक विशेषताओं की वजह से होते हैं। फोस्फोलायीपेज ए-2 एक ऐसा एंजाइम है, जो फॉस्फोलिपिड्स के हाइड्रोलिसिस को उत्प्रेरित करता है।

## टॉक्सिन्स का अध्ययन

वाइपर सांप की किस्म के विष के मामले में, फोस्फोलायीपेज ए-2 द्वारा पैदा की गई स्थानीय विकृति अन्य विषाक्त घटकों -मुख्य रूप से जिंक-निर्भर मेटालोप्रोटीनेज, की क्रिया से और भी अधिक जटिल हो जाती है। ये घटक रक्तस्राव, फफोले और अन्य ऐसे बदलाव पैदा करते हैं, जो ऊतकों को व्यापक नुकसान पहुंचाने और ऊतकों के खराब पुनर्निर्माण के कारण होने वाले दीर्घकालिक परिणामों अर्थात सीक्वेली के लिए जिम्मेदार होते हैं। इसके अलावा, विषाक्त पदार्थों के कारण ऊतकों को होने वाला नुकसान बैक्टीरिया के संक्रमण के लिए अनुकूल परिस्थितियां पैदा करता है। यह संक्रमण स्थानीय विकृति को और भी अधिक जटिल बना देता है और अंतत: गैंग्रीन तथा ऊतकों के नष्ट होने का कारण बन सकता है, जिसके परिणामस्वरूप प्रभावित अंग को काटकर अलग करने की आवश्यकता पड़ सकती है। इन फोस्फोलायीपेज ए-2 टॉक्सिन्स के समूह का गहन अध्ययन किया जाता है, क्योंकि कई देशों में सर्पदंश से मरने वाले लोगों की बड़ी संख्या बहुत गंभीर है। टॉक्सिन्स का अध्ययन इसलिए भी किया जाता है, क्योंकि वे ऊतकों और कोशिकाओं की कार्यप्रणाली के अज्ञात पहलुओं को उजागर करने में मदद कर सकते हैं।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 77,988.68 | 24,196.75 |
| गिरावट | 122.56 | 34.55 |
| प्रतिशत में | 0.16 | 0.14 |

सोना 1,57,800 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,58,700 प्रति किलो

अमृत विचार
हल्द्वानी, शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026
www.amritvichar.com

# कारोबार

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन-** तुलसी 2535, राज श्री 1960, फ़ॉर्चून कि. 2685, रविन्द्रा 2540, फॉर्चुन 13kg 2365, जय जवान 2095, सचिन 2300, सूरज 2095, अवसर 2065, उजाला 2100, गृहणी 13 kg 2130, क्लासिक (kg) 2455, मोर 2300, चक्र टिन 2505, ब्लू 2380, आशीर्वाद मस्टर्ड 2420, स्वास्तिक 2490
**किराना-** निजामाबाद हल्दी 16000-18000, जीरा 25500, लाल मिर्च 21500-24000, धनिया 14000-18000, अजवायान 14000-19000, मेथी 7000-8000 सौंफ 11000-20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850-1000, बादाम 750-1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330-380, मखाना 800-1150
**चावल (प्रति कु0)-**डबल चाबी सेला 10800, आभा स्पाइस 8300, शरबती कच्ची 6500, शर्बती स्टीम 6500, मंसूरी 4500, महबूब सेला 4600, गौरी रॉयल 10200, राजभोग 8250, हरी पत्ती ( 1kg,5kg ) 11700, हरी पत्ति नेचुरल 10900, गौरी स्पेशल 10100, गौरी प्रीमियम 11500, जन्नत 3700, गौरी डिलाइट 10800, मंसूरी पनघट 4400,लाडली 4400
**दाल दलहन-** मूंग दाल इंदौर 9900, मूंग धोवा 10100, राजमा चित्रा 11500-13000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल 7450-9600, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800-9800, मसूर दाल छोटी 10300-11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800-11500,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7400, चना अकोला 6600, डबरा 6800-8400, सच्चा मोती 8700, मोटा सफेद 9700, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100-11800, अरहर कोरी छोटी 12700
**चीनी-** पीलीभीत 4320, बहेड़ी 4280, सितारगंज 4260

## हल्द्वानी मंडी

**नोट : दाम प्रति क्विंटल में**
**चावल :** शरबती- 3400 मसूरी- 1200 बासमती- 7400-8600 परमल- 1400-3600
**दाल दलहन-**काला चना- 2000-3400 साबुत चना दाल- 1000 मूंग साबुत- 5400 राजमा- 7800-12600 दाल उड़द- 5000 साबुत मसूर दाल- 2500 मसूर दाल- 1600 उड़द साबुत- 10400 काबुली चना- 5000-10400 अरहर दाल- 10000 -12400 लोबिया/करमानी- 1200-1900

### 1,000 टन खुबानी निर्यात होगी

**लेह।** लद्दाख प्रशासन ने गुरुवार को लुलु रिटेल के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत इस मौसम में 1,000 टन प्रीमियम लद्दाखी खुबानी का अंतर्राष्ट्रीय बाजार में निर्यात किया जाएगा।

# शेयरों में मुनाफावसूली से सेंसेक्स 123 अंक टूटा, निफ्टी 24,200 के नीचे बंद

## अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर पर स्पष्टता का इंतजार, मिलेगी बाजार के रुख को दिशा

मुंबई, एजेंसी

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 123 अंक टूट गया, जबकि एनएसई निफ्टी 24,200 अंक के नीचे बंद हुआ। हाल की तेजी के बाद बैंक और वित्तीय शेयरों में मुनाफावसूली से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती बढ़त को गंवाते हुए 122.56 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,988.68 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स बढ़त के साथ खुला और 78,730.32 अंक तक पहुंच गया। हालांकि, बाद में ऊंचे स्तर पर मुनाफावसूली से यह गिरावट के साथ 77,674.93 अंक के निचले स्तर पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान सेंसेक्स में 1,055.39 अंक का उतार-चढ़ाव आया। एनएसई निफ्टी भी 34.55 अंक यानी 0.14 प्रतिशत टूटकर 24,196.75 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक ऊंचे में 24,400.95 तक गया और नीचे में 24,102.80 अंक तक आया।

पश्चिम एशिया में तनाव कम होने के संकेत के बीच दोनों मानक सूचकांकों में बुधवार को एक प्रतिशत से अधिक की तेजी आई थी। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एचडीएफसी बैंक में सबसे ज्यादा 1.75 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा




### गिरावट वाले शेयर

टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और बजाज फाइनेंस

### ये रहे लाभ में

ट्रेंट, इटर्नल, अदाणी पोर्ट्स, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और इन्फोसिस

### बढ़त में रहे अन्य एशियाई बाजार

एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार दोपहर के कारोबार में सकारात्मक दायरे में थे। अमेरिकी बाजार बुधवार को ज्यादातर बढ़त के साथ बंद हुए थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.51 प्रतिशत बढ़कर 96.36 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 666.15 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। सेंसेक्स बुधवार को 1,263.67 अंक बढ़कर 78,111.24 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 388.65 अंक बढ़कर 24,231.30 अंक पर रहा था।

### एक्सपर्ट्स की राय

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि घरेलू बाजार की शुरुआत सकारात्मक रही। हालांकि, उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सौदों की साप्ताहिक समाप्ति के दिन बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। निवेशकों ने हाल की बढ़त के बाद मुनाफा वसूली की। बाजार को अमेरिका-ईरान वार्ता के दूसरे दौर पर स्पष्टता का इंतजार है, जो निकट भविष्य के बाजार के रुख को दिशा देगा।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक हरिप्रसाद के ने कहा कि भारतीय बाजार में आज उतार-चढ़ाव देखने को मिला। पश्चिम एशिया के प्रति बाजार धारणा संवेदनशील है। क्षेत्रवार रुझान मिलाजुला रहा। धातु, आईटी और ऊर्जा शेयरों ने सूचकांक को सहारा दिया, जबकि बैंक और वाहन शेयरों पर कुछ दबाव देखने को मिला।

यूपी रेरा ने लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद समेत आठ जिलों में दी स्वीकृति

# 1300 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित होंगी 13 परियोजनाएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, सहारनपुर, गाजियाबाद, वाराणसी, गौतमबुद्ध नगर व मथुरा में 1,300.38 करोड़ के निवेश से 13 परियोजनाएं विकसित की जाएंगी। गुरुवार को उप्र विनियामक प्राधिकरण (रेरा) की 200वीं बैठक में परियोजनाओं को मंजूरी दी गई।

इनमें बिल्डरों द्वारा 1,976 आवासीय और व्यावसायिक इकाइयां निर्मित करके भूखंड, फ्लैट, विला व दुकानें आदि बिक्री किए जाएंगे। न्यू हैदराबाद स्थित रेरा मुख्यालय पर अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी की अध्यक्षता में बैठक हुई। निवेश और इकाइयों की संख्या में गाजियाबाद अग्रणी रहा। जहां 767.58 करोड़ की लागत से दो आवासीय परियोजनाओं में कुल 1,137 इकाइयां निर्मित करने को मंजूरी दी गई।

लखनऊ में सबसे अधिक 66.55 करोड़ की कुल पांच परियोजनाएं स्वीकृत की गईं। इनमें दो आवासीय, दो व्यावसायिक और एक मिश्रित उपयोग की परियोजना में 404 इकाइयां विकसित की जाएंगी।


न्यू हैदराबाद स्थित रेरा मुख्यालय पर बैठक करते अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी।


- **1,976 व्यावसायिक व आवासीय इकाई निर्मित करेंगे बिल्डर**
- **बरेली में 16.33 करोड़ की आवासीय परियोजना मंजूर**

बरेली में 16.33 करोड़ रुपये लागत की एक आवासीय परियोजना स्वीकृत की गई। इस परियोजना में 84 आवासीय इकाइयां निर्मित की जाएंगी। इसके अलावा गौतमबुद्ध नगर में 141.14 करोड़ रुपये की एक व्यावसायिक परियोजना में 21 इकाई, मथुरा में 160.93 करोड़ रुपये की एक आवासीय परियोजना में 198 इकाई, सहारनपुर में 131.49 करोड़ रुपये से एक आवासीय परियोजना में 83 इकाई विकसित की जाएंगी।

इसी तरह वाराणसी में 2.50 करोड़ रुपये से एक व्यावसायिक परियोजना में 20 इकाइयां व मुरादाबाद में 13.86 करोड़ रुपये से एक आवासीय परियोजना में 29 इकाइयां स्वीकृत की गईं।

# लगातार मांग से चांदी 1700 रुपये चढ़ी, सोना टूटा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमत 1,700 रुपये बढ़कर 2.58 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इसकी वजह लगातार मांग और मज़बूत वैश्विक रुख था, जबकि निवेशक भू-राजनीतिक घटनाक्रम और मुद्रा के उतार-चढ़ाव पर नज़र रखे हुए थे। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी 1,700 रुपये या लगभग एक प्रतिशत बढ़कर 2,58,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गई, जबकि पिछली सत्र में यह 2,57,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। हालांकि, 99.9 प्रतिशत वाला सोना 200 रुपये टूटकर 1,57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गया। बुधवार को, सोने की कीमत 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी।



एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा कि बृहस्पतिवार को सोने में सीमित दायरे में कारोबार हुआ, जो मिले-जुले बाजार संकेतों को दिखाता है।

# वैश्विक वृद्धि में मुख्य भूमिका निभाएगा एशिया : आईएमएफ

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि एशिया वैश्विक वृद्धि का मुख्य चालक बना रहेगा, जिसमें भारत और चीन क्षेत्रीय विस्तार में 70 प्रतिशत का योगदान देंगे। साथ ही संगठन ने यह भी कहा कि खाड़ी संकट के कारण ऊर्जा का झटका इस क्षेत्र को नकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा।



आईएमएफ ने एशिया-प्रशांत क्षेत्र पर अपनी रिपोर्ट में कहा कि अमेरिकी शुल्क और व्यापारिक अनिश्चितता के चलते क्षेत्रीय वृद्धि दर के 2026 में घटकर 4.4 प्रतिशत और 2027 में 4.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह आंकड़ा 2025 में 5% था।

आईएमएफ के एशिया प्रशांत विभाग के निदेशक कृष्णा श्रीनिवासन ने यहां पत्रकारों से कहा कि एशिया ने 2026 में एक मजबूत स्थिति के साथ प्रवेश किया है और अमेरिकी शुल्कों तथा बढ़ती अनिश्चितता का खामियाजा भुगतने के बावजूद क्षेत्र की वृद्धि दर जुझारू बनी हुई है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की जीवाश्म ईंधन पर उच्च निर्भरता और प्रमुख वस्तुओं के लिए संघर्ष वाले क्षेत्रों पर निर्भरता को देखते हुए, ऊर्जा का नया झटका उन्हें नकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा। इससे मुद्रास्फीति बढ़ रही है, बाहरी संतुलन कमजोर हो रहा है और वित्तीय मोर्चे पर सख्ती बढ़ रही है।




# SIP: छोटे कदम, बड़ा निवेश

कारोबार डेस्क

आज के समय में निवेश की दुनिया तेजी से बदल रही है। ऐसे में SIP अर्थात सिस्टेमैटिक इंवेस्टमेंट प्लान, आम निवेशकों के बीच एक लोकप्रिय और भरोसेमंद विकल्प बनकर उभरा है। एसआईपी के जरिए आप म्यूचुअल फंड में नियमित रूप से छोटी-छोटी रकम निवेश कर सकते हैं, जिससे लंबे समय में अच्छा फंड तैयार हो सकता है। आइए समझते हैं कि क्या है एसआईपी और यह कैसे हमारे पैसे को बढ़ाता है-




### क्या है एसआईपी

- SIP एक ऐसी निवेश पद्धति है जिसमें आप हर महीने (या तय अवधि पर) एक निश्चित राशि म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। यह निवेश बाजार के उतार-चढ़ाव के हिसाब से यूनिट्स खरीदता है। जब बाजार नीचे होता है तो ज्यादा यूनिट मिलती हैं और जब ऊपर होता है तो कम—इसे रुपी कॉस्ट एवरेजिंग कहते हैं।

### क्यों है SIP फायदेमंद

- **छोटे निवेश से शुरुआत :** आप 100 या 500 रुपये महीने से भी शुरू कर सकते हैं।
- **अनुशासन बनाता है :** नियमित निवेश की आदत डालता है।
- **कंपाउंडिंग का लाभ :** समय के साथ आपका पैसा तेजी से बढ़ सकता है।
- **मार्केट टाइमिंग की चिंता नहीं :** बाजार कब ऊपर या नीचे जाएगा, इसकी चिंता कम हो जाती है।

### आसानी से समझें

- **क्या SIP सुरक्षित है?**
-एसआईपी खुद में सुरक्षित या असुरक्षित नहीं है, यह उस म्यूचुअल फंड पर निर्भर करता है जिसमें आप निवेश कर रहे हैं। इक्विटी फंड में जोखिम अधिक होता है, जबकि डेट फंड अपेक्षाकृत सुरक्षित होते हैं।
- **क्या बीच में एसआईपी बंद कर सकते हैं?**
-हाँ, एसआईपी को कभी भी रोका या बदला जा सकता है। इसमें कोई पेनाल्टी नहीं होती। हालांकि ये हर महीने जमा करते हैं लेकिन डाकघर की आरडी से अलग और लाभकारी है।
- **मार्केट गिरने पर क्या करें?**
-अधिकांश निवेशक घबरा जाते हैं, लेकिन यही समय SIP जारी रखने का होता है क्योंकि आपको सस्ती यूनिट्स मिलती हैं।
- **सबसे जरूरी सलाह**
-सिर्फ हाई रिटर्न देखकर फंड न चुनें। फंड का चुनाव उसके पिछले 3–5 साल का प्रदर्शन देखकर उसका विश्लेषण करने के बाद लें। बेहतर होगा किसी वित्तीय सलाहकार के माध्यम से चुनें।

### निवेश से पहले ध्यान रखने योग्य बातें

- अपने लक्ष्य (जैसे बच्चों की शिक्षा, रिटायरमेंट) स्पष्ट करें।
- जोखिम सहने की क्षमता समझें।
- सही फंड का चयन करें (एक्सपर्ट की सलाह लें तो बेहतर)
- लक्ष्य प्राप्ति और बड़ा फंड एकत्र करने के लिए लंबी अवधि जैसे 5 से 10 वर्ष तक निवेश का नजरिया रखें।
- निरंतरता बनाए रखें, चाहे बाजार चढ़े या गिरावट आए।

### आदर्श SIP पोर्टफोलियों

- अगर आप 500—1000 SIP शुरू कर रहे हैं :
- 40% Flexi Cap Fund
  30% Large Cap Fund
  30% Mid/Small Cap
- इससे आपका जोखिम संतुलित रहेगा और रिटर्न की संभावना भी अच्छी होगी।

### काम की बात

- SIP आम निवेशक के लिए एक आसान, लचीला और प्रभावी निवेश तरीका है। सही योजना और धैर्य के साथ यह आपके वित्तीय लक्ष्यों को हासिल करने में मजबूत सहायक बन सकता है। निवेश में जल्दबाजी नहीं, निरंतरता ही सफलता की कुंजी है। ...तो एसआईपी में निवेश कर बढ़ाएं अपना धन। ...शुभ निवेश



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# बंगाल की समस्याओं का हल है भाजपा की डबल इंजन सरकार : योगी आदित्यनाथ

रामपुरहाट (पश्चिम बंगाल), एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि पिछले 15 वर्षों में भ्रष्टाचार, जबरन वसूली और माफिया राज ने पश्चिम बंगाल को पहचान के संकट में धकेल दिया है।

योगी आदित्यनाथ ने भाजपा उम्मीदवारों के समर्थन में बीरभूम जिले के रामपुरहाट में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाल के लोगों को अब तृणमूल कांग्रेस की जरूरत नहीं है और मतदाताओं से आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा का समर्थन करने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि पिछले 15 वर्षों से बंगाल पहचान के संकट का सामना कर रहा है। तृणमूल कांग्रेस सरकार में आतंक, जबरन वसूली, भ्रष्टाचार और माफिया राज प्रदेश की पहचान बन गए हैं। आम लोगों, खासकर महिलाओं और युवाओं के बीच डर का माहौल उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि लोग खौफ में जी रहे हैं। बेटियां और बहनें सुरक्षित नहीं हैं, युवाओं का कोई भविष्य नहीं है और राजनीतिक संरक्षण में माफिया पनप रहे है। भाजपा इस माफिया संस्कृति को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है।


पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट में एक जनसभा के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

वर्ष 2017 में उत्तर प्रदेश में भाजपा के सत्ता में आने से पहले के हालात की तुलना पश्चिम बंगाल से करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि उनका राज्य भी कभी लगातार दंगों, कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का गवाह रहा था। उन्होंने कहा कि बंगाल में आज जो स्थिति दिख रही है, वह नौ साल पहले उत्तर प्रदेश में थी।

### अभिषेक ने अमित शाह को दी मतगणना के दिन मौजूद रहने की चुनौती

**कोलकाता, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने भाजपा पर पश्चिम बंगाल चुनावों से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने का आरोप लगाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को मतगणना के दिन कोलकाता में मौजूद रहने की बृहस्पतिवार को चुनौती दी। पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले के भगवानपुर में एक चुनावी रैली में बनर्जी ने कहा कि अगर आपमें हिम्मत है, तो मतगणना के दिन कोलकाता में मौजूद रहें, तब हम देखेंगे। उन्होंने ममता बनर्जी के चौथी बार सत्ता में लौटने का विश्वास व्यक्त किया। मतगणना चार मई को होगी। भाजपा नेताओं से धमकियां मिलने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि हमें धमकियां मिल रही हैं। गृह मंत्री कह रहे हैं कि तृणमूल कार्यकर्ता अपने घरों से बाहर न निकलें वरना उन्हें जेल भेज दिया जाएगा। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि किसी में इतनी हिम्मत नहीं है कि वह यहां आकर बंगाल के लोगों को धमकाए।

# महिला आरक्षण कानून में संशोधन और परिसीमन को जोड़ना साजिश है: बनर्जी

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि महिला आरक्षण कानून में संशोधन और परिसीमन आयोग के गठन से संबंधित विधेयकों को कथित तौर पर आपस में जोड़ना मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटाने और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) लागू करने की साजिश है।

बनर्जी ने कूच बिहार जिले के माथाभंगा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों को जोड़कर भारत को बांटने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों को आपस में जोड़कर भारत को बांटने की कोशिश की जा रही है। इन विधेयकों को आपस में जोड़ना मतदाताओं के नाम हटाने और एनआरसी को लागू करने की साजिश है।


जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी।

बता दें कि सरकार ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच महिला आरक्षण अधिनियम में संशोधन और परिसीमन से संबंधित तीन विधेयकों को पेश किया। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने 'संविधान (131वां) संशोधन विधेयक 2026' और 'परिसीमन विधेयक, 2026' पेश किए, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'संघ राज्य विधि (संशोधन) विधेयक, 2026' पेश किया।

बनर्जी ने कहा कि महिलाओं के लिए आरक्षण विधेयक तो बहुत पहले ही पारित हो चुका था, फिर इसके कार्यान्वयन में देरी क्यों हुई? तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ने दावा किया कि लोकसभा में उसके निर्वाचित सांसदों में से 37 प्रतिशत महिलाएं हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा बुधवार को पश्चिम बंगाल दौरे के दौरान कथित तौर पर कार्ड बांटने का जिक्र करते हुए, बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का कथित उल्लंघन करने के लिए उन्हें (सीतारमण) पद से हटाने की चुनौती दी।


लोगों को संबोधित करते तमिलनाडु के सीएम स्टालिन।

# तमिलनाडु : स्टालिन ने जलाई परिसीमन विधेयक की प्रति, इसे बताया 'काला कानून'

**चेन्नई/नामक्कल, एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने बृहस्पतिवार को परिसीमन विधेयक की एक प्रति जलाकर उसे काला कानून करार दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विधेयक तमिल लोगों को उनकी अपनी ही भूमि में शरणार्थी बनाने का प्रयास है। महिला आरक्षण संशोधन अधिनियम पर संसद के बजट सत्र की विशेष बैठक से कुछ घंटे पहले स्टालिन ने काला झंडा दिखाया, केंद्र सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई परिसीमन विधेयक की एक प्रति जलाई और नारे लगाए। मुख्यमंत्री चुनाव प्रचार के सिलसिले में पश्चिमी तमिलनाडु के नामक्कल में हैं और वहां उन्होंने विधेयक की प्रति जलाई। स्टालिन और काले वस्त्र पहने अन्य लोगों ने इस बीच नारे लगाए। उन्होंने 'पोराडावोम, वेलवोम ओन्द्रगा (आइए हम मिलकर संघर्ष करें, साथ मिलकर जीतें) का नारा भी लगाया। स्टालिन द्वारा विधेयक की प्रति जलाने के बाद पार्टी के नेताओं, पदाधिकारियों और निर्वाचित प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में विधेयक की प्रतियां जलाईं। उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान मदुरै में विधेयक की एक प्रति जलाई। उपमुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि परिसीमन केंद्र सरकार के हाथों में राज्य के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को खत्म करने का एक हथियार है।


जनसम्पर्क करते टीवीके प्रमुख विजय।

# चुनाव घोषणा पत्र : टीवीके प्रमुख बोले-महिलाओं को 2500 रुपये मासिक देंगे

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए बृहस्पतिवार को अपनी पार्टी का घोषणापत्र जारी किया जिसमें महिलाओं के लिए 2,500 रुपये की मासिक सहायता और निर्धन तबके की महिलाओं की शादी के वास्ते आठ ग्राम सोना देने का वादा किया गया है। विजय ने इन महिलाओं की शादी के लिए सोने के अलावा उच्च गुणवत्ता वाली रेशम की एक साड़ी देने का भी वादा किया। उन्होंने महिलाओं द्वारा संचालित स्वयं सहायता समूहों के वास्ते पांच लाख रुपये तक के ब्याज मुक्त ऋण और बच्चों को बीच में पढ़ाई छोड़ने से रोकने के लिए माताओं को प्रतिवर्ष 15 हजार रुपये देने का भी आश्वासन दिया। विजय ने पांच एकड़ से कम भूमि वाले किसानों के लिए पूर्ण सहकारी फसल ऋण माफी और धान के लिए 3,500 रुपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का वादा किया।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### इजराइल के हमलों में चार लेबनानी राहत कर्मियों की मौत

**टायरे।** इजराइली सेना के बुधवार को लगातार तीन लक्षित हमलों में चार लेबनानी बचावकर्मी मारे गए और छह घायल हो गए। यह घटना नबातिएह के पास स्थित दक्षिणी गांव मयफदौन में हुई, जहां पहले हमले में घायल नागरिकों की मदद के लिए पहुंचे बचावकर्मियों को निशाना बनाया गया। दूसरे हमले में, पहले से घायल साथियों की सहायता करने पहुंचे दल को निशाना बनाया गया, जबकि तीसरा हमला उन राहतकर्मियों पर हुआ जो पहले दो समूहों की मदद के लिए पहुंचे थे। लेबनान ने इन हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया है। इस्लामिक हेल्थ कमेटी के अधिकारी अबू हैदर हया ने कहा कि राहतकर्मियों को निशाना बनाना संकेत है कि इस युद्ध में कोई सीमा रेखा नहीं बची है।

### लश्कर ए तैयबा के सह संस्थापक को लाहौर में गोली मारी, घायल

**लाहौर।** पाकिस्तान स्थित लश्कर ए तैयबा आतंकी समूह का सह संस्थापक आमिर हमजा बृहस्पतिवार को लाहौर में मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात बंदूकधारियों के हमले में गोली लगने से घायल हो गया। हमजा को लश्कर ए तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद के बाद दूसरा सबसे महत्वपूर्ण नेता माना जाता है। सईद आतंकी वित्तपोषण मामलों में कई वर्षों की सजा के बाद 2019 से लाहौर की कोट लखपत जेल में बंद है। अज्ञात बंदूकधारियों ने गृह मंत्री मोहसिन नकवी के स्वामित्व वाले निजी टीवी चैनल '24 न्यूजएचडी टीवी' के वाहन पर गोलीबारी की। चैनल के धार्मिक कार्यक्रम के मेजबान न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) नजीर अहमद गाजी और हमजा वाहन में सवार थे। इस हमले में हमजा को गोली लगी जबकि गाजी बाल-बाल बच गए।

### नीदरलैंड्स में जेलेंस्की को अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा

**मिडलबर्ग।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को बृहस्पतिवार को एक समारोह में प्रतिष्ठित इंटरनेशनल फोर फ्रीडम अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। जेलेंस्की को यह पुरस्कार रूस द्वारा चार वर्ष से अधिक समय पहले शुरू किए गए युद्ध के जवाब में उनके और उनके देश के साहस और दृढ़ता के लिए रूजवेल्ट फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया। रूजवेल्ट फाउंडेशन की स्थापना 1982 में की गई थी। फाउंडेशन के अध्यक्ष ह्यूगो डी जोंगे ने बृहस्पति को कहा, हम यूक्रेन की जनता के अटूट साहस और दृढ़ संकल्प व उनके राष्ट्रपति जेलेंस्की के दृढ़ व संकल्पित नेतृत्व को सर्वोच्च सम्मान देते हैं। नीदरलैंड्स के प्रधानमंत्री रॉब जेटेन ने जेलेंस्की को सम्मानित किया।

# ईरान युद्ध : यूरोप में बढ़ा संकट, सिर्फ छह सप्ताह के लिए बचा विमान ईंधन

## आईआईए ने सबसे बड़ा ऊर्जा संकट करार दिया, कहा- युद्ध जारी रहा तो रद्द होंगी उड़ानें

**पेरिस, एजेंसी**

अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के प्रमुख फातिह बिरोल ने बृहस्पतिवार को आगाह किया कि यूरोप के पास संभवतः करीब छह हफ्ते का विमान ईंधन ही बचा है और यदि ईरान युद्ध के कारण तेल आपूर्ति बाधित रहती है तो जल्द ही उड़ानें रद्द करने की नौबत आ सकती हैं।

आईईए के कार्यकारी निदेशक फातिह बिरोल ने एक साक्षात्कार में पश्चिम संकट के वैश्विक प्रभावों की गंभीर स्थिति बयां करते हुए इसे अब तक का सबसे बड़ा ऊर्जा संकट करार दिया जो दरअसल होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए तेल, गैस एवं अन्य महत्वपूर्ण आपूर्ति के बाधित होने से पैदा हुआ है। बिरोल ने कहा, पहले डायर (भयानक) स्ट्रेट्स नाम का एक समूह था। अब यह सचमुच एक डायर स्ट्रेट बन गया है और इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर पड़ेगा। यह जितना लंबा चलेगा, वैश्विक आर्थिक वृद्धि और महंगाई के लिए उतना ही खराब होगा। बिरोल ने कहा कि इसका प्रभाव पेट्रोल (गैसोलीन) की ऊंची कीमतें, गैस की बढ़ती कीमतें और बिजली की महंगी दरों के रूप में दिखाई देगा जबकि दुनिया के कुछ हिस्से दूसरों की तुलना में अधिक प्रभावित होंगे।

उन्होंने कहा, सबसे ज्यादा असर एशियाई देशों पर पड़ेगा जो पश्चिम एशिया से ऊर्जा पर निर्भर हैं जिनमें जापान, दक्षिण कोरिया, भारत, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश शामिल हैं। इसके बाद इसका प्रभाव यूरोप और अमेरिका पर पड़ेगा। उन्होंने आगाह किया कि यदि होर्मुज नहीं खुलता है तो जल्द ही हम यह खबर सुन सकते हैं कि विमान ईंधन की कमी के कारण एक शहर से दूसरे शहर के लिए उड़ानें रद्द की जा सकती हैं।




### अमेरिकी सीनेट में युद्ध रोकने का प्रस्ताव खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सीनेट ने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को रोकने वाले प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इस पहल का 52 सीनेटरों ने विरोध और 47 ने समर्थन किया। यह वोट इस साल चौथी बार है जब सांसदों ने इसकी वैधता और दायरे को लेकर जताई गई चिंताओं के बावजूद औपचारिक मंजूरी के बिना यह युद्ध जारी रखने की अनुमति दी है।

### अराघची ने मुनीर से कहा- गैरकानूनी युद्ध के स्थायी अंत की शर्तों को देंगे प्राथमिकता

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि उनके देश पर थोपे गए गैरकानूनी युद्ध के निर्णायक और स्थायी अंत की शर्तें उनकी प्राथमिकता हैं और अमेरिकी मीडिया में उसके रुख को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम पाकिस्तान के प्रयासों के लिए आभारी हैं और हमने कभी इस्लामाबाद जाने से इन्कार नहीं किया। हमारे लिए अहम है कि हम पर थोपे गए इस गैरकानूनी युद्ध का निर्णायक और स्थायी अंत किन शर्तों पर होगा। अराघची ने बुधवार को तेहरान में पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर से मुलाकात के दौरान यह बात कही। उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे मुनीर के साथ पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय, सुरक्षा संस्थानों और तकनीकी विशेषज्ञों के प्रतिनिधि शामिल थे।

### वार्ता के दूसरे दौर की तारीख अभी तय नहीं : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत के दूसरे दौर के लिए अभी कोई तारीख तय नहीं की गई है। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता ताहिर अंद्राबी का यह बयान उन खबरों के बीच आया है कि पाकिस्तानी पक्ष द्वारा ईरानी नेतृत्व सहित क्षेत्रीय नेताओं के साथ किए गए हालिया संपर्क के बाद बातचीत का एक और दौर संभव है।

### चीन के बदले सुर, कहा- होर्मुज खोलना अंतरराष्ट्रीय समुदाय की साझा मांग

**बीजिंग।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने ईरान से होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए सुरक्षित और निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने को कहा है। तेहरान के अमेरिका के साथ युद्ध के दौरान इस अहम समुद्री मार्ग पर दबाव बढ़ाने के बीच बीजिंग की ओर यह पहली अपील है। वांग यी ने बुधवार को अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची से फोन पर बातचीत के दौरान अंतरराष्ट्रीय नौवहन की स्वतंत्रता और सुरक्षा की गारंटी मांगी। वांग की यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब पाकिस्तान के फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के नेतृत्व में पाकिस्तान का एक मध्यस्थता प्रतिनिधिमंडल बुधवार को तेहरान पहुंचा, जहां उसने इस्लामाबाद में अमेरिका-ईरान के बीच दूसरे दौर की वार्ता के लिए नए शांति प्रस्तावों पर चर्चा की। ईरान का करीबी सहयोगी और उसके तेल का सबसे बड़ा आयातक चीन भी अमेरिकी नाकेबंदी से बढ़ते ऊर्जा संकट को लेकर चिंतित है। इस नाकेबंदी के कारण ईरान के बंदरगाहों से तेल और गैस ले जाने वाले जहाजों की आवाजाही प्रभावित हो रही है।

# विफल हो रहा है अखिल भारतीय सेवा के निर्माण का उद्देश्य..ये देश का दुर्भाग्य

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच अविश्वास को उजागर करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को चुनाव निकाय की ओर से राज्य में 1,000 से अधिक प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के तबादलों को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने टिप्पणी की कि यह देश का दुर्भाग्य है कि अखिल भारतीय सेवाओं के निर्माण का उद्देश्य विफल हो रहा है।

हालांकि सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने इस विवादास्पद कानूनी प्रश्न को भविष्य में विचार के लिए खुला रखा कि क्या निर्वाचन आयोग को चुनाव वाले राज्यों में प्रशासनिक परिवर्तन करने से पहले संबंधित राज्य से परामर्श करने की आवश्यकता है। सीजेआई ने कहा कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर की कवायद में न्यायालय को न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति करनी पड़ी क्योंकि पक्षों के बीच विश्वास की कमी थी। पीठ ने कहा, आयोग को राज्य सरकार के अधिकारियों पर भरोसा नहीं है और राज्य को उनके आयोग द्वारा लाए गए अधिकारियों पर भरोसा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने 31 मार्च के कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया।

पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग द्वारा अधिकारियों के तबादलों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था।सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता अर्का कुमार नाग की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कल्याण बनर्जी ने कहा कि विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद पश्चिम बंगाल में लगभग 1,100 अधिकारियों का रातोंरात तबादला कर दिया गया। पहली बार किसी राज्य के मुख्य सचिव का इस तरह से तबादला किया गया है। पीठ ने टिप्पणी की, ऐसा पहली बार नहीं हुआ है या ऐसा सिर्फ इसी राज्य में नहीं हुआ है। बनर्जी ने कहा कि निर्वाचन आयोग को इस तरह तबादलों से पहले राज्य से परामर्श करने की आवश्यकता है। सीजेआई ने पूछा, जिन अधिकारियों का तबादला हुआ है, वे सभी पश्चिम बंगाल कैडर के हैं। ऐसा नहीं है कि अन्य राज्यों के अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। बनर्जी ने कहा कि याचिकाकर्ता यह तर्क नहीं दे रहा है कि न्यायालय को अधिकारियों के तबादलों पर रोक लगानी चाहिए, बल्कि उसने इस मामले में कानून का एक बहुत ही महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया है। पीठ ने कहा, हम उचित मामले में इस पर निर्णय लेंगे। हम कानून के प्रश्न को खुला रखेंगे।



• सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में अधिकारियों के तबादलों के खिलाफ दायर याचिका पर की टिप्पणी

### मुस्लिम पर्सनल लॉ के प्रावधानों के खिलाफ याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को केंद्र से उस जनहित याचिका पर जवाब मांगा जिसमें मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट, 1937 के कुछ प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई है। याचिका में इन प्रावधानों को इस आधार पर चुनौती दी गई है कि ये महिलाओं के खिलाफ कथित तौर पर भेदभावपूर्ण हैं। सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने याचिकाकर्ताओं पौलोमी पाविनी शुक्ला और न्याय नारी फाउंडेशन की ओर से मामले में पेश हुए वकील प्रशांत भूषण की दलीलों पर गौर किया और केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय को नोटिस जारी किया।

# सैन्य संघर्ष किसी समस्या का हल नहीं हो सकता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि दुनिया एक बेहद तनावपूर्ण स्थिति से गुजर रही है, जिससे सभी देश प्रभावित हो रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह कहते हुए यूक्रेन और पश्चिम एशिया में स्थायी शांति लाने की अपील की कि सैन्य संघर्ष से किसी भी समस्या का हल नहीं हो सकता।

मोदी ने ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर के साथ व्यापक वार्ता के बाद यह टिप्पणी की, जिसमें व्यापार, रक्षा और अवसंरचना के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया गया। अपनी वार्ता में मोदी और स्टॉकर ने पश्चिम एशिया और यूक्रेन में संघर्षों के वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहे प्रभावों पर विस्तार से चर्चा की और उन्हें कम करने के लिए संयुक्त रूप से काम करने का संकल्प लिया। ऑस्ट्रिया के चांसलर विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से चार दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को नयी दिल्ली पहुंचे। भारत की यह उनकी पहली आधिकारिक यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने बयान में कहा, पूरी दुनिया बहुत ही गंभीर और तनावपूर्ण स्थिति से गुजर रही है और यह स्थिति हम सब को प्रभावित कर रही है। ऐसे तनावपूर्ण वैश्विक माहौल में भारत और ऑस्ट्रिया इस बात पर एकमत हैं कि सैन्य संघर्ष से समस्याओं का हल नहीं हो सकता। चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम एक स्थिर, टिकाऊ और स्थायी शांति का समर्थन करते हैं।



• प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रिया के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर के साथ वार्ता के बाद की टिप्पणी

### छह समझौतों पर दोनों पक्षों ने किए हस्ताक्षर

मोदी-स्टॉकर वार्ता के बाद दोनों पक्षों ने छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जिनमें एक समझौता भारतीय और ऑस्ट्रियाई कंपनियों को एक-दूसरे के यहां निवेश करने में सहायता के लिए एक त्वरित तंत्र स्थापित करने से संबंधित है। सैन्य क्षेत्र में सहयोग के लिए भी एक समझौता किया गया। मोदी ने स्टॉकर की यात्रा को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया और भारत में रेलवे के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा पहल सहित कई इंजीनियरिंग परियोजनाओं में ऑस्ट्रियाई कंपनियों की भागीदारी का उल्लेख किया। मोदी ने कहा, भारत-यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता होने के बाद, भारत और यूरोपीय संघ के संबंधों में एक नया स्वर्णिम अध्याय शुरू हो गया है। चांसलर स्टॉकर की यात्रा के साथ, हम भारत-ऑस्ट्रिया संबंधों को भी एक नए युग में ले जा रहे हैं।

### ट्रंप महाभियोग मामले में जांच की सिफारिश

**वॉशिंगटन।** अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले महाभियोग जांच से जुड़े दो पूर्व अधिकारियों के खिलाफ न्याय विभाग (डीओजे) को जांच करने का निर्देश दिया है।

गबार्ड के कार्यालय ने पुष्टि की कि उन्होंने एक व्हिसलब्लोअर और खुफिया समुदाय के एक पूर्व निगरानी अधिकारी के खिलाफ आपराधिक संदर्भ तैयार किए हैं, हालांकि किसी विशेष अपराध का उल्लेख नहीं किया गया है। गबार्ड के कार्यालय के प्रवक्ता ने कहा कि इन संदर्भों पर आपराधिक जांच शुरू करनी है या नहीं, यह निर्णय न्याय विभाग के अभियोजक लेंगे।

# रूस के यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों में हमले, 16 लोगों की मौत

**कीव, एजेंसी**

रूस ने यूक्रेन के नागरिक क्षेत्रों पर कई घंटे तक सैकड़ों ड्रोन और मिसाइलों से हमला किया। इस हमले में 16 लोग मारे गए और 80 से अधिक लोग घायल हो गए। लगभग दो सप्ताह में यूक्रेन को निशाना बनाकर किया गया रूस का यह सबसे बड़ा हवाई हमला था।

अधिकारियों ने बताया कि रूस ने लगभग 700 ड्रोन और कई बैलिस्टिक एवं क्रूज मिसाइलें दागीं, जिनका मुख्य निशाना आम नागरिक थे। रूस ने चार साल से अधिक समय पहले पड़ोसी देश पर आक्रमण किया था और तब से रूसी सेना लगभग हर दिन नागरिक क्षेत्रों पर हमले कर रही है। नियमित हमलों के बीच-बीच में बड़े पैमाने पर हमले भी होते रहते हैं।

संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि इन हमलों में 15,000 से अधिक यूक्रेनी नागरिक मारे गए हैं। ताजा बमबारी यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की इस सप्ताह जर्मनी, नॉर्वे और इटली की 48 घंटे की यात्रा के बाद हुई है। यात्रा के दौरान जेलेंस्की ने रूसी मिसाइलों को रोकने में सक्षम और अधिक वायु रक्षा प्रणालियों की तत्काल मांग की थी।

## सुकून तलाश करने की राह में खतरे भी हैं

# क्या आपकी दीवारें सब देख रही हैं

सोचिए, आप ऑफिस से थके-हारे घर लौटते हैं, दरवाजा अपने आप खुल जाता है, कॉफी मेकर मशीन गरम कॉफी तैयार रखती है और आपकी पसंद का म्यूजिक बजने लगता है। वैसे तो यह जादुई सा लगता है, लेकिन दरअसल इस आराम के पीछे एक ऐसी कीमत है जो आप अनजाने में चुका रहे हैं। आपके घर के स्मार्ट उपकरण चाहे वह स्मार्ट टीवी हो, फ्रिज हो या रोबोट वैक्यूम क्लीनर, वे सिर्फ आपकी सेवा नहीं कर रहे, बल्कि वे आपके निजी जीवन का एक लाइव डेटा मैप भी बना रहे होते हैं।




इंटरनेट ऑफ थिंग्स के इस युग में हर उपकरण इंटरनेट से जुड़ा है। इसका मतलब है कि आपके घर की हर हलचल डेटा बनकर कंपनी के सर्वर पर जा रही है।

### ऐसे समझें यह सारा माजरा



- **रोबोट वैक्यूम का मैप :** रोबोट वैक्यूम क्लीनर पूरे घर का एक थ्री डी मैप बनाता है। उसे पता है कि आपका बेडरूम कितना बड़ा है और घर में कितना फर्नीचर है और आपकी लाइफस्टाइल कैसी है। यह डेटा रियल एस्टेट या फर्नीचर कंपनियों के लिए बहुत कीमती है।
- **स्मार्ट टीवी की नजर :** स्मार्ट टीवी में ऑटोमैटिक कन्टेंट रिकग्नीशन तकनीक होती है। यह न केवल यह ट्रैक करता है कि आप क्या देख रहे हैं, बल्कि टीवी में लगे सेंसर और माइक यह भी जान सकते हैं कि कमरे में कितने लोग बैठे हैं।
- **स्मार्ट फ्रिज और सेहत :** आपका स्मार्ट फ्रिज जानता है कि आप कब दूध खत्म करते हैं और कब शराब या कोल्ड ड्रिंक पीते हैं। यह डेटा आपकी डाइट और स्वास्थ्य की पूरी जानकारी इंश्योरेंस कंपनियों को दे सकता है।



**फैक्ट**

क्या आप जानते हैं कि एक अंतरराष्ट्रीय रिसर्च में पाया गया कि एक औसत स्मार्ट घर दिन भर में लगभग 50 से 100 एमबी डेटा बाहरी सर्वर पर भेजता है। अमेरिका में एक मर्डर केस के दौरान पुलिस ने स्मार्ट वॉटर मीटर के डेटा का इस्तेमाल यह साबित करने के लिए किया था कि आरोपी ने अपराध के वक्त खून साफ करने के लिए बहुत ज्यादा पानी का इस्तेमाल किया था। आपके घर के उपकरण आपके सबसे वफादार गवाह या मुखबिर बन सकते हैं।

### क्या करते हैं वीवीआईपी

कई राष्ट्राध्यक्ष और वीवीआईपी मॉडिफाई किए फोन का उपयोग करते हैं जिसमें से कैमरा या जीपीएस जैसे हार्डवेयर हटा दिए जाते हैं। ऐसे कंप्यूटरों का उपयोग किया जाता है जो कभी इंटरनेट से नहीं जुड़ते। इसे एयर गैपिंग कहा जाता हैं।

### ये जरूरी बातें भी रखें ध्यान

- **डार्क लिसनिंग और स्मार्ट बल्ब**
  क्या आप जानते हैं कि कुछ स्मार्ट बल्ब आपके कमरे की आवाजों के साथ सिंक होते हैं। यानी उनके पास माइक न भी हो तो भी वे बिजली खपत में होने वाले बदलावों से घर के अंदर की हलचल का अंदाजा लगा सकते हैं।
- **घर की प्राइवेसी का लीक होना**
  स्मार्ट सिक्योरिटी कैमरे सबसे खतरनाक हो सकते हैं। अगर इन कैमरों का पासवर्ड कमजोर है या उनकी कंपनी का सर्वर हैक होता है तो कोई अनजान व्यक्ति आपके बेडरूम के अंदर की लाइव फीड देख सकता है।
- **बिजली के मीटर की जासूसी**
  स्मार्ट मीटर बता सकते हैं कि आपने रात को किस वक्त लाइट बंद की, सुबह कितने बजे उठे और कौन से उपकरण जैसे एसी या हीटर का ज्यादा इस्तेमाल करते हैं। यह आपके रूटीन का सटीक ग्राफ है।

### एक्सपर्ट टिप्स

- **कैमरों पर फिजिकल कवर :** अगर आपके स्मार्ट टीवी या लैपटॉप में कैमरा है तो उस पर एक छोटा सा स्टिकर या स्लाइडर लगा दें। सॉफ़्टवेयर पर भरोसा करने से बेहतर है भौतिक सुरक्षा।
- **अलग वाई-फाई नेटवर्क :** स्मार्ट उपकरणों के लिए अलग वाई-फाई नेटवर्क बनाएं। इससे कोई हैकर आपका स्मार्ट बल्ब हैक करेगा तो आपके मुख्य कंप्यूटर या फोन तक नहीं पहुंच पाएगा।
- **म्यूट बटन का प्रयोग :** स्मार्ट स्पीकर्स जैसे एलेक्सा या गूगल होम में फिजिकल म्यूट बटन होता है। जब कोई निजी बात कर रहे हों तो उसे मैन्युअली बंद कर दें।
- **अपडेट्स हैं जरूरी :** अपने हर स्मार्ट उपकरण के फर्मवेयर को समय-समय पर अपडेट करते रहें। पुराने सॉफ़्टवेयर में हैकिंग का खतरा सबसे ज्यादा होता है।

# मेलोनी को साहसी समझा था मगर गलत साबित हुआ

**मिलान/साओ पाओलो।** पोप लियो 14वें का समर्थन करने के कारण इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी भी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निशाने पर आ गई हैं। मेलोनी को कभी यूरोप और डोनाल्ड ट्रंप के बीच सेतु माना जाता था। वहीं, ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला डी सिल्वा ने भी पोप की आलोचना करने के लिए ट्रंप पर निशाना साधा है।

पोप लियो आलोचना करने के बाद ट्रंप ने अपना गुस्सा मेलोनी पर निकाला जो लंबे समय से उनके सबसे करीबी यूरोपीय सहयोगियों में से एक रही हैं। मेलोनी ने पोप पर इस तीखे हमले को अस्वीकार्य बताया था और ईरान पर अमेरिका-इजराइल युद्ध का समर्थन करने से इन्कार कर दिया था। ट्रंप ने इटली के एक प्रमुख दैनिक अखबार को दिए साक्षात्कार में कहा, मुझे लगा था कि उनमें साहस है, लेकिन मैं गलत था। हालांकि मेलोनी ने ट्रंप के हमलों का सीधे तौर पर जवाब नहीं दिया है। बुधवार को ट्रंप ने अपने रुख पर जोर देते हुए कहा कि उनके बीच संबंध खराब हो गए हैं। 'फॉक्स न्यूज' से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, उनका (मेलोनी का) रवैया नकारात्मक रहा है। जिसने भी ईरान के मामले में हमारी मदद करने से इनकार किया है, उनके साथ हमारे संबंध पहले जैसे नहीं रहे।

इस सप्ताह मेलोनी ने पोप पर ट्रंप के हमले को अस्वीकार्य बताया था जो अमेरिकी राष्ट्रपति की अब तक की सबसे सीधी आलोचना थी।



• पोप लियो का समर्थन करने पर इटली की प्रधानमंत्री पर भड़के अमेरिकी राष्ट्रपति

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज कार्यक्षेत्र में नकारात्मक परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक खर्चों पर नियन्त्रण रखें।

**वृष** — आज आपके ऊपर मानसिक दबाव बढ़ सकता है। सिरदर्द की समस्या हो सकती है। माइग्रेन के रोगियों को भोजन और नींद का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

**मिथुन** — आज आय के नए स्रोत बनेंगे, लेकिन आपके खर्च भी बढ़ेंगे। व्यापार को लेकर बड़ी डील हो सकती है।

**कर्क** — आज धन की कमी से रुके कार्य प्रारंभ हो सकते हैं। आपको व्यापार में बड़े अवसर मिल सकते हैं। अपनी पुरानी गलतियों का विश्लेषण करेंगे।

**सिंह** — आज परिजनों का पर्याप्त सहयोग नहीं मिलेगा। कानूनी मामलों में उलझ सकते हैं। बच्चों की सेहत को लेकर चिंता हो सकती है।

**कन्या** — आज नई तकनीक के प्रति अत्यंत आकर्षित रहेंगे। घर में आपका मन नहीं लगेगा। तीर्थस्थल की यात्रा हो सकती है। हिसाब-किताब में पारदर्शिता रखें।

**तुला** — आज आपकी आय में वृद्धि होगी। बच्चे काफी अनुशासित रहेंगे। रिश्तेदारों के घर जाने का अवसर मिलेगा।

**वृश्चिक** — आज विरोधी आपके प्रति सक्रिय रहेंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परीक्षा परिणाम आपके पक्ष में होने की सम्भावना है।

**धनु** — आज आपकी दिनचर्या अत्यन्त व्यवस्थित रहेगी। पारिवारिक तनाव दूर होगा। मन में अज्ञात कारणों से चिन्ता रहेगी।


**मकर** — आज नए प्रेम संबंध विकसित हो सकते हैं। संतान की उन्नति से आप अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे। पूर्व में किया गया निवेश लाभप्रद सिद्ध होगा।

**कुंभ** — आज राजनीति से जुड़े लोगों को सावधान होकर वक्तव्य देना चाहिये। कार्यक्षेत्र का वातावरण आपके अनुकूल रहेगा।

**मीन** — आज अटके हुए काम दोबारा शुरू होंगे। वाहन चलाते समय नियमों का पालन करें। शारीरिक पीड़ा हो सकती है।

### आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com




**आज की ग्रह स्थिति :** 17 अप्रैल, शुक्रवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष- कृष्ण पक्ष, अमावस्या 17 .21 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

**दिशाशूल**-पश्चिम, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-रेवती 12 .02 तक तत्पश्चात अश्विनी।

### सुडोकू - 121 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 7 | 2 | 5 | 4 | 6 | 9 |
| 5 | 6 | 7 | 1 | 4 | 9 | 3 | 8 | 2 |
| 2 | 9 | 4 | 8 | 3 | 6 | 7 | 1 | 5 |
| 6 | 2 | 5 | 4 | 7 | 8 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 1 | 9 | 5 | 6 | 3 | 8 | 2 | 4 |
| 4 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 5 | 7 | 6 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 4 | 2 | 6 | 5 | 7 | 1 | 9 | 8 |
| 9 | 5 | 6 | 3 | 8 | 1 | 2 | 4 | 7 |

### सुडोकू -122

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | | | 5 | | | | |
| | 1 | | | | 9 | | | |
| | | 5 | | | | | | 9 |
| | | | | 6 | 4 | | | |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| 2 | | | 3 | 1 | | 6 | | |
| 5 | | | | 4 | | | 9 | |
| | | | 7 | | | | 1 | |
| | 6 | | | 9 | 2 | | 8 | 4 |

## भारत ने जारी की रिपोर्ट

विश्व भर में अब तक के सर्वाधिक रॉकेट प्रक्षेपित किए गए पिछले साल

# अंतरिक्ष में मानवीय प्रभुत्व बढ़ाने वाला साल रहा 2025

**चेन्नई, एजेंसी**

भारतीय अंतरिक्ष स्थिति जागरूकता रिपोर्ट (इसार-2025) के अनुसार वर्ष 2025 में विश्व भर में अब तक के सबसे अधिक रॉकेट प्रक्षेपित किए गए। इस रिपोर्ट को इसरो के अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन ने कुछ दिन पहले बेंगलुरु में आयोजित ''स्पेसक्राफ्ट मिशन ऑपरेशंस'' (स्मॉप्स-2026) के उद्घाटन सत्र के दौरान जारी किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2025 में कुल 328 रॉकेट प्रक्षेपित किए गए जिनमें से 315 सफल रहे। इन मिशनों के जरिए 4,198 उपग्रहों को उनकी कक्षाओं में स्थापित किया गया।

इस वर्ष अंतरिक्ष में मानव निर्मित वस्तुओं की संख्या में भी भारी बढ़ोतरी हुई और कुल 4,651 नई वस्तुएं अंतरिक्ष में भेजी गईं। इसरो ने बताया कि पिछले वर्षों की तुलना में यह एक बड़ी वृद्धि है, क्योंकि 2024 में 254 प्रक्षेपणों के माध्यम से 2,963 वस्तुएं और 2023 में 212 प्रक्षेपणों के माध्यम से 3,135 वस्तुएं अंतरिक्ष में भेजी गई थीं। भारत की तरफ से 2025 के अंत तक निजी संचालकों और शैक्षणिक संस्थानों सहित कुल 144 अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित किए गए। वर्तमान में भारत के पास निचली कक्षा (एलईओ) में 22 और भू-स्थैतिक कक्षा (जीईओ) में 31 सक्रिय उपग्रह हैं। वहीं, एनवीएस-02 उपग्रह एक अंडाकार कक्षा में अपना काम कर रहा है। इसके अलावा, भारत के दो दूरस्थ अंतरिक्ष मिशन चंद्रयान-2 और आदित्य-एल1 भी पूरी तरह सक्रिय हैं। साल 2025 की एक खास घटना चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल का चंद्रमा के पास से गुजरना रहा। यह मॉड्यूल नवंबर 2023 में पृथ्वी की ऊंची कक्षा में भेजा गया था, जिसने नवंबर 2025 में चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में फिर से प्रवेश किया।



### कचरामुक्त रखें अंतरिक्ष को

रिपोर्ट में अंतरिक्ष को साफ रखने के प्रयासों पर भी जोर दिया गया है। इसरो ने 2030 तक मलबे मुक्त अंतरिक्ष मिशन का लक्ष्य रखा है। इसके तहत अब उपग्रहों के डिजाइन और संचालन में ऐसे बदलाव किए जा रहे हैं जिससे मिशन खत्म होने के बाद वे अंतरिक्ष में कचरा न बनें।



“ऋषभ पंत अपनी विकेट खुद ही गंवा रहे हैं जबकि वह इसके लिए गेंदबाजों को मेहनत नहीं करवा रहे और और इसी वजह से मौजूदा आईपीएल सत्र में लखनऊ सुपर जाएंट्स की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

–नवजोत सिंह सिद्धू


# स्टेडियम

हल्द्वानी, शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


## IPL 2026

### आज के मुकाबले

गुजरात टाइटंस

बनाम

कोलकाता नाइट राइडर्स


समय - शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप



- विराट कोहली बेंगलुरु–228 रन
- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–224 रन
- रजत पाटीदार बेंगलुरु–222 रन


### पर्पल कैप



- प्रसिद्ध कृष्णा गुजरात – 10 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई – 10 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ– 9 विकेट

# क्विंटन डिकॉक के शतक से मुंबई ने पंजाब को दिया 196 रनों का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : शुरुआती झटकों से उबारा, नमन संग शतकीय भागीदारी



रन लेते मुंबई इंडियंस के क्विंटन डिकॉक (बाएं) और नमन धीर। एजेंसी

मुंबई, एजेंसी

सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक के तेजतर्रार शतक और नमन धीर के साथ उनकी शतकीय साझेदारी से मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग में बृहस्पतिवार को यहां पंजाब किंग्स के खिलाफ छह विकेट पर 195 रन बनाए।

मौजूदा सत्र में अपना पहला मैच खेल रहे डिकॉक ने 60 गेंद में सात छक्कों और आठ चौकों से नाबाद 112 रन की पारी खेलने के अलावा नमन धीर (50 रन, 31 गेंद, तीन चौके, तीन छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए उस समय 122 रन की साझेदारी की जब टीम तीसरे ओवर में 12 रन पर दो विकेट गंवाने के बाद संकट में थी। पंजाब की ओर से अर्शदीप सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 22 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अर्शदीप ने उनके फैसले को सही साबित करते हुए तीसरे ओवर में रेयान रिकेल्टन (02) और कप्तान सूर्यकुमार यादव (00) को लगातार गेंदों पर पवेलियन भेजा।

रिकेल्टन ने अर्शदीप की गेंद को बाउंड्री पर शशांक सिंह के हाथों में खेला और इस तेज गेंदबाज का 100वां आईपीएल शिकार बने। अगली गेंद पर सूर्यकुमार भी शॉर्ट थर्ड मैन पर युजवेंद्र चहल के हाथों लपके गए। डिकॉक ने मौजूदा टूर्नामेंट की अपनी पहली गेंद पर मार्को यानसेन (30 रन पर एक विकेट) पर छक्का जड़ा जबकि नमन ने जेवियर बार्टलेट पर चौका मारा। नमन हालांकि 10 रन के स्कोर पर भाग्यशाली रहे जब युजवेंद्र चहल ने यानसेन की गेंद पर शॉर्ट फाइन लेग पर उनका आसान कैच टपका दिया।

नमन ने विजयकुमार वैशाक का स्वागत दो चौकों और एक छक्के के साथ किया और पावर प्ले में मुंबई का स्कोर दो विकेट पर 48 रन तक पहुंचाया। नमन और डिकॉक ने अगले ओवर में चहल पर छक्के मारे। डिकॉक ने चहल पर छक्के और एक रन के साथ 28 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। डिकॉक ने बार्टलेट की लगातार गेंदों पर चौके और छक्के के साथ 11वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। नमन ने भी शशांक (19 रन पर एक विकेट) की गेंद पर एक रन के साथ 29 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन इस तेज गेंदबाज की अगली गेंद को लॉन्ग ऑफ पर बार्टलेट के हाथों में खेल गए।

डिकॉक ने बार्टलेट पर चौके के साथ 53 गेंद में अपना तीसरा आईपीएल शतक पूरा किया। कप्तान हार्दिक पंड्या (14) ने यानसेन पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर शानदार कैच का शिकार बने। उन्होंने अगली गेंद को भी सीधा खेला जो छह रन के लिए जा रही थी लेकिन अय्यर ने गेंद को लपका और बाउंड्री से बाहर जाने से पहले बार्टलेट की ओर उछाल दिया जिन्होंने कैच पकड़ा।

### मुंबई इंडियंस

**195/6** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| रेयान रिकेल्टन का शशांक बो अर्शदीप | 02 |
| क्विंटन डिकॉक नाबाद | 112 |
| सूर्यकुमार यादव का चहल बो अर्शदीप | 00 |
| नमन धीर का बार्टलेट बो शशांक | 50 |
| हार्दिक पंड्या का बार्टलेट बो यानसेन | 14 |
| शेरफेन रदरफोर्ड बो अर्शदीप | 01 |
| तिलक वर्मा रन आउट | 08 |
| मयंक रावत नाबाद | 00 |

**अतिरिक्त** : 08, **विकेट पतन** : 1-12, 2-12, 3-134, 4-175, 5-185, 6-193

**गेंदबाजी** : अर्शदीप 4-0-22-3, यानसेन 4-0-30-1, बार्टलेट 4-0-39-0, वैशाक 3-0-36-0, चहल 3-0-45-0, शशांक 2-0-19-1



अर्शदीप सिंह। एजेंसी

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 1.503 |
| 2. | राजस्थान रॉयल्स | 5 | 4 | 1 | 0 | 8 | 0.889 |
| 3. | पंजाब किंग्स | 4 | 3 | 0 | 1 | 7 | 0.720 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | 0.576 |
| 5. | दिल्ली कैपिटल्स | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | 0.322 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 4 | 2 | 2 | 0 | 4 | -0.029 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाइटंस | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.804 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 5 | 2 | 3 | 0 | 4 | -0.846 |
| 9. | मुंबई इंडियंस | 4 | 1 | 3 | 0 | 2 | -0.772 |
| 10. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 5 | 0 | 4 | 1 | 1 | -1.383 |

## टी-20 प्रारूप में एक ही तरह से गेंदबाजी करके प्रासंगिक नहीं रह सकते : एंगिडी

**नई दिल्ली।** टी20 विश्व कप में बड़े-बड़े बल्लेबाजों को परेशान करने वाली लुंगी एंगिडी की नीचे की ओर गिरती हुई धीमी गेंद (डिपिंग स्लोअर बॉल) इंडियन प्रीमियर लीग में भी बल्लेबाजों के लिए उतनी ही घातक बनी हुई है। एनगिडी ने 2018 में चेन्नई सुपरकिंग्स में ड्वेन ब्रावो के कहने पर अपनी धीमी गेंदों पर काम करना शुरू किया था और खेल के इस सबसे छोटे प्रारूप में इस अहम कला में महारत हासिल करने में उन्हें थोड़ा समय लगा। दक्षिण अफ्रीका और दिल्ली कैपिटल्स के इस तेज गेंदबाज को हैरानी है कि अब सभी उनकी गेंदबाजी विविधताओं के बारे में बात कर रहे हैं जबकि ये वर्षों से उनके खेल का हिस्सा रही हैं। बृहस्पतिवार को चुनिंदा संवाददाताओं से बात करते हुए एनगिडी ने अपनी हाल की सबसे असरदार गेंद के बारे में बात की। एक धीमी गेंद जो बल्लेबाज के पास पहुंचते-पहुंचते नीचे की ओर गिरने लगती है। यह धीमी यॉर्कर, लेंथ गेंद या धीमी बाउंसर हो सकती है। दक्षिण अफ्रीका के इस तेज गेंदबाज ने टी20 विश्व कप के दौरान कहा था यह एक ही गेंद के साथ तीन अलग-अलग लेंथ हैं और बल्लेबाज को यह अंदाजा लगाना होता है कि अगली गेंद कौन सी आने वाली है। बृहस्पतिवार को इस तेज गेंदबाजी से उनकी विविधताओं और टी20 प्रारूप में बल्लेबाजों से आगे रहने में



वह कैसे कामयाब रहे इस बारे में कई सवाल पूछे गए। एनगिडी ने उन सभी का जवाब बहुत ही आसान शब्दों में दिया। एनगिडी ने कहा ऐसा लगता है कि हर कोई हैरान है लेकिन मैं तो वर्षों से धीमी गेंदें डाल रहा हूं। शायद मैं अब उन्हें थोड़ी अधिक फ्लाइट दे रहा हूं। मैं आईपीएल से जुड़े ट्रेंड पर नजर रख रहा हूं। हर कोई तेज गेंदबाजी करना चाहता है। उन्होंने कहा इन जैसी बल्लेबाजी के लिए मददगार पिचों पर आपको कुछ अलग करना पड़ता है। यही एकमात्र तरीका है जिससे आप प्रासंगिक बने रह सकते हैं। बहुत से लोग मेरे से इसके बारे (डिपिंग स्लोअर बॉल के बारे में) पूछते हैं। उन्हें लगता है कि यह आसान है। एनगिडी ने कहा इस गेंद को सही तरीके से डालने में मुझे लगभग एक साल का समय लगा। यह मेरे मुख्य हथियारों में से एक है।

### हाईलाइट

## फ्रेंच ओपन की इनामी राशि में इजाफा

**पेरिस।** फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट की इनामी राशि में लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है जिससे कुल इनामी राशि छह करोड़ 17 लाख यूरो (सात करोड़ 21 लाख डॉलर) हो गई है। यह कुल राशि पिछले साल के मुकाबले 53 लाख यूरो अधिक है। प्रतियोगिता 24 मई को पश्चिमी पेरिस के रोलां गैरो में शुरू होगी। पुरुष और महिला एकल चैंपियन को 28 लाख यूरो और उप विजेता को 14 लाख यूरो मिलेंगे। सेमीफाइनल में पहुंचने वाले खिलाड़ियों को सात लाख 50 हजार यूरो और पहले दौरे में हारने वाले खिलाड़ियों को 87 हजार यूरो मिलेंगे। पुरुष और महिला युगल के विजेताओं को छह लाख यूरो और मिश्रित युगल की चैंपियन जोड़ी को एक लाख 22 हजार यूरो मिलेंगे।

## खलील चोट के कारण आईपीएल से बाहर

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के तेज गेंदबाज खलील अहमद कूल्हे में चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो गए हैं, जो अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश में जुटी इस फ्रेंचाइजी टीम के लिए करारा झटका है। खलील ने सीएसके की तरफ से अभी तक सभी पांच मैच में हिस्सा लिया है। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 14 अप्रैल को खेले गए मैच के दौरान अपने दाहिने कूल्हे में दर्द की शिकायत की थी।

## एशियाई खेलों के पदक पर बरवाल की नजरें

**नई दिल्ली।** हाल में भारतीय एथलेटिक्स का सबसे पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने के बाद मैराथन धावक सावन बरवाल का लक्ष्य एशियाई खेलों में देश के लिए 1982 के बाद इस दूरी का पहला पदक जीतना है। मैराथन में भारत का आखिरी एशियाई खेल पदक होसुर कुक्कप्पा सीतारण ने 1982 में नयी दिल्ली में जीता था। उससे पहले छोटा सिंह ने राष्ट्रीय राजधानी में हुए शुरूआती 1951 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था।

# तेज गेंदबाजी आक्रमण ने आरसीबी को बना दिया खतरनाक टीम

बेंगलुरु, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के वर्तमान सत्र में अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच जीतकर इतिहास रच दिया है और इसमें उसके तेज गेंदबाजों की भूमिका अहम रही।


चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के गेंदबाजों ने सनराइजर्स हैदराबाद, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएके) और लखनऊ सुपर जाएंट्स जैसी टीमों पर हावी रहकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

बदलाव का पहला संकेत 28 मार्च को मिला जब जैकब डफी ने तीन विकेट लेकर सनराइजर्स के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। जोश हेज़लवुड की शुरुआती मैचों में अनुपस्थिति में उन्होंने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई। हैदराबाद के खिलाफ मैच के बाद डफी ने कहा था मैं तो बस उस दिग्गज खिलाड़ी की जगह संभाल रहा हूं। जोश ने पिछले साल यहां बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था, इसलिए उसने जो अच्छा किया था, उसे मैं आगे बढ़ाने की कोशिश करूं।

हेजलवुड ने वापसी करने के बाद अपना जलवा दिखाया और लखनऊ की टीम के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए चार ओवर में 21 रन देकर एक विकेट लिया। इसके लिए उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। आरसीबी के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने मैच के बाद संवाददाताओं से हेजलवुड के बारे में कहा मुझे लगता है कि वह पहले से ज्यादा चुस्त-दुरुस्त दिख रहे हैं। चोट के बाद उन्हें काफी आराम मिला है। इसलिए वह पहले से ज्यादा तेज और फिट हो गए हैं और अब उन्हें अपने शरीर पर पूरा भरोसा है। यह उनकी गेंदबाजी में दिख रहा है। आरसीबी के पास भुवनेश्वर कुमार के रूप में एक नया अन्य उपयोगी तेज गेंदबाज है जिन्होंने हेज़लवुड का साथ देते हुए तीन विकेट लिए। वह अपनी धीमी बाउंसर, यॉर्कर और कम गति वाली गेंद करके बल्लेबाजों को परेशान कर रहे हैं। यही नहीं आरसीबी को रसिक सलाम के रूप में एक उपयोगी तेज गेंदबाज मिला है जिन्होंने पिछले मैच में चार विकेट लिए। अपने इस तेज गेंदबाजी आक्रमण के कारण आरसीबी किसी भी मैदान पर जीत हासिल करने में सक्षम है।



जोश हेजलवुड



भुवनेश्वर कुमार



रसिक सलाम

# पहली जीत के लिए बेताब केकेआर

- घरेलू मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करना चाहेगा गुजरात टाइटन्स

अहमदाबाद, एजेंसी

लगातार खराब प्रदर्शन के कारण दबाव में चल रही कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में शानदार फॉर्म में चल रही गुजरात टाइटन्स के खिलाफ अपनी लय में लौटकर पहली जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। कप्तान अजिंक्य रहाणे और कोच अभिषेक नायर के नेतृत्व में केकेआर की स्पष्ट रणनीति नजर नहीं आ रही है। उसे अब तक पांच मैच में से चार मैच में हार का सामना करना पड़ा है।

हर्षित राणा और आकाश दीप के चोटिल होने तथा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश पर मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर किए जाने के बाद टूर्नामेंट से पहले उसकी गेंदबाजी काफी कमजोर हो गई थी। उसके लिए हालांकि सबसे बड़ी चिंता सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती जैसे स्पिन गेंदबाजों की खराब फॉर्म है। चक्रवर्ती इस टूर्नामेंट में अभी तक एक भी विकेट नहीं ले पाए हैं। केकेआर की समस्याएं मैदान के अंदर और बाहर के कुछ फैसलों के कारण बढ़ गई हैं। टिम सीफर्ट और रचिन रविंद्र जैसे खिलाड़ियों को टीम से बाहर रखने पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि टॉस जीतने के बाद उनके फैसले भी समझ से परे हैं। पंजाब के खिलाफ बारिश के कारण रद्द कर दिए गए मैच में रहाणे ने बल्लेबाजी का फैसला करके सभी को चौंका दिया।



अभ्यास सत्र के दौरान केकेआर के उपकप्तान रिंकू सिंह (दाएं से दूसरे), अंगकृष रघुवंशी (दाएं से तीसरे), वैभव अरोड़ा (बाएं से तीसरे) और अन्य। एजेंसी

### घरेलू मैदान पर जीत हासिल नहीं कर पाया गुजरात

गुजरात टाइटन्स की टीम भी अभी तक अपने घरेलू मैदान पर जीत हासिल नहीं कर पाई है। उसे अभी तक यहां खेले गए एकमात्र मैच में राजस्थान रॉयल्स से हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन इसके बाद उसने विरोधी टीम के मैदानों पर दो जीत हासिल की। उसकी गेंदबाजी मजबूत नजर आ रही है जिसमें प्रसिद्ध कृष्णा अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और राशिद खान ने अपनी लय वापस हासिल कर ली है। शुभमन गिल और जोस बटलर जैसे बल्लेबाजों के फॉर्म में आने से गुजरात टाइटन्स मजबूत नजर आ रही है।

### दिशाहीन नजर आ रही कोलकाता टीम

केकेआर दिशाहीन टीम नजर आ रही है। अभी तक सारा ध्यान कैमरन ग्रीन पर रहा है जिन्हें आंद्रे रसेल की जगह भरने के लिए रिकॉर्ड 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। ऑस्ट्रेलिया का यह ऑलराउंडर उस कीमत को सही ठहराने के लिए संघर्ष कर रहा है, लेकिन वह पांच पारियों में केवल 56 रन ही बना पाए हैं और गेंदबाजी में भी खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए हैं। केकेआर के बल्लेबाजी क्रम में भी स्पष्टता नजर नहीं आती। पिछले मैच में सुनील नारायण को पारी की शुरुआत करने के लिए भेजा गया जबकि रहाणे तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे लेकिन यह दोनों ही बदलाव कारगर साबित नहीं हुए। मनीष पांडे, राहुल त्रिपाठी और सार्थक रंजन जैसे बल्लेबाजों को मौका नहीं मिला है। केकेआर को जीत हासिल करने के लिए रणनीति को बदलना होगा और तीनों विभाग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### सफलता

वह यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं

# वैशाली ने फिडे महिला कैंडिडेट्स जीतकर रचा इतिहास

साइप्रस/ नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय महिला शतरंज खिलाड़ी आर वैशाली ने फिडे विमेंस कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया। वह यह खिताब को जीतने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस उपलब्धि पर वैशाली को बधाई दी।

बुधवार को 14 राउंड के इस मुकाबले में आखिरी राउंड में कतेरीना लाग्नो को हराकर वैशाली ने खिताब अपने नाम किया। इस खिताबी जीत के साथ ही उन्होंने इस साल के आखिर में होने वाली विश्व चैंपियनशिप का टिकट मिल गया है, जहां उनका सामना चीन की जू वेनजुन से होगा। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए आर वैशाली को बधाई दी है। डॉ. मांडविया ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा भारत की नारी शक्ति हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। फिडे महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाली पहली भारतीय बनकर इतिहास रचने पर आर वैशाली को बधाई। पूरे भारत को आप पर गर्व है।



### वर्ष 2023 में तीसरी भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर बनकर किया था कमाल

वैशाली दिसंबर 2023 में कोनेरू हम्पी और डी हरिका के बाद तीसरी भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर बनीं। इसके बाद वह गुपचुप अपने खेल को आगे बढ़ाती रहीं। उन्होंने आयु वर्ग के कई खिताब जीते और 2021 में अंतर्राष्ट्रीय मास्टर का खिताब हासिल किया। इसके बाद 2022 में चेन्नई के मल्लापुरम में शतरंज ओलंपियाड में उन्होंने व्यक्तिगत कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। उन्होंने टीम को भी कांस्य पदक दिलाने में मदद की। कैंडिडेट्स प्रतियोगिता में भी उन्होंने अपना शांत आत्मविश्वास बनाए रखा। उन्हें इस प्रतियोगिता में कमजोर खिलाड़ी माना जा रहा था लेकिन उन्होंने केवल अपने खेल पर ध्यान केंद्रित किया और सभी धारणाओं को गलत साबित कर दिया। नॉर्वे की शतरंज चैंपियन अन्ना मुज़िचुक, महिला विश्व रैपिड चैंपियन एलेक्जेंड्रा गोरियाचकिना, विश्व ब्लिट्ज चैंपियन बिबिसारा असाउबायेवा और चीन की दो सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी झू जिनर और पूर्व कैंडिडेट्स विजेता टैन झोंगयी जैसी दिग्गज खिलाड़ियों की मौजूदगी में उन्हें जीत का प्रबल दावेदार नहीं माना जा रहा था।

### मां की उपस्थिति ही सबसे बड़ी ताकत

**नई दिल्ली।** अपने शांत स्वभाव लेकिन मजबूत आत्मविश्वास वाली कैंडिडेट्स प्रतियोगिता की विजेता आर वैशाली अक्सर अपनी मां के साथ देखी जाती हैं और विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने से पहले यही उनकी ताकत हैं। वह एक ऐसी भारतीय खिलाड़ी हैं जो अपने खेल को ही अपनी पहचान बनने देती हैं। वैशाली के लिए जो चीज सबसे महत्वपूर्ण है वह है उनके घर का माहौल। वह एक ऐसे परिवार से हैं जो पूरी तरह से शतरंज के प्रति समर्पित है और जिसने बिना किसी दिखावे के महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। साइप्रस के पाफोस में खेले गए कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में आठ महिला खिलाड़ियों में सबसे कम रेटिंग वाली खिलाड़ी वैशाली ने अपने शांत खेल और आत्मविश्वास से ही जीत हासिल करके अपनी काबिलियत साबित कर दी।

# मेसी पर अनुबंध के उल्लंघन का आरोप

**मियामी।** स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी पर मियामी स्थित एक ‘इवेंट प्रमोटर’ ने मुकदमा दायर किया है, जिसका कहना है कि इस दिग्गज खिलाड़ी ने पिछले साल एक प्रदर्शनी मैच में अनुपस्थित रहकर 70 लाख डॉलर के अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन किया है।

अदालती रिकॉर्ड के अनुसार विड म्यूजिक ग्रुप ने पिछले महीने मियामी-डेड सर्किट कोर्ट में मेसी और अर्जेंटीना फुटबॉल संघ (एएफए) के खिलाफ धोखाधड़ी और अनुबंध के उल्लंघन का मुकदमा दायर किया था। मेसी और एएफए ने इस संबंध में टिप्पणी के लिए भेजे गए सवालों का तुरंत कोई जवाब नहीं दिया। मेसी को महानतम फुटबॉल खिलाड़ियों में से एक माना जाता है। वह मेजर लीग सॉकर क्लब इंटर मियामी व अर्जेंटीना की राष्ट्रीय टीम दोनों के लिए खेलते हैं।

# बायर्न म्यूनिख चैंपियंस लीग के सेमीफाइनल में

- क्वार्टर फाइनल में रियल मैड्रिड को 4-3 से हराया

म्यूनिख, एजेंसी

बायर्न म्यूनिख ने अपने पुराने प्रतिद्वंद्वी रियल मैड्रिड को हराकर चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। लुइस डियाज़ और माइकल ओलिस के आखिरी क्षणों में किए गए गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने क्वार्टर फाइनल के दूसरे चरण में रियल मैड्रिड पर 4-3 से जीत दर्ज की।

बायर्न म्यूनिख ने पहला चरण 2-1 से जीता था। इस तरह से उसने कुल 6-4 के स्कोर से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। डियाज ने 89वें मिनट और ओलिस ने स्टॉपेज टाइम के चौथे मिनट में गोल करके बायर्न म्यूनिख की जीत सुनिश्चित की। उसकी तरफ से अलेक्जेंडर पावलोविच (छठे) और हैरी केन (38वें) ने पहले हाफ में गोल किए थे। रियल मैड्रिड की तरफ से अर्डा गुलेर ने दो (पहले और 29वें मिनट) तथा किलियन एमबाप्पे (42वें) ने गोल किए। रियाल मैड्रिड के खिलाड़ी 86वें मिनट में एडुवार्डो कैमाविंगा को लाल कार्ड देने के रेफरी के फैसले से संतुष्ट नहीं थे और उन्होंने मैच खत्म होने के बाद उन्हें घेर लिया। जिसके कारण गुलेर को लाल कार्ड दिखाया गया। बायर्न म्यूनिख सेमीफाइनल में मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट-जर्मेन से भिड़ेगा। दूसरा सेमीफाइनल आर्सेनल और एटलेटिको मैड्रिड के बीच खेला जाएगा।